माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 6, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

जलवायु परिवर्तन : नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह 14

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका 13

फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में दिए निर्देश
- दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को लेकर जारी किया था विवादित फतवा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारें में बताया। आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में ''गजवा-ए-हिंद'' की बात कही गई है जो कथित तौर पर भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादत का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा कि यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है। एनसीपीसीआर ने भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है।

आज काला दिवस मनाएंगे किसान, निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

- खनौरी में किसान की मौत मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज करने की मांग
- केंद्रीय मंत्रियों के फूंकेंगे पुतले 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत की घोषणा

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाने के साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच बुधवार को हुई झड़प में किसान शुभकरण सिंह (21) की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे किसानों को पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी सीमा बिंदु पर रोक रखा है। पंजाब के किसान अपनी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए केंद्र से कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। एसकेएम 'दिल्ली चलो' मार्च का हिस्सा नहीं है लेकिन वह इसका समर्थन कर रहा है। उसने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसान आंदोलन की अगुवाई थी। यहां एक बैठक के बाद एसकेएम ने कहा कि किसान 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे। कहा कि किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाताओं से कहा कि खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। बठिंडा जिले के शुभकरण सिंह की संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में पुलिस के साथ कथित झड़प में मौत हो गई थी। इसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने भी प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार को राज्य के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद किसानों की 25-30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने के लिए हरियाणा अर्धसैनिक बल के जवानों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए। पंधेर ने पटियाला में संवाददाताओं से कहा कि पंजाब सरकार इस घटना के सिलसिले में हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज करे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मांग की कि पंजाब सरकार शुभकरण को शहीद का दर्जा दे।

आज बैठक कर तय करेंगे अगली रणनीति

यह घटना तब घटी जब किसान अवरोधकों की ओर तेजी से बढ़े और सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। हरियाणा प्रशासन ने किसानों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्तरीय अवरोधक लगाए हैं। एसकेएम ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर स्थिति की चर्चा करने के लिए गुरुवार को यहां एक बैठक की। पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के कई एसकेएम नेताओं ने इस बैठक में हिस्सा लिया। इन सीमा बिंदुओं पर हजारों किसान 'दिल्ली चलो' आह्वान के तहत डेरा डाले हुए हैं। किसान नेताओं ने एक किसान की मौत हो जाने के बाद बुधवार को यह मार्च दो दिन के लिए रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि वे शुक्रवार शाम को अपना अगला कार्यक्रम तय करेंगे।

सीबीआई का पूर्व राज्यपाल मलिक के परिसरों पर छापा

दिल्ली-मुंबई के अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब हरियाणा, उप्र, बिहार और राजस्थान में जांच

जांच एजेंसी की 100 अधिकारियों की टीम एक साथ सत्यपाल मलिक के 30 ठिकानों पर पहुंची

- दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका, एशियन गेम्स विलेज के साथ गुरुग्राम, बागपत पहुंची टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,200-करोड़ रुपये की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में 30 स्थानों पर सुबह छापे मारे, जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए।

अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसर पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 2,200 करोड़ रुपये के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के कार्य आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इनमें से एक फाइल परियोजना से संबंधित थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व में कहा कि 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के लगभग 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने चौधरी के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के सिलसिले में सीबीआई ने जनवरी में पांच लोगों के आवास पर छापा मारा था।

किरू पनबिजली भ्रष्टाचार मामला

नई दिल्ली के सोम विहार अपार्टमेंट में सीबीआई ने मलिक के परिसरों की तलाशी ली।

मैं किसान का बेटा, इन छापों से डरने वाला नहीं

मलिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं।

संदेशखालि मामला

पश्चिम बंगाल सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखालि की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

ईडी ने केजरीवाल को नया समन जारी किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है।

राम मंदिर निर्माण के बाद भी नफरत की राह पर कांग्रेस

मेहसाणा (गुजरात), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस ने धर्मस्थलों को बनाया विवाद का कारण
- गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (उसके नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं और नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के मेहसाणा जिले में वालीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 8,350 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और उनका शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह कांग्रेस है जिसने दशकों तक देश पर राज किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ (मंदिर) जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ मंदिर में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखायी और दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए और उनके मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।



विरासत को संरक्षित और विकसित करने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात भाजपा सरकार के प्रयास की बदौलत उस स्थिति से उबर चुका है जब 20-25 साल पहले पानी की कमी के कारण सीमित अवसर थे। इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री वालीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास भारत की विरासत को विश्व विरासत के रूप में संरक्षित और विकसित करने का रहा है। गुजरात में भी प्राचीन सभ्यता के कई प्रतीक मौजूद हैं।

एक नजर

सीयूईटी-यूजी में खत्म की जा सकती है अंक सामान्यीकरण व्यवस्था

नई दिल्ली। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी)-यूजी में अंकों के सामान्यीकरण की व्यवस्था को इस वर्ष से समाप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इस अहम परीक्षा में बदलाव करने की योजना बना रही है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल प्रत्येक परीक्षा सत्र में उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट दिए जाते हैं। प्रश्न पत्रों को समान स्तर का बनाने का पूरा प्रयास रहता है, लेकिन संभव है कि किसी पाली में उम्मीदवारों को कुछ कम कठिन प्रश्न मिलें, किसी पाली में कुछ कठिन प्रश्न मिलें। इसके कारण यह भी संभव है कि ऐसे उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करें। इसे दूर करने को प्रतिशत स्कोर के आधार पर अंकों की सामान्यीकरण व्यवस्था की जाती है।

तीन राज्यों में साथ चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस और आप

नई दिल्ली। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनाव दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में मिलकर लड़ने की तैयारी में हैं और दोनों दल जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों दलों के बीच दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों दल जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकते हैं। आप से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आप दक्षिणी, पश्चिमी व उत्तर पश्चिम दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर लड़ेगी जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस ने आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट देने का फैसला किया है। हरियाणा में आप गुरुग्राम या फरीदाबाद में से किसी एक सीट पर चुनाव लड़ेगी जबकि गुजरात में भरूच और भावनगर लोकसभा सीट आप के हिस्से में जा सकती हैं।

उप्र. पुलिस भर्ती बोर्ड ने मांगे पेपर लीक होने के प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आज शाम छह बजे तक तक भेज सकेंगे प्रत्यावेदन, सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का मामला

अमृत विचार : पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के मुताबिक बीते 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो, उसे शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं। बता दें कि परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी/सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन भी किया जा चुका है।

25 मई को खुलेंगे गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मिले हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत बिंद्रा।

देहरादून। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए इस वर्ष 25 मई को खोले जाएंगे तथा 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाएंगे। यह जानकारी गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गुरुवार को सचिवालय में मुलाकात के दौरान दी। बिंद्रा ने मुख्य सचिव को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा घोषित की गई तिथियों को राज्य सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

मलिक व बीवी समेत 6 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मृत व्यक्ति का नाम इस्तेमाल कर सरकारी जमीन हड़पने की रची साजिश
- मलिक का बगीचा प्रकरण में सहायक नगर आयुक्त ने दर्ज कराया मुकदमा

बनभूलपुरा दंगा प्रकरण

अमृत विचार : जिस सरकारी जमीन को हड़पने की साजिश में दंगा भड़का, अब उस मामले में दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के साथ ही उसकी बीवी की गर्दन भी फंस गई।

कूटरचना कर सरकारी जमीन हड़पने, मर चुके व्यक्ति के नाम से शपथ पत्र देने, मरे हुए व्यक्ति के नाम से न्यायालय में रिट देने के मामले में सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने हल्द्वानी कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर साफिया मलिक, अब्दुल मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ घोखाधड़ी सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में कहा गया है कि अब्दुल मलिक, उसकी बीवी साफिया निवासी अब्दुला बिल्डिंग लाइन नंबर आठ, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां पुत्र अशरफ खां निवासी हल्द्वानी, गौस रजा खां पुत्र स्व. अशरफ खां निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर हल्द्वानी और अब्दुल लतीफ निवासी बरेली उत्तर प्रदेश ने कूटरचित प्रार्थना पत्र दिए। साथ ही मृत व्यक्ति का शपथ पत्र देकर राजकीय जमीन, जिसे मलिक का बगीचा कहते हैं को हड़पने, खुर्द-बुर्द करने, बेचने का आपराधिक षडयंत्र रचा। सरकारी विभागों और कोर्ट में मृत व्यक्ति के नाम से झूठे शपथ पत्र दिए। मरे हुए व्यक्ति के नाम से भी कोर्ट में रिट डाली।

> सहायक नगर आयुक्त की तहरीर के आधार पर अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गयाौ। जांच की जा रही है। -प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल

गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक रूसी स्कीयर की मौत, 6 को बचाया

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी

- नेशनल कान्फ्रेंस के नेता उमर भी यहां कर रहे थे स्कीइंग

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित छह लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने अपराह्न करीब दो बजे गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलान को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें कई स्कीयर दब गए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने बर्फ के अंदर दबे छह रूसी स्कीयर और गाइड को बाहर निकाल लिया है। एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के गश्ती दल बचाव-सह-तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन में फंसे लोगों को निकालने और प्रभावी बचाव अभियान के लिए हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पर्यटन विभाग के गुलमर्ग स्की गश्त और पुलिस के बीच समन्वित अभियान की वजह से छह रूसी स्कीयर और एक स्थानीय गाइड को हिमस्खलन के बाद गुलमर्ग के ऊंचाई वाले इलाके से सफलतापूर्वक बचाया गया। गुलमर्ग के इस ऊंचाई वाले इलाके को आर्मी रिज कहा जाता है। उन्होंने बताया कि एक रूसी स्कीयर की हिमस्खलन के कारण दर्दनाक मौत हो गई। प्रवक्ता के मुताबिक, इस घटना की वजह से चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल प्रभावित नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने कहा कि गुलमर्ग में चल रहे 'चौथे खेलो इंडिया' शीतकालीन खेल में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला स्वयं बुधवार को गुलमर्ग में स्कीइंग कर रहे थे। उन्होंने सभी स्कीयर की सलामती की प्रार्थना की है।

हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ व चंपावत के लिए हेली सेवा शुरू

सुविधा : देहरादून से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर सेवा का वर्चुअल रूप से की शुरूआत

संवाददाता, हल्द्वानी

- आवागमन सुविधा के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी मिलेगी सहायता

अमृत विचार : हल्द्वानी से तीन स्थानों के लिए हवाई सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों में भी मदद मिलेगी।

राज्य में लंबे समय से हेली सेवा की मांग चल रही थी। गौलापार स्थित हेलीपैड से 7 सीटर हेलीकॉप्टर प्रतिदिन 2-2 उड़ानें हल्द्वानी से चंपावत, पिथौरागढ़ व मुनस्यारी को चलाई गई हैं। हेरिटेज एविएशन कंपनी ने इसका किराया भी तय किया है। हल्द्वानी से चंपावत 2500 रुपये, हल्द्वानी से पिथौरागढ़ 3000 रुपये व हल्द्वानी से मुनस्यारी 3500 रुपये का टिकट है।

हेलीकॉप्टर सेवा की वर्चुअल शुरूआत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

वर्चुअल संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस हवाई सेवा की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने व लोगों को आवागमन के लिए सुविधा प्रदान करने में यह सेवा सक्षम होगी। आपात समय में राहत व बचाव कार्यों में भी प्रभावी होगी। विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन के साथ लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा होगी।

दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पर्यटन व हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना (उड़े देश का हर नागरिक) के तहत हवाई सेवा शुरू की गई थी। इस सेवा से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को काफी लाभ होगा। बताया कि पिथौरागढ़ व चंपावत के विकास के लिए केंद्र ने 140 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कार्यक्रम को विधायक विशन सिंह चुफ़ाल, अपर सचिव नागरिक उड्डयन सी रवि शंकर के साथ ही मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत तथा हल्द्वानी से जुड़े जन प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर जोगिंदर सिंह रौतेला, गिरीश जोशी, गणेश भंडारी, दीपिका बोरा, धन सिंह, प्रदीप रावत आदि मौजूद रहे।

कैंची बाइपास पर बनाया जाएगा 260 मीटर लंबा टनल

हरी हरतपा रोड पर होगा हाईटेक टनल का निर्माण, एनएच प्रशासन ने सर्वे पूरा किया, उच्चाधिकारियों को भेजी रिपोर्ट, कवायद तेज

▸▸ केंद्रीय सड़क व भूतल मंत्रालय से हरी झंडी मिलने का इंतजार

संवाददाता, गरमपानी

कैंची धाम मंदिर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर सुप्रसिद्ध कैंची धाम को मंदिर माला मिशन में शामिल होने के बाद व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने की कवायद तेज हो गई है। क्षेत्र को जाम से निजात दिलाने को तैयार होने वाले बाइपास पर टनल निर्माण प्रस्तावित कर दिया गया है। दो किमी बनने वाले बाइपास में करीब 260 मीटर लंबाई का टनल निर्माण किया जाएगा।

एनएच के सहायक अभियंता के अनुसार सर्वे कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है जहां से रिपोर्ट स्वीकृति को केंद्रीय सड़क व भूतल मंत्रालय भेजी जाएगी। हाइवे पर स्थित सुप्रसिद्ध कैंची धाम देश विदेश के लाखों श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र है। रोजाना हजारों श्रद्धालु बाबा नीम करौरी के दर पर मत्था टेकने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देख व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने की कवायद भी तेज हो गई है। धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग अस्तित्व में आ चुकी है।

हेली सेवा के लिए भी जमीन तलाशी जा रही है। वहीं अब जाम से निजात को कैंची क्षेत्र में बाइपास निर्माण की कवायद भी तेज हो गई है। हाइवे से हली - हरतपा रोड होते हुए बनने वाला दो किलोमीटर बाइपास से पहाड़ से आने जाने वाले वाहन कैंची मुख्य बाजार में न जाकर बाइपास से आवाजाही करेंगे। एनएच प्रशासन ने बकायदा बाइपास निर्माण को सर्वे भी पूरा कर लिया है। खास बात यह है की बाइपास में करीब 260 मीटर हाइटेक टनल का निर्माण भी किया जाएगा। संबंधित विभाग ने पहाड़ी से गिरने वाले मलबे व पत्थरों से बचाव व आसपास की आबादी को बचाने के लिए बाइपास में टनल निर्माण प्रस्तावित किया है। विभागीय अधिकारियों ने दावा किया है कि टनल निर्माण से आवाजाही सुरक्षित हो सकेंगी। एनएच के सहायक अभियंता रमेश चंद्र पांडे के अनुसार 260 मीटर टनल निर्माण का सर्वे पूरा कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। केंद्रीय सड़क व भूतल मंत्रालय से भी टनल को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है।

स्थानीय व्यापारियों ने जाम से निजात दिलाने की मांग

▸▸ फ्लाई ओवर बने तो हो समस्या का समाधान

▸▸ स्थानीय व्यापारियों ने समस्या बताई और समाधान के लिए सुझाव बताए

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : कैंची धाम और उसके आसपास लगने वाले आए दिन जाम को लेकर स्थानीय व्यापारियों और कारोबारी ने प्रशासन-शासन और सरकार से एक फ्लाईओवर बनाने का सुझाव दिया है।

स्थानीय होटल व्यवसायी अखिलेश सेमवाल के नेतृत्व में मिले कारोबारियों ने अवगत कराया कि कैंची धाम में आए दिन जाम लगता है। इस जाम में जहां धाम के दर्शन करने वाले श्रद्धालु फंसते हैं वहीं गरमपानी अल्मोड़ा या उससे आगे जाने वाले यात्री भी परेशान रहते हैं। पर्वतीय क्षेत्र से मैदानी क्षेत्र को जाने वाली रोगी वाहन भी आए दिन जाम में फंसे रहते हैं।

जाम से सभी लोग परेशान रहते हैं। जिन लोगों को आसपास होटल में ठहरना भी होता है तो वह भी घंटे जाम में फंसे रहते हैं। इसके समाधान के लिए यदि कोई अन्य मार्ग या एक फ्लाई ओवर का निर्माण हो जाए तो जिन लोगों को कैंची धाम न जाना हो वह इस मार्ग या फ्लाईओवर से गुजर सकते हैं।

-अखिलेश सेमवाल, स्थानीय होटल व्यवसायी

समस्या के समाधान के लिए सुझाव एक फ्लाई ओवर या फिर एक अन्य मार्ग जो कि कैंची धाम से बाहर ही बाहर गुजरता हो उसका निर्माण किया जाए ताकि जिन लोगों को कैंची धाम न जाना हो वह इस मार्ग का प्रयोग करें और वहीं मार्ग के बन जाने से कैंची धाम में यातायात जाम से निजात मिलेगी। तय किया गया कि मांग के संबध में क्षेत्र का शिष्टमंडल कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मिलेगा और सुझाव पर कार्रवाई की मांग करेगा। इस दौरान कारोबारी भवन तिवारी, नीरज तिवारी जीना, रूचिर मौजूद थे।

जल संस्थान प्रबंधक से मिलते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पेयजल की समस्या से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में गर्मी प्रारंभ होने से पूर्व ही पेयजल समस्या के निदान की मांग जोर पकड़ने लगी है।

भाजपा और सामाजिक कार्यकर्ताओं का शिष्टमंडल कमला आर्या के नेतृत्व में प्रबंधक जल संस्थान से मिला। उन्होंने भीमताल नगर क्षेत्र के अन्तर्गत सेंट्रल स्कूल के समीप के पंप की क्षमता को बढ़ाने, जंगलियागांव और निशौला पंप में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाने, विनायक के समीप के निवासियों और बिलासपुर के लिए नियमित तौर पर पानी की आपूर्ति करने की मांग को प्रमुखता से रखा। मंडल अध्यक्ष कमला आर्या ने बताया कि भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में पंपों में अतिरिक्त पंप की व्यवस्था नहीं होने के कारण कई दिनों तक पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है। मिलने वालों में महामंत्री योगेश तिवारी, कमलेश रावत, मंडल कार्यालय प्रभारी दीपक पांडे, मीडिया प्रभारी संदीप पांडे, बीडी पलड़िया, पूरन बृजवासी, आईटी मीडिया प्रभारी मीनाक्षी, राजेश सांगुड़ी आदि शामिल थे।

आउटसोर्सिंग कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू

▸▸ पालिका में अस्थायी कर्मचारियों के लिए कंपनी बदली जाएगी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर पालिका में अस्थायी कर्मचारियों के लिए आउटसोर्स कंपनी का चयन ओपन टेंडर के जरिए किया जाएगा। बीते करीब दस वर्ष से एक ही व्यक्ति की कंपनी को ठेका दिए जाने के बाद अब पालिका प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। इसके लिए शासन से पत्राचार कर लिया गया है। अनुमति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

पालिका के कार्यालय में व पर्यावरण मित्रों के रूप में 130 से अधिक कर्मचारी आउटसोर्स पर कार्य करते हैं। इसके लिए पालिका स्तर पर आउटसोर्स कंपनी को ठेका दिया गया है। 2013 के बाद से एक ही कंपनी के नाम ठेका चलता आ रहा है। इसे बिना ओपन टेंडर के ठेका हर वर्ष आगे बढ़ा दिया जाता है। इसे देखते हुए पालिका प्रबंधन ने इस वर्ष आउटसोर्सिंग कंपनी निर्धारण के लिए ओपन टेंडर कराने का निर्णय लिया है।

ईओ राहुल आनंद ने बताया कि आउटसोर्स पर कर्मचारी रखने के लिए शासन से अनुमति लेनी होती है। पालिका में कर्मियों की नियुक्ति की जरूरत को बताते हुए शासन स्तर से पत्राचार कर लिया गया है। अनुमति मिलते ही ओपन टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

कोटाबाग, रामनगर, भीमताल हल्द्वानी में उगाएंगे बासमती

▸▸ जैविक उत्पादों का लाभ अधिक लेने के संबंध में हुई बैठक

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकास भवन सभागार में प्रकृति जैव-खाद्य सीमित सोनीपत (हरियाणा) की कंपनी के प्रतिनिधि और कृषि अधिकारी-भूमि संरक्षण अधिकारियों के मध्य जैविक उत्पादों का अधिक उत्पादन-कृषकों को अधिक लाभ देने आदि मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव ने बताया कि जिले में कंपनी के प्रतिनिधि के साथ वार्ता कर खरीफ वर्ष 2024 में धान के क्षेत्रफल को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जैविक उत्पादों के संदर्भ में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

जैविक बासमती के उत्पादन के लिए विकासखंड कोटाबाग, बेतालघाट, रामनगर, भीमताल और हल्द्वानी को चिन्हित किया गया है। वर्ष 2024 खरीफ के लिए कृषकों की जैविक बासमती को 5000 रुपये प्रति क्विंटल होगी। जिससे कृषकों को अपने जैविक बासमती धान का उचित मूल्य प्राप्त होने की सुरक्षा मिलेगी। इस दौरान परियोजना प्रबन्धक प्रतिनिधि रवि राजूरा, एलटी फाउंडेशन के अध्यक्ष बहादुर सिंह बजवाल आदि मौजूद रहे।

तापमान में गिरावट ठंड में हुआ इजाफा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बीते कुछ दिनों से तापमान में हुई बढ़ोतरी से नगर में ठंड का एहसास कम होने लगा था। लेकिन गुरुवार सुबह से नगर में हल्की धूप खिली रही बावजूद ठंडी हवाओं के चलते अचानक से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

इसके चलते सुबह से ही काफी ठंड होने लगी। गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को कई इलाकों में बारिश की भविष्यवाणी की गई थी। नैनीताल में बारिश तो नहीं हुई लेकिन तापमान में गिरावट से ठंड में इजाफा हुआ।

पंत पार्क में गर्म कपड़ों में चहलकदमी करते सैलानी।

लोगों को अभी भी बारिश व हिमपात का इंतजार है क्योंकि बीते वर्ष भी फरवरी में बारिश व हिमपात हुआ था। अगर ऐसा होता है तो ये नैनीताल की पहचान नैनीझील के लिए वरदान साबित होगी।

दिन में चटक धूप, रात को गिर रहा पारा

हल्द्वानी : दोपहर के समय हल्द्वानी में चटक धूप निकल रही है। जिससे लोगों को हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है। रात के समय तापमान में गिरावट आ रही है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया। साथ ही न्यूनतम तापमान 8 .4 डिग्री रहा।

9 मार्च तक होगा शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन

भीमताल : समस्त राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों, निजी विद्यालयों, महाविद्यालय में वर्ष 2023-24 के लिए समाज कल्याण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीकृत छात्राओं का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाने का भी प्रावधान है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्व दशम तथा दशमोत्तरी कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने के लिए जनपद में जांच अधिकारी नामित किए गए है। उन्हें भौतिक सत्यापन का कार्य 9 मार्च से पहले पूरा करना है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

सार-संक्षेप

लोकसभा चुनाव को लेकर महिलाओं का जागरूक किया

जागरूकता अभियान को लेकर शपथ लेतीं महिलाएं।

भीमताल : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जनपद नैनीताल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लोकसभा चुनावो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़ कर जागरुकता अभियान चलाने का आह्वान किया गया। सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि महिलाओं द्वारा मतदाता जागरुकता के लिए रैली, महिला चौपाल, ऐपण, मेहंदी प्रतियोगिता आदि आयोजित किए जा रहे हैं।

लाभार्थियों को 35 हजार के चेक बांटे

जंगलिया गांव में आयोजित बैठक में चेक बांटते अधिकारी।

भीमताल : उज्जवला स्वायित्व सहकारिता थपलिया मेहरा गांव के निदेशक मंडल की बैठक जंगलियागांव पंचायत घर में ग्राम प्रधान राधा कुलियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 35 हजार की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। साथ ही महिला कार्य बोझ को कम करने के लिए कृषि यंत्रों को उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।

पेंशन योजनाओं की समीक्षा की

समाज कल्याण विभाग कार्यालय का निरीक्षण करते उपनिदेशक। ● अमृत विचार

भीमताल : उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग प्रकाश वृजवाल ने समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया और विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति, अटल आवास और पेंशन योजनाओं की समीक्षा की। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल शामिल रहे।

ग्रामीणों का धरना जारी, मानकों की जांच की मांग

कालाढूंगी : गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एथेनॉल प्लांट के निर्माण के मानकों की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों का तहसील परिसर में धरना सप्ताह भर से जारी है। गुरुवार को धरने पर बैठे लोगों ने मांग है कि जब तक स्थलीय निरीक्षण के साथ मानकों की उच्च स्तरीय जांच नहीं की जाती उनका धरना चलता रहेगा।

हल्द्वानी मार्ग के किनारे निर्माण सामग्री से हादसों का खतरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल हल्द्वानी सड़क में हनुमान गढ़ी क्षेत्र में बीते कई महीनों से लगातार निर्माण सामग्री पत्थर व रेता उतारा जा रहा है। सड़क किनारे फैल रही रेता दुर्घटना का कारण बन रही है। इसके बावजूद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

बीते लंबे समय से नैनीताल हल्द्वानी सड़क में हनुमान गढ़ी के समीप सड़क किनारे ट्रकों से निर्माण सामग्री रेता बजरी जमा की जा रही है। स्थानीय ठेकेदार रोजाना सड़क किनारे रेता, बजरी व पत्थर उतार रहे हैं। जहां से पिकअप में भरकर निर्माण सामग्री नगर में भेजी जा रही है। लेकिन सामग्री उतारने भरने के दौरान रेता सड़क में बिखर रही है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के गिरने का खतरा बन रहा है। लेकिन विभाग सड़क में रेता बजरी उतारने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग किनारे जमा निर्माण सामग्री। ● अमृत विचार

इसके चलते हनुमान गढ़ी तक कई स्थानों में सड़क के किनारे पत्थर, रेता व बजरी के ढेर लग रहे हैं। इससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। इधर मामले में एनएच के सहायक अभियंता मदन थापा ने बताया कि स्थनीय लोगों द्वारा सड़क किनारे उतारा गया रेता कई बार विभागीय जेसीबी से हटाया गया है। एक बार फिर विभाग की जेसीबी मशीन भेजकर सड़क किनारे जमा रेता, बजरी व पत्थर को हटवाया जाएगा। साथ ही सड़क पर निर्माण सामग्री उतारते पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

जुजुत्सु चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में होने वाले आगामी चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। 23 फरवरी से 25 फरवरी तक देहरादून के मल्टीपरपज हॉल परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस चैंपियनशिप के लिए शहर के सीनियर खिलाड़ी बालक वर्ग में प्रिंस लखेरा, आदर्श शर्मा, विकी मुखिया, विशाल मेहता, पार्थ वर्मा, पारस रौतेला, कुनाल सागर व बालिका वर्ग में उन्नति बिष्ट, सुहानी बिष्ट, मीनाक्षी ऐरी, गायत्री राजपूत का चयन हुआ है। जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ नैनीताल के महासचिव विनोद लखेरा ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन जुजुत्सु स्टेट चैंपियनशिप-2023 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर किया गया है।

जुजुत्सु सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी। ● अमृत विचार

झूठे मुकदमे में फंसाया कोर्ट ने बरी किया

हल्द्वानी : तमंचे से फायर झोंकने और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को बरी कर दिया। मामले में आरोपी की ओ्र से पैरवी कर रहे अधिवक्ता हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा ने बताया कि इरशाद अली ने अली शेर के के खिलाफ चोरगलिया थाने में धारा 504, 506, 323 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि 10 दिसंबर 2020 को वह जंगल के रास्ते से अपने घर जा रहा था। रास्ते में अली शेर और चार अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की और तमंचे से हवाई फायर किया। पुलिस जांच में हवाई फायर करने या तमंचे से गोली चलना साबित नहीं हुई। अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने गवाहों से की गई प्रतिपरीक्षा में उक्त घटना में कई विरोधाभास होने, वादी के मुकदमा खनन से जुड़े होने व मुलजिम के घर और जमीन में खुदाई करने की व्यक्तिगत राग द्वेष के कारण अभियुक्त के ऊपर दबाव बनाने की नीयत से झूठी तहरीर देने को साबित करने में सफल रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

बनभूलपुरा में रुपये बांटने वाले पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी : भाजपा नेता कमल जोशी मुनि और पीषूष चतुर्वेदी ने बनभूलपुरा क्षेत्र में रुपये बांटने वाले सलमान पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें सलमान और उसके साथ सैयद अयूब लोगों को भड़काने की बातें कर रहा है। कहा कि इन युवकों के पास रुपये बांटने के लिए कहां से इतना रुपया आया, इसकी भी जांच करनी चाहिए।

28 से होंगी रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

हल्द्वानी : महिला महाविद्याय में रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि घोषित हो गई है। 28 और 29 फरवरी को परीक्षा होगी। सभी छात्राओं को रिकॉर्ड बुक के साथ सुबह नौ बजे प्रयोगशाला में पहुंचना होगा।

दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक ने बीवी साफिया समेत छह लोगों के साथ मिलकर रचा था सरकारी जमीन हथियाने का षड्यंत्र

मुर्दे को जिंदा दिखाकर कंपनी बाग को बना डाला मलिक का बगीचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा के नाम से पूरे शहर में कहीं भी जमीन नहीं है। बल्कि दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उसकी बीवी साफिया मलिक ने अपने गुर्गों के साथ मिल कर उस मुर्दे को कई साल बाद जिंदा कर दिया, जिसे 13 बीघा जमीन बाग के लिए लीज पर मिली थी। इसी मुर्दे को कागजों में फिर से जिंदा कर आरोपियों ने कंपनी बाग की इस 13 बीघा जमीन को मलिक का बगीचा बना डाला, लेकिन अब इनकी गर्दन पर कानून का शिकंजा और कस चुका है।

मामले में जानकारी देते हुए नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि कंपनी बाग की 13 बीघा जमीन को खुर्द-बुर्द करने के लिए अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक सहित छह लोगों ने कागजों में षड्यंत्र रचा। ये 13 बीघा जमीन नबी रजा खां को बाग के लिए लीज पर मिली थी। नबी के मरने के बाद उसके नाम से आरोपियों ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। जब नबी जमीन फ्री होल्ड नहीं हुई तो 10 रुपये से 100 रुपये के स्टांप पर जमीन को टुकड़े-टुकड़े कर बेच डाला गया। नगर निगम ने इस जमीन से संबंधित कागजों की जांच की तो कई तथ्य चौंकाने वाले सामने आए। मलिक का बगीचा की निगम में कंपनी बाग नाम से नजूल अनुभाग में फाइल है। नबी खां को ये बाग लीज में मिला था। सईदा बेगम पत्नी नबी रजा खां, सलीम रजा खां पुत्र नबी रजा खां, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां ने 1991 में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हल्द्वानी को एक शपथ पत्र दिया था। जिसमें कहा था कि नबी रजा खां की मृत्यु 3 अक्तूबर 1988 को हो गई थी। इसी झूठे शपथ पत्र के आधार पर रिट भी डाली गई।

नबी की मौत के 19 साल बाद डाली गई रिट

हल्द्वानी : नबी रजा खां की मौत वर्ष 1988 में हो गई थी। जबकि वर्ष 2007 में कोर्ट में एक रिट अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां और नबी रजा खां पुत्र अशरफ खां की ओर से डाली गई। इस रिट में जो शपथ पत्र नोटरी किया लगाया गया, उसमें नबी रजा खां की उम्र 55 वर्ष दर्शायी गई। ये शपथ पत्र 9 अगस्त 2007 को सत्यापित कराया गया। रिट में नबी रजा खां और अख्तरी बेगम की ओर से जिलाधिकारी को फ्री होल्ड के लिए भेजे गए पत्रों को आधार बनाया गया है। ये पत्र जिलाधिकारी को 8 जून 2006 और अनुस्मारक पत्र 28 मई 2007 को भेजा गया है। अब सवाल यही है कि जब नबी 1988 में ही मर गए थे तो उनके नाम से रिट किसने डाली? शपथ पत्र कैसे बना और कैसे सत्यापित हो गया?

- नबी रजा खां को बाग के लिए लीज पर मिला था 13 बीघा कंपनी बाग
- फ्री होल्ड नहीं हुई जमीन तो टुकड़े-टुकड़े कर बेच डाली

ऐसे रडार पर आई मास्टर माइंड की बीवी

हल्द्वानी : अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक ने 2024 में एक शपथ पत्र न्यायालय को दिया है। उसमें कहा गया है कि लीज होल्डर नबी रजा खां ने उनके पिता स्व. हनीफ खां को 1994 में हिबा में दी थी। अब सवाल उठ रहे हैं कि जब नबी रजा खां 1988 में मर गए थे तो 1994 में हिबा में ये जमीन कैसे साफिया मलिक को मिली।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग चार दिन में देगा दंगे की रिपोर्ट

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने बनभूलपुरा के लोगों से की बात, लोगों की मांग- निर्दोषों को प्रताड़ित नहीं किया जाए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने सर्किट हाउस में बनभूलपुरा के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से भी वार्ता की। साथ ही राज्य अल्पसंख्यक आयोग को घटना की जांच कर चार दिन में रिपोर्ट देने को कहा है।

सर्किट हाउस काठगोदाम में बनभूलपुरा क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और आमजनता से सुझाव लिए गए और कहा कि क्षेत्र में अमन बहाल रहे, आपसी भाईचारा हो, लोग सुरक्षित रहें। अल्पसंख्यक आयोग ने सभी के साथ विचार विमर्श किया और सहयोग करने की अपील की। स्थानीय लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। लोगों ने कहा कि यह साम्प्रदायिक घटना नहीं है, जो लोग इस कुकृत्य में शामिल हैं उन्हें सजा अवश्य मिले। लोगों ने मांग की कि किसी भी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जाए।

लालपुरा ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम से दंगे की घटना की रिपोर्ट चार दिन में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को देने के लिए कहा है। बैठक में डीएम वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एपी बाजपेयी, एएसपी हरबंश सिंह, एसडीएम पारितोष वर्मा के साथ ही महबूब अली, इसरार, कैलाश जोशी, फिरदोरा, इस्लाम हुसैन, बासित खान, राजा कमाल, जहीर अंसारी, मो. अंसारी आदि शामिल रहे।

घटना के लिए पुलिस और प्रशासन जिम्मेदार : भाकपा माले : भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय और केके बोरा ने बनभूलपुरा में हुई हिंसा की घटना को प्रशासन और पुलिस की विफलता बताया। आरोप लगाया कि हिंसा रोकने में डीएम और एसएसपी विफल रहे, उन्हें तत्काल निलंबित करना चाहिए। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय पर आरोप लगाया कि वह मामले को निरंतर उकसाते रहे। घटना की जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में सेवारत न्यायाधीश से कराने की मांग की।

सर्किट हाउस में बनभूलपुरा में हुए दंगे में पीड़ित परिवारों से बातचीत करते राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा। ● अमृत विचार

शिकायत

1 घर में घुसकर लोगों ने की हिंसा

गांधीनगर क्षेत्र की रहने वाली सबा परवीन सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं ने बताया कि उनके साथ कुछ लोग सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। उनके घरों में घुसकर सामान के साथ तोड़-फोड़ की गई है। यहां तक की उनकी धार्मिक भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ किया गया है।

2 दुकानें नहीं खोलने दी जा रहीं

मो. इस्लाम और पप्पू अली ने बताया कि कठघरिया, लामाचौड़ क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की 40 से 45 दुकानें हैं। ये दुकानें किराए पर ली गई हैं। इन दुकानों में बारबर, बढ़ई, लोहा वैल्डिंग, दर्जी जैसी दुकानें हैं। बताया कि घटना के बाद से ही ये दुकानें बंद हैं। पहले तो कर्फ्यू की वजह से इन दुकानों को बंद करना पड़ा था लेकिन कर्फ्यू के बाद भी दुकानें नहीं खोलने दी जा रहीं हैं।

निष्पक्ष जांच की मांग

हल्द्वानी : इमाम मो. अकरम ने कहा कि डर और भय का माहौल खत्म हो। प्रशासन और पुलिस के साथ भी ज्यादती हुई है। घटना के दोषियों को सजा मिले। हालांकि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के पास भी ऐसे वीडियो हैं जिनमें अल्पसंख्यकों के खिलाफ काफी कुछ कहा जा रहा है। घटना की निष्पक्ष जांच के बाद ही दोषियों को सजा दी सकती है।

फोन किया और डीएम ने भिजवाई मदद

हल्द्वानी : बनभूलपुरा निवासी एक छात्रा ने बताया कि कर्फ्यू के दौरान उन्होंने सीधे डीएम वंदना सिंह के मोबाइल नंबर पर कॉल किया और घर में जरूरी सामान खत्म होने की समस्या बताई। डीएम की ओर से तुरंत ही परिवार को मदद भेजी गई। लड़की के पिता ने बताया कि दंगे के बाद भी जिस तरह से केवल सात दिनों में ही डीएम ने शहर के हालात सामान्य कर दिए, यह सराहना की बात है। वहीं कुछ और लोगों ने भी पुलिस और प्रशासन की सराहना की।

छठा वांटेड अयाज भी गिरफ्तार, तीन फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस की आंखों में लगातार धूल झोंक रहा बनभूलपुरा दंगे का छठा वांटेड अयाज अहमद भी हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने अयाज समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पांच वांटेड की गिरफ्तारी पहले ही कर चुकी है। जबकि मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत तीन वांटेड की तलाश अब भी जारी है। पुलिस इस मामले में अब तक 78 दंगाइयों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देश्यीय भवन में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि फरार चल रहे वांटेड वार्ड 26 निवासी अयाज अहमद पुत्र हाफिज शकील को हिंसा के 15वें दिन गिरफ्तार कर लिया है। अयाज के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई भी पुलिस कर चुकी है। इसके अलावा पुलिस ने बनभूलपुरा थाने में आगजनी और क्षेत्र में हिंसा भड़काने के आरोपी वार्ड 31 निवासी मोहम्मद समीर पुत्र चांद, वार्ड 32 निवासी जावेद कुरैशी और नगर निगम की ओर से हिंसा में दर्ज कराए गए मामले में मोहम्मदी चौक निवासी मोहम्मद फिरोज पुत्र अहमद रजा को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि वांटेड अब्दुल मालिक, अब्दुल मोईद और रईस उर्फ दत्तू के खिलाफ दबिश की कार्रवाई जारी है।

अब तक 78

- अयाज अहमद समेत पुलिस ने की चार और गिरफ्तारी
- अब तक 78 दंगाई पुलिस ने पहुंचाए सलाखों के पीछे

इनकी है तलाश

1. अब्दुल मलिक
2. अब्दुल मोईद
3. रईस उर्फ दत्तू

इन की हो चुकी है गिरफ्तारी

1. शकील अंसारी
2. वसीम उर्फ हप्पा
3. मौकिन सैफी
4. अयाज अहमद
5. तस्लीम
6. जियाउल रहमान

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं होगा बर्दाश्तः मिश्रा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आईएएस विशाल मिश्रा ने हल्द्वानी में नगर आयुक्त का पद संभाल लिया है। उन्होंने आते ही स्पष्ट कर दिया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

विशाल मिश्रा उत्तराखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले आईएएस मिश्रा ऊधम सिंह नगर जिले में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। आईएएस मिश्रा ने साल 2020 में कोरोना के चरम काल में उपजिलाधिकारी रुद्रपुर का कार्यभार संभाला था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नगर आयुक्त हल्द्वानी का पद पीसीएस अधिकारी संभालते थे। विशाल मिश्रा पहले नगर आयुक्त हैं जो आईएएस कैडर के हैं। उनसे पहले यह पद संभाल रहे पीसीएस पंकज उपाध्याय अब एडीएम नजूल ऊधमसिंह नगर बनाए गए हैं।

हवाई सेवा का शुभारंभ करते विधायक मोहन सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला।

दून से अयोध्या, अमृतसर के लिए भी शुरू होगी हवाई सेवा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कुछ दिन पूर्व ही जोलीग्रांट एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शुभारंभ किया है। शीघ्र ही जोलीग्रांट एयरपोर्ट से पायलट प्रोजेक्ट के तहत देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर, देहरादून-अयोध्या रूट्स पर भी एयर कनेक्टिविटी शुरू की जाएगी। यही नहीं आगामी समय में त्रिजुगीनारायण, लैंसडाउन आदि स्थानों के लिए भी हेली सेवा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून से पिथौरागढ़ तक फिक्सड विंग एयरक्राफ्ट सेवा बीते 30 जनवरी से शुरू की जा चुकी है। इस सेवा के शुरू होने से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने के लिए नया और बेहतर विकल्प मिला है। इसके साथ ही प्रदेश के रमणिक क्षेत्रों का हवाई माध्यम से दर्शन करने हेतु जॉय राइड सेवा, हिमालयन दर्शन आदि सेवाएं भी प्रस्तावित हैं।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगिंदर पाल, उपजिलाधिकारी सदर पारितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार व हैरिटेज एविएशन के सीईओ रोहित माथुर, जनरल मैनेजर मनीष भंडारी, पायलट कैप्टन प्रताप, मनीष कुमार, इंजीनियर कुंदन कुमार आदि रहे।

> हवाई सेवा से विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन होने के साथ लोगों को आवागमन में सुविधा होगी व रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

> हवाई सेवा से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को काफी लाभ प्राप्त होगा। – **अजय भट्ट**, केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री

> यह हेली सेवा पहाड़ की जनता के लिए हेली यात्रा ही नहीं अपितु जीवनदयानी साबित होगी। – **डॉ. मोहन सिंह बिष्ट**, विधायक, लालकुआं

> इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। वर्ष 2018 में भी एक प्रयास किया गया लेकिन अब उड़ान सेवा का शुभारंभ हो गया है। – **रोहित माथुर**, सीईओ, हैरिटेज एविएशन

पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां हम जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बना रहे हैं, वहीं पंतनगर एयरपोर्ट को भी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही प्रदेश के रमणिक क्षेत्रों का हवाई माध्यम से दर्शन करने हेतु 'जॉय राइड सेवा', 'हिमालयन दर्शन' आदि सेवाएं भी प्रस्तावित हैं तथा इन सेवाओं के प्रारंभ होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

डेढ़ घंटे में पहुंचे मुनस्यारी

इधर, दोपहर 12.05 बजे हल्द्वानी से मुनस्यारी को चली पहली हवाई सेवा में सफर करने वाले बीएस रावत ने कहा कि यात्रा बहुत अच्छी रही। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह टैक्सी किराए पर लेकर मुनस्यारी जाते थे, तो 8-9 हजार रुपये व 10 घंटे लगते थे लेकिन हवाई यात्रा में उन्होंने यह सफर करीब डेढ़ घंटे में पूरा किया।

यात्रियों का टोटा, गैर जरूरी लोगों ने काटी मौज

हल्द्वानी : हल्द्वानी से पहाड़ों के लिए हवाई सेवा शुरू कर दी गई। यात्री तो मिले नहीं लेकिन हवाई सेवा में गैर जरूरी लोगों ने खूब मौज काटी। गुरुवार को हल्द्वानी से चंपावत, पिथौरागढ़ व मुनस्यारी के लिए शुरू हुई हवाई सेवा में यात्रियों की भारी कमी रही। हल्द्वानी से मुनस्यारी के लिए भेजी गई पहली हवाई सेवा में पायलट व को पायलट के अलावा कुल 4 सवारियों ने सफर किया, जिसमें तीन गैर जरूरी लोगों ने मुफ्त में ही सफर कर लिया। इन लोगों को मुफ्त में हवाई सेवा क्यों करवाई जा रही है, इसका जवाब कंपनी के पास नहीं था। सिर्फ एक सवारी ने टिकट लेकर सफर किया। यही हाल इसके बाद भेजी गई हवाई सेवाओं में भी देखने को मिला। चंपावत की हवाई सेवा में भी 4 गैर जरूरी लोगों ने मुफ्त में यात्रा की। आलम यह रहा कि हवाई सेवा में यात्रियों का टोटा रहा व गैर जरूरी लोगों ने मुफ्त में मौज काटी। बताया जा रहा है हवाई सेवा में मुफ्त में मौज काटने वाले प्रशासनिक अधिकारियों से सिफारिश लगवा रहे थे। इन अधिकारियों ने आंखें मूंदकर गैर जरूरी लोगों को जमकर मुफ्त में यात्रा करवाई।

नजर उत्तराखंड से नेपाल जाने के लिए चोर रास्तों की भरमार, सीमा पर चौकसी में कहीं देर तो नहीं हो गई

न वीजा चाहिए न पासपोर्ट, दो घंटे में हल्द्वानी से नेपाल बार्डर पार

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : तस्करों के लिए भारत-नेपाल के बीच चोर रास्ते हमेशा से मददगार रहे हैं और अगर पुलिस की चौकसी में चूक हुई है तो बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक कभी का नेपाल पहुंच चुका होगा। क्योंकि हल्द्वानी से नेपाल में दाखिल होने के लिए न तो वीजा चाहिए और न ही पासपोर्ट। उल्टा उत्तराखंड की सीमा से नेपाल में दाखिल होने के लिए हल्द्वानी से सिर्फ दो घंटे चाहिए। हालांकि पुलिस ऐसा मान रही है कि मलिक अभी भारत में ही है।

अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद के साथ फरार है। न तो मलिक की पत्नी का पता है और न ही मोईद की। माना जा रहा है कि दोनों साथ हैं। मलिक और मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो चुका है।

ऐसे में कानूनी तरीके से दोनों देश नहीं छोड़ सकते, लेकिन बनबसा और टनकपुर से जुड़े ऐसे तमाम चोर रास्ते हैं, जो दोनों को बिना किसी रोक-टोक के नेपाल पहुंचा सकते हैं। इन चोर रास्तों की जानकारी रखने वालों का कहना है कि धारचूला, झूलाघाट, चम्पावत और बनबसा में ऐसे रास्तों की भरमार हैं, जिनका इस्तेमाल तस्कर करते हैं। धारचूला पहुंचने के बाद नदी को ट्यूब और रस्सी के सहारे पार किया जाता है। झूलाघाट में रोड के साथ चोर हैं। चम्पावत जिले के पंचेश्वर से नेपाल के लिए रास्ता है। इसी जिले का तल्लादेश इसी बात से लिए प्रसिद्ध है। बूम और टनकपुर के साथ बनबसा के चोर रास्ते भी मलिक के भाग निकलने के लिए बिल्कुल मुफीद हैं।

टीजे सड़क पर जगह-जगह लूज प्वाइंट

टनकपुर के रुपाली घाट से धारचूला जाने वाली टीजे सड़क नेपाल बार्डर से होकर गुजरती है। इस लंबी सड़क की जगह-दगह निगरानी भी आसान नही हैं। तस्करी की आशंका होकर पूर्व विधायक पूरन फर्त्याल हाईकोर्ट पहुंच गए थे। ये सड़क काली नदी के पास होते हुए नेपाल बार्डर के किनारे से गुजरती है। पूर्णागिरी मंदिर के नीचे से होकर गुजरने वाली सड़क तक पहुंचना हर किसी के लिए मुफीद है। यहां जगह-जगह ट्रालियां भी लगी हैं। पंचेश्वर में ट्रॉली के साथ सीमा पाकर करने के लिए कई जगह रस्सियां लगी हैं।

बारिश भी दे सकती है मलिक का साथ

भारत और नेपाल के बीच नदी है और इसी नदी को दोनों देश की सीमा माना जाता है। बारिश के दिनों में कहीं काली, सरयू तो कहीं शारदी कही जाने वाली नदियां उफान पर होती हैं और इन्हें पार करने का मतलब जान जोखिम में डालना होता, लेकिन सर्दी के इस सीजन में बारिश नहीं हुई। जिससे न तो नदी किनारे जंगल घने हुए और न ही नदियां उफान पर हैं। ऐसे में जंगल से होकर जाने में खतरा भी कम है और नदी को भी आसानी से पार किया जा सकता है। एसएसबी की मुस्तैदी तो होती है, लेकिन हर स्थान पर निगहबानी मुम्किन नहीं है।

ब्रह्मदेव मंदिर में होती है मौज-मस्ती

उत्तराखंड के चम्पावत जिले का एक छोटा का शहर है टनकपुर। टनकपुर नेपाल बॉर्डर पर बसा है। टनकपुर से करीब ढाई किलोमीटर दूर है ब्रह्मदेव मंदिर। ये मंडी नेपाल में है, लेकिन टनकपुर से चंद मिनट की दूरी पर। टनकपुर से ब्रह्मदेव मंदिर आने-जाने के लिए किसी भी तरह की रोक-टोक नहीं है। लोग बाइक और साइकिल से भी आना-जाना करते हैं। शाम ढलते ही मंडी में मौज-मस्ती का दौर शुरू हो जाता है। यहीं एसएसबी का चेकपोस्ट भी है, लेकिन एसएसपी की बारीक नजर अक्सर तस्करों पर होती है।

सार-संक्षेप

चारधाम मंदिर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

चारधाम मंदिर में लगाया रक्तदान शिविर

हल्द्वानी : जयपुर पाडली में स्थित चारधाम मंदिर में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी कौस्तुभ पडलिया की पांचवीं पुण्यतिथि पर जयपुर पाडली के ग्राम प्रधान कमल पडलिया ने रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया। इसमें 40 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक किया गया। कमल पडलिया ने बताया कि पूर्व में भी स्व. कौस्तुभ पडलिया की पुण्यतिथि पर रक्तदान व राशन वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने कौस्तुभ पडलिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला महाविद्यालय में मतदान की अपील के साथ छात्राओं ने मेहंदी लगाई।

मेहंदी लगाकर मतदान के लिए किया जागरूक

हल्द्वानी : महिला महाविद्यालय में छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। हाथ में मेहंदी से मतदान करने की अपील संबंधित स्लोगन लिखे गए। स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया। प्रतियोगिता में काजल आर्या, अजर हलीम, रितु बोरा, कविता बिष्ट, प्रियंका कांडपाल, गीता पांडे स्नेहा, अंजलि नीतिका पांडे, अंजना राय, हर्षिता उप्रेती, सलोनी बोरा, बबीता सक्सेना, नैना चौहान, खुशी शर्मा, गुंजन, रंजीत मिश्रा, इंदिरा दिव्यदर्शनी, प्राची गिरी, रीतिका आर्या ने प्रतिभाग किया। हाथों में मेहंदी से वोट देने की अपील की गई। इस दौरान प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित, डॉ. बीना जोशी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. रश्मि पंत, डॉ. फकीर नेगी, डॉ. मंजरी, डॉ रूचि रजवार, डॉ. रेखा जोशी आदि थे।

दिल्ली के लिए खरीदी जाएंगी 75 सीएनजी बसें

नियमित कार्मिकों को 2 किश्तों में होगा सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान, निगम की बोर्ड बैठक में लिए फैसले

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: परिवहन निगम की बोर्ड बैठक में निगम की 130 बसों की खरीद का अनुमोदन किया गया है। इसके साथ ही कई अन्य मुद्दों पर निर्णय लिए गए हैं। देहरादून स्थित परिवहन निगम मुख्यालय में गुरुवार को निदेशक मंडल की बैठक हुई।

बैठक में दिल्ली एनसीआर में बसों के संचालन के लिए पर्वतीय मार्गों से दिल्ली के लिए 100 बसें डीजल युक्त बीएस-6 और मैदानी मार्गों से दिल्ली के लिए 75 सीएनजी बसें खरीदे जाने और दिल्ली के लिए 100 सीएनजी बसें अनुबंध के आधार पर लगाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही निगम के नियमित कार्मिकों को सातवें वेतनमान का 1 जनवरी 2017 से 30 सितंबर 2017 तक की अवधि के एरियर का भुगतान 2 किश्तों में किए जाने का निर्णय लिया गया है। कार्मिकों व पेंशनधारकों को जुलाई 2023 से महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 42 प्रतिशत से बढ़ाकर 46 प्रतिशत किये जाने का अनुमोदन करने के साथ ही शासन से अनुमति प्राप्त किये जाने के निर्देश दिए हैं। सेवानिवृत्त कार्मिकों को ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण के मद में महंगाई भत्ते की अंतर धनराशि के भुगतान किये जाने और उत्तराखंड सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण (संशोधन) नियमावली को अंगीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना ने बोर्ड बैठक में कर्मचारियों के हित में लिए गए फैसलों का स्वागत किया है।

रोडवेज बस अड्डा बना बाल भिक्षुकों का अड्डा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ए दादा, पैसा दे दो, कुछ खिला दो, ए बाबू भूख लगी है पैसे दे दो, खाना दे दो। यात्रियों के हाथ को ठसकाते हुए भीख मांगने वाले बच्चे इसी तरह स्टेशन में यात्रियों को परेशान करते हैं। हल्द्वानी बस अड्डा भीख मांगने वाले इन बच्चों के लिए सबसे मुफीद अड्डा बन चुका है।

भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चे यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। भीख मांगने वाले ये बच्चे यात्रियों की जेब में हाथ डालने से नहीं कतराते और मौका देखकर उनकी जेब भी साफ कर देते हैं। बच्चे बस के अंदर जाकर यात्रियों से रुपये लेने के लिए कई प्रकार के हथकंडे अपनाते हैं। डांट-फटकार के बावजूद बच्चे रुपयों के लिए जिद पर अड़े रहते हैं जिससे अक्सर यात्री परेशान रहते हैं। गुरुवार को भी स्टेशन में कई बच्चे भीख मांगते हुए नजर आए।

ये बसों में चढ़कर प्रत्येक यात्री के पास जाकर भीख मांगते हैं। इन बच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिए कई चाइल्ड लाइन संस्थाएं पंजीकृत हैं। लेकिन ये संस्थाएं केवल कागजों में ही काम कर रहे हैं और धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। हल्द्वानी की बात करें तो यहां रेलवे स्टेशन, रोडवेज स्टेशन, मंदिरों, स्कूल और कॉलेजों के बाहर कई बच्चे भीख मांगते हुए नजर आ जाते हैं। पुलिस और चाइल्ड लाइन संस्थाएं भी भिक्षावृत्ति रोकने के लिए अभियान चलाकर खानापूर्ति करती हैं। अभियान का असर कुछ ही समय बाद समाप्त हो जाता है और बच्चे फिर से भिक्षावृत्ति में संलिप्त हो जाते हैं।

रोडवेज कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चे कई बार दूसरे जिलों के होते हैं। उन्हें कुछ लोग लेकर आते हैं और अपने फायदे के लिए भिक्षावृत्ति कराते हैं।

रोडवेज स्टेशन में यात्रियों को घेरे हुए भीख मांगने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

कर्मचारी और स्टेशन के दुकानदार भी परेशान

भीख मांगने वाले बच्चों से रोडवेज कर्मचारी भी परेशान हैं। उनका कहना है कि वह बच्चों को डरा-धमका कर भगा देते हैं लेकिन कुछ घंटों के बाद फिर वह स्टेशन में नजर आने लगते हैं। इसी तरह स्टेशन के दुकानदार भी इनसे परेशान हैं। दुकानदारों ने बताया कि भीख मांगने वाले बच्चे पहले तो खाने के लिए बिस्किट, नमकीन आदि मांगते हैं और जब उनको नहीं देते हैं तो कई बार वह सामान चोरी कर लेते हैं।

चाइल्ड लाइन संस्था नहीं करती है अपना काम

रोडवेज हल्द्वानी में धरोहर विकास संस्था का चाइल्ड हेल्पलाइन का बोर्ड लगा हुआ है। रोडवेज कर्मचारियों का कहना है कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने के बावजूद कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं आता। कर्मचारियों ने बताया कि कई बार वह अपने स्तर से भीख मांगने वाले बच्चों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास कर चुके हैं लेकिन शासन-प्रशासन और अन्य संस्थाओं की मदद न मिलने के कारण उनका प्रयास विफल हो जाता है।

धरोहर संस्था कर रही बच्चों को जागरूक

नैनीताल जिले की चाइल्ड हेल्पलाइन की कोऑर्डिनेटर किरन पंत ने बताया कि पूर्व में अलग-अलग निजी संस्थाएं ऐसे बच्चों के लिए काम करती थीं। रोडवेज स्टेशन के लिए धरोहर नामक संस्था काम करती थी जो अब जिले की चाइल्ड हेल्पलाइन के अंतर्गत काम करती है। इस संबंध में कुछ दिनों पूर्व पूरे जिले के लिए एक ही चाइल्ड हेल्पलाइन का गठन किया गया है जो इनके लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर उनकी टीम संबंधित जगह पर जाती है और भीख मांगने वाले बच्चों को जागरुक करती है। बताया कि कुछ दिनों पूर्व उनकी टीम ने रोडवेज स्टेशन और एमबीपीजी कॉलेज के बाहर से कुछ बच्चों को जागरुक किया था। बताया कि ऐसे बच्चों के लिए सर्वे किया जा रहा है और जागरूकता के लिए मलिन बस्तियों में कैंप भी लगाए जा रहे हैं। कैंप के माध्यम से बच्चों को भिक्षावृत्ति छोड़ने और शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है। ऐसे बच्चों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

200 फल उत्पादकों ने उठाया बागवानी योजना का लाभ

संवाददाता, गरमपानी

पहल

- अनुदान पर लीं प्लास्टिक की क्रेट व गत्ते की पेटियां
- सुयालबाड़ी स्थित उद्यान केंद्र में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार : मुख्यमंत्री बागवानी विकास योजना के तहत रामगढ़ ब्लॉक के फल उत्पादक किसानों को अनुदान पर प्लास्टिक की क्रेट व गत्ते की पेटियां वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दे लाभ उठाने का आह्वान भी किया गया। उद्यान केंद्र प्रभारी कुंदन सिंह डसीला के अनुसार विभिन्न गांवों के लगभग दो सौ किसानों को सामग्री वितरित की गई है।

सुयालबाड़ी स्थित उद्यान केंद्र में हुए कार्यक्रम में आसपास के छियोडी, धूरा, सिरसा, जौरासी, सुयालबाड़ी, सुयालखेत, ढोकाने आदि तमाम गांवों से पहुंचे सैकड़ों फल उत्पादकों को फलों को सुरक्षित ढंग से बड़ी मंडियों तक पहुंचाने को क्रेट व गत्ते की पेटियां वितरित की गई।

विभाग ने किसानों को अनुदान पर प्लास्टिक की क्रेट 120 जबकि गत्ते की पेटियां 22 रुपये कीमत की दर से वितरित की। लगभग दो सौ से भी ज्यादा फल उत्पादक किसानों को सामग्री वितरित की गई। विभागीय अधिकारियों ने फल उत्पादक किसानों को फलों में लगने वाली बिमारियों व बचाव के तौर तरीके भी बताए। समय समय पर होने वाले छिड़काव का महत्व भी बताया। सरकार से संचालित योजनाओं की जानकारी दे लाभ उठाने का आह्वान भी किया गया। केंद्र प्रभारी कुंदन सिंह डसीला के अनुसार किसानों के समुचित क्रेट व गत्ते की पेटियां उपलब्ध है। इस दौरान राजेश कुमार, तारा सिंह महारा, हरीश सिंह, कुबेर सिंह, चंदन सिंह, किसन सिंह, राम सिंह, दौलत सिंह, राजेंद्र सिंह, महेश कुमार, किशोर कुमार समेत तमाम कास्तकार मौजूद रहे।

32.52 करोड़ से बनाए जाएंगे तीन मार्ग : कैड़ा

भीमताल : ओखलकांडा व धारी ब्लॉक में 32.52 करोड़ से तीन मार्गों का डामरीकरण किया जाएगा।

विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि भीमताल विस के अंतर्गत ओखलकांडा के छीड़ाखान से अधोड़ा मिडार व पतलोट से पस्या, धारी ब्लॉक के कालापातल से सलियाकोट मोटर मार्गों का वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ था। इससे सुदूर इलाकों के ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। किसानों को अपने उत्पाद मंडी तक लाने में खासी दिक्कत होती थी तो विद्यार्थियों को भी स्कूल-कॉलेज जाने में पसीना बहाना पड़ता था। इसको देखते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत डीपीआर बनाकर शासन को भेजी गई। इसमें छीड़ाखान से अधोड़ा मिडार मार्ग के लिए 19.25 करोड़, पतलोट से कौडार-पस्या मोटर मार्ग को 7.56 करोड़, कालापातल से सलियाकोट मोटर मार्ग को 5.71 करोड़ का डामरीकरण व पुर्ननिर्माण के लिए मंजूरी मिल गई है।

संगठनात्मक कार्यों के लिए एकजुटता का लिया संकल्प

संवाददाता, गरमपानी

तैयारी

- भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में अहम बिंदुओं पर चर्चा
- लाभार्थी कार्यशाला के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी

अमृत विचार: महिला सभागार गरमपानी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। लाभार्थी अभियान के तहत बूथ वार होने वाले कार्यक्रम की रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम की सफलता को पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान भी किया गया।

गरमपानी स्थित सभागार में देवेंद्र सिंह ढेला की अध्यक्षता में हुई भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती को एकजुटता से जुटने की अपील की गई। मंडल स्तर पर संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई। वक्ताओं ने बूथ स्तर पर होने वाली लाभार्थी कार्यशाला के विषय पर जानकारी साझा की। देवेन्द्र सिंह ढेला ने कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सूदूर गांवों के अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला जीना ने महिला मोर्चा के कार्यक्रमों के बारे में बताया। वक्ताओं ने कहा संगठन से जुड़े कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से पूरा करना होगा। बूथ वार होने वाले कार्यक्रमों की सफलता को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सोबन सिंह, प्रकाश आर्या, उमेश बर्गली, मनीष तिवारी, राकेश कपिल, गोविन्द सिंह नेगी, दीवान सिंह, भुवन सिंह, हीरा सिंह, आशा बिष्ट, खष्टी देवी, ममता देवी, शांति देवी, लाभाशु सिंह, भगवत सिंह, नंदन सिंह, जसौद सिंह, गोधन सिंह आदि मौजूद रहे।

अभिविन्यास कार्यक्रम की जानकारी देते शिक्षक। ● अमृत विचार

शोधार्थियों को मौलिकता पर ध्यान देने की जरूरत

रामनगर: पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में शोधार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊं विश्वविद्यालय से शोध उपाधि के लिए महाविद्यालय में शोधरत छात्र-छात्राओं को प्री पीएचडी कोर्सवर्क की जानकारी दी गई। अभिविन्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एमसी पांडे ने की। उन्होंने शोधार्थियों को शोध की मौलिकता एवं उपादेयता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रो. अनुमिता अग्रवाल ने शोधार्थियों को आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग शोध कार्य में करने हेतु प्रोत्साहित किया। संचालन शोध एवं प्रसार संयोजक डॉ.निवेदिता अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर आरडी सिंह, प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. शंकर मंडल मौजूद रहे।

खैरना के मॉल व दुकान में मिली एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री

संवाददाता, गरमपानी

छापा

- जन औषधि केंद्र में मिली दूसरी कंपनी की दवाइयां
- मॉल व जन औषधि केंद्र संचालक पर शिकंजा कसने की तैयारी

अमृत विचार: अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर चार विभागों के चले संयुक्त निरीक्षण अभियान से हड़कंप मच गया। खैरना क्षेत्र में संचालित मॉल व एक अन्य दुकान में एक्सपायर डेट की खाद्य सामग्री पाई गई जबकि जन औषधि केंद्र में दूसरी कंपनी की दवाइयां मिलने पर दुकान संचालक को नोटिस दिया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदार व मॉल संचालक के खिलाफ सक्षम अपर जिलाधिकारी कार्यालय में मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रशासन, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा तथ औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने गरमपानी खैरना बाजार क्षेत्र में विशेष चैकिंग अभियान चलाकर मेडिकल व जनरल स्टोरों का निरीक्षण किया। एकाएक चले अभियान से पूरे बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने एक एक कर कई दुकानों में खाद्यान्न सामग्री का निरीक्षण किया। खैरना बाजार क्षेत्र में संचालित मॉल में टीम ने पुरानी खाद्यान्न सामग्री को नया दर्शाकर बेचने का मामला पकड़ा। दाल व मशालों पर पुराने प्रिंट के उपर अलग से पर्ची लगाई गई थी। इसके अलावा तेल, बादाम, जिंजर गार्लिक पेस्ट, साबुत दाना, पोहा, किसमिस आदि एक्सपायरी होने के बावजूद बिर्की के लिए रखी गई थी। क्षेत्र में स्थित दूसरी दुकान में भी बिस्कुट व दाल मखनी मशाला के पैकेट एक्सपायरी डेट के मिले। वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक अधिकारी असलम खान के अनुसार मॉल व दुकान संचालक के खिलाफ सक्षम न्यायालय में वाद दर्ज करवाया जाएगा। पांच मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में जन औषधि केंद्र पर दूसरी कंपनी की दवाइयां मिलने पर संचालक को नोटिस दिया गया। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मिनाक्षी बिष्ट ने मेडिकल स्टोर स्वामियों को प्रतिबंधित दवाइयां न बेचने के निर्देश दिए। दुकानदारों को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा मिलावटी खाद्य सुरक्षा न बेचने की भी अपील की गई।

भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का श्रीगणेश हो गया। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली। कथा व्यास पंडित खजान चंद्र पंत ने कहा की कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने मात्र से ही भक्ति की प्राप्ति हो जाती है।

बेतालघाट ब्लॉक के आमबाड़ी व घंघरेठी गांव के समीप स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धर्माचार्यों ने यजमान दीवान सिंह जलाल व रवि वर्मा से विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कोसी नदी से जल भरकर गांव होते हुए मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के जयकारों से समूची कोसी घाटी गूंजायमान हो उठी। भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो उठा। कथा व्यास पंडित खजान चंद्र पंत ने कहा की श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ से सब तरह के पाप का नाश होता है। मंहत भगवान गिरी की देखरेख में शुरु हुए धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के तिवाड़ी गांव, बर्धो, बढेरी, नैनीचैक, बसगांव, सोनगांव, बेतालघाट, सेठी, अमेल आदि गांवों से सैकड़ों भक्त कथा श्रवण को पहुंचे।

इस दौरान बीबीसी धीरज सिंह मेहरा, जीवन वर्मा, जीवन खंडूरी, गोपाल सिंह मेहरा, विनोद मेहरा, केसर सिंह मनोज हाल्सी आदि मौजूद रहे।

12 सेंटरों में प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को पहरेदार ही नहीं

संवाददाता, गरमपानी

सतर्कता

- शिक्षा विभाग ने किया युवा कल्याण विभाग को पत्राचार
- सभी 12 विद्यालयों के लिए मांगे दो-दो पीआरडी जवान

अमृत विचार: गांवों में शिक्षा व्यवस्था राम भरोसे संचालित है तो वहीं कर्मचारियों का भी बड़ा संकट गहरा गया है। बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के करीब 12 विद्यालयों में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं होनी है पर विद्यालयों में रात्री पहरेदारों की तक तैनाती नहीं है। ऐसे में परीक्षा पत्र की सुरक्षा पर तमाम सवाल गहरा गए हैं। विद्यालयों में रात्रि के समय पहरेदारों की तैनाती न होने से सवाल खड़े होने लाजिमी है। शिक्षा विभाग के अधिकारी युवा कल्याण विभाग से पीआरडी जवानों की तैनाती करवाए जाने का दावा कर रहे है।

उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां तेज हो चुकी है। कोई भी व्यवस्था अधूरी न रह जाए इसके लिए शिक्षा विभाग रणनीति तैयार करने में जुटा है। बेतालघाट ब्लॉक में जीआइसी धनियाकोट, खैरना, लोहाली, सिमलखा, जीजीआइसी बेतालघाट समेत आठ जबकि रामगढ़ ब्लॉक में जीआइसी तल्ला रामगढ़, नथुवाखान, मोना, सूपी, तथा ल्वैशाल में बोर्ड परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाए गए हैं।सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए धारा 144 भी लगा दी गई है। पर सबसे बड़ा सवाल रात्रि पहरेदार को लेकर खड़ा हो रहा है। बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए एक भी केंद्र में रात्री पहरेदारों की लंबे समय से तैनाती ही नहीं है।

ऐसे में बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पर संकट खड़ा होना लाजिमी है। शिक्षकों के साथ ही विद्यालयों में अब कर्मचारियों की कमी से व्यवस्थाएं लड़खड़ाने लगी है। विद्यालयों में रात्री चौकीदार की तैनाती न होने से परिसर की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति के संजय सिंह, कुबेर सिंह, विरेन्द्र सिंह आदि ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़ गितिका जोशी तथा बेतालघाट तारा सिंह के अनुसार युवा कल्याण विभाग से पत्राचार किया गया है। पीआरडी व होमगार्ड जवानों से रात्री की सुरक्षा सुनिश्चित करवाई जाएगी।

बीडी पांडे अस्पताल में हो सकेगी कीमोथेरेपी

नैनीताल, अमृत विचार : नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में कैंसर के मरीजों के लिए जल्द ही कीमोथैरेपी की सुविधा मिलेगी। इसके बाद कैंसर के मरीजों को कीमोथैरेपी के लिए निजी अस्पतालों या हल्द्वानी और ऋषिकेश के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

बीते कुछ वर्षों में नैनीताल बीडी पांडे में सुविधाएं बढ़ी हैं। इसके चलते बीमार अन्य जिलों से भी यहां पहुंच रहे हैं। अब जल्द ही अस्पताल में कैंसर के मरीजों के लिए कीमोथैरेपी यूनिट स्थापित की जानी है। इसका काम शुरू हो चुका है। इसके बाद कैंसर के मरीजों को बीडी पांडे अस्पताल में ही कीमोथैरेपी की सुविधा मिल पाएगी। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि एनएचएम की ओर से अस्पताल में कीमोथैरेपी यूनिट स्थापित की जानी है। इसमें पांच बेड की सुविधा मिलेगी। जल्द ही यूनिट में बेड, मॉनिटर व आक्सीजन लाइन लगा दी जाएगी। विभागीय स्तर पर प्रयास तेज हैं। जल्द ही यह सुविधा अस्पताल में जुड़ जाएगी और कैंसर के मरीज इसका लाभ ले सकेंगे।

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

सार संक्षेप

पेयजल तकनीकी कर्मचारियों ने दिया धरने को समर्थन

हल्द्वानी : जल निगम और जल संस्थान संयुक्त मोर्चा विभागों के एकीकरण कर राजकीयकरण करने और विभागीय कार्यों को यूयूएसडीए ओर एडीबी से कराने के बजाए विभागों से कराने की मांग कर रहा है। मोर्चा आज शुक्रवार को प्रदेशभर के जनपद मुख्यालयों के कार्यालयों में धरना दिया जाएगा। मोर्चे को पेयजल तकनीकी/फील्ड कर्मचारी संगठन ने भी समर्थन देने का फैसला किया है। पेयजल तकनीकी कर्मचारी संगठन हल्द्वानी के शाखा सचिव धरम सिंह नेगी ने बताया कि आज सुबह 10 बजे से जल संस्थान कार्यालय में होने वाले धरना प्रदर्शन में और 27 फरवरी को विधानसभा सचिवालय के घेराव में भी शामिल होंगे।

ई-रवन्ना ऑपरेटरों ने की नौकरी जारी रखने की मांग

शीशमहल स्थित गौला गेट पर मांगें रखते ई-रवन्ना ऑपरेटर।

हल्द्वानी : ई-रवन्ना ऑपरेटरों ने नौकरी जारी रखने की मांग की। उन्होंने लॉगिंग प्रबंधक को ज्ञापन देकर अपनी मांग को रखा। सौंपे ज्ञापन में कहा कि ई-रवन्ना ऑपरटरों को पूर्व की भांति खनन सत्र-2023-24 में समाप्ति तक पूर्ववत रखा जाए। साथ ही निगम कामों में लगे अन्य कम्प्यूटर ऑपटरों के समाने वेतन दिया जाए। साथ ही निगम में अन्य कामों में समायोजित करने की मांग की गई। कहा कि ऑपरेटर पिछले सात सालों से काम कर रहे हैं।

कण-कण में भगवान विराजमान : शास्त्री

विधायक भगत के आवास पर आयोजित भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : विधायक बंशीधर भगत के आवास पर आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन भक्तों ने श्रीकृष्ण की लीला को सुना। कथावाचक मनोज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा के कण-कण में भगवान विराजमान हैं, भगवान श्री कृष्ण अवतरित होते हैं या फिर अंर्त ध्यान होते हैं। संत के सात्विक आचरण के साथ साथ उन्होंने कलयुग की गति का दर्शन भी मौजूद भक्तजनों को अपनी कथा में कराए। विधायक भगत ने बताया कि गुरुवार को 1 बजे से प्रसाद वितरण हुआ। उन्होंने क्षेत्रीय जनता को भागवत कथा ज्ञान के महापरायण के अवसर पर महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए स्नेहिल आमंत्रण दिया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जोगा मेहरा, विनोद बधानी, शांति भट्ट, विनोद मेहरा, कुन्दन बिष्ट, कमल पांडे, नारायण सिंह मेहरा, प्रमोद पंत, दीपा ढौंढियाल, नवीन दुम्का, दीपक सनवाल मौजूद रहे।

हलाल प्रमाणिकता का बोर्ड लगाने की मांग

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गऊ रक्षा के सदस्य। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : गऊ रक्षकों ने ज्ञापन देकर बिरयानी की दुकानों पर हलाल प्रमाणिकता का बोर्ड लगवाने और मंगलवार को सभी बिरयानी की दुकानों को बंद रखने की मांग की। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कहा कि हल्द्वानी में हर क्षेत्र में बिरयानी की दुकानें खुल गई हैं। दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जैसे बाहरी शहरों से आकर लोग हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में बिरयानी की दुकानें खोल रहे हैं। गऊ रक्षक जोगेन्द्र राणा ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि हिन्दुओं को हलाल मांस की बिरयानी बेचकर, उनका धर्म भ्रष्ट करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि सभी बिरयानी की दुकानों पर हलाल प्रमाणिकता का बोर्ड लगवाया जाए। इस दौरान चंदन मलारा, अंकित पाल, देव बिष्ट, दीपांशु पोखरिया, विक्की चौरसिया, गोविन्द सिंह, प्रदीप, रोहित प्रजापति, सुनील, गौरव सुयाल, विनय जोशी, चन्दन बिष्ट, सुरेश सिंह, ललित पलड़िया आदि थे।

ऊर्जा कांट्रेक्टर कल्याण समिति ने उठाईं मांगें

अपनी मांगों को रखते ऊर्जा कांट्रेक्टर कल्याण समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : ऊर्जा कांट्रेक्टर कल्याण समिति की बैठक मुख्य अभियन्ता कार्यालय में बुधवार को हुई। इसमें अनुरक्षण कार्यों में बीजक भुगतान को प्राथमिकता से करने, उपनल व स्वयं सहायता समूह से कार्योजित कार्मिकों के समान वेतन भत्ता समय पर देने, दुर्घटना में अनुबंधित कर्मचारियों की आकस्मिक मृत्यु होने पर विभाग द्वारा दी जाने वाली अनुग्रह राशि को अनुबंधित संस्था के बीजकों से नहीं काटे जाने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष प्रेम जोशी, गोपाल भट्ट, तरण भट्ट, ललित सिंह सुगड़ा, दिनेश भट्ट, धनसिंह मेहता, हरीश तिवाड़ी, बालम मेहरा, अजय मेहरा, अजय कांडपाल, अमित रावत, जीमल अहमद, तारा बिष्ट, राजेश चैहान, दीपक नैनवाल, अनूप रावत, यतेंद्र सागर, राहुल पलड़िया, महेश पन्त आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने छात्राओं को साइबर अपराधों की जानकारी दी

छात्राओं को साइबर अपराधों की जानकारी देते उपनिरीक्षक ललित डंगवाल।

रामनगर : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के आदेशों के तहत जीपीपी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में अनुपालन में साइबर अपराध ऑनलाइन धोखाधड़ी की जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक ललित डंगवाल ने छात्राओं को साइबर अपराधों व ऑनलाइन धोखाधडी के सम्बन्ध में सतर्क किया। इस दौरान प्रिंसिपल सरिता, मृणालिनी, मंजू, विमला शर्मा, मृणाल, कंचन, अन्वेषा मेहरा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

ग्रामीणों का विधायक कार्यालय पर धरना

रामनगर में जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग, विधायक ने दिया भरोसा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर में गुरुवार को संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पहुंचकर धरना देते हुए नारेबाजी करने के साथ ही 10 सूत्रीय मांगों का मांग पत्र विधायक को सौंपा। इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न ग्रामीण इलाकों में आज जंगली जानवरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि यहां रहने वाले ग्रामीण घरों में कैद होकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं तो वहीं हाथी और बंदरों द्वारा भी उनकी खेती को उजाड़ा जा रहा है। सभा स्थल पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने ग्रामीण क्षेत्रों में वन्य जीवों व बाघ के आतंक की घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा कि उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है। आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

विधायक कार्यालय के बाहर धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने बांटा पानी

धरनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में पानी बांटकर नई पहल की है। मदन जोशी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए विधायक प्रयासरत हैं।

इस दौरान धरने में ललित उप्रेती, मुनीष कुमार, आनंद नेगी, सोवन तड़ियाल, सरस्वती जोशी, संजय मेहता, सुमित, उर्मिला, ललिता रावत, उबैदुल हक, प्रताप सिंह बोरा, बसंत कुमार, हीरा खत्री, बसंत कुमार, विमला, कमल नेगी, प्रभात ध्यानी, मनमोहन अग्रवाल आदि ने भागीदारी की।

मेहंदी में आकांक्षा अव्वल

रामनगर। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्राचार्या डॉ. सुशीला सूद के निर्देशन में प्रोफेसर जीसी पंत तथा डॉ. आनंद प्रकाश ने मेहंदी तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा, द्वितीय अंजलि, तृतीय स्थान पर ईशा रही तथा रंगोली प्रतियोगिता में संजय कुमार, पायल कौर, निशा टीम विजयी रही। इसके बाद राजनीतिक विज्ञान विभाग के तत्वावधान में प्रो. मनोज कुमार ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रदीप चंद्र, मोहम्मद नफीस, शुभम ठाकुर, राकेश चंद्र मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में विजेता छात्राएं। ● अमृत विचार

भूमिका ने जीता 25 हजार का इनाम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: जय मोहन इंटर कॉलेज कानिया की कक्षा नौ की छात्रा भूमिका बनकोटी ने भारत सरकार संचार मंत्रालय डाक विभाग द्वारा आयोजित " विश्व डाक संघ अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

पत्र लेखन का शीर्षक था कल्पना करो कि आप एक सुपर हीरो हैं, आप दुनिया की सड़कों को दुर्घटनाओं से कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। भूमिका ने इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। इस दौरान विद्यालय में भूमिका को एक कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया।

छात्रा भूमिका बनकोटी के उत्साहवर्धन के लिए स्वयं एसएसपी नैनीताल जितेन्द्र सिंह व रामनगर डाकघर के इंस्पेक्टर हेमंत यादव ने पुरस्कार की धनराशि 25 हज़ार रुपये व प्रमाण पत्र सहित विद्यालय में पहुंचकर दी। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अमन जोशी व संरक्षक गोपाल दत्त जोशी एवं प्रधानाचार्य एमडी तिवारी, उपप्रधानाचार्य डीएस मनराल, गणित अध्यापक बीसी तिवारी ने किया। बता दें कि छात्रा के पिता प्रमोद कुमार बनकोटी विद्यालय में शिक्षक के पद पर हैं एवं माता भी शिक्षिका हैं।

छात्रा भूमिका बनकोटी को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

मुकेश का दुग्ध संघ का अध्यक्ष बनना तय

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं की प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए मुकेश बोरा का एक मात्र नामांकन होने के चलते उनका दुग्ध संघ अध्यक्ष बनना लगभग तय है। परंतु न्यायालय द्वारा मामले में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की घोषणा न करने के आदेश के चलते उक्त निर्वाचन परिणाम को फिलहाल स्थगित रखा गया है।

मुकेश बोरा।

नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की प्रबन्ध कमेटी के नौ सदस्य पूर्व में ही निर्विरोध चुने जाने के बाद आज अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश बोरा ने नामांकन किया है। निर्धारित समय बीत जाने एवं एकमात्र नामांकन होने के चलते उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय माना जा रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नैनीताल दुग्ध संघ के प्रशासनिक कार्यालय में निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश बोरा द्वारा बाजे गाजे के साथ नैनीताल दुग्ध संघ लालकुआं प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष पद पर नामांकन किया। अध्यक्ष मुकेश बोरा के नामांकन में प्रबन्ध कमेटी के ओखलकांडा क्षेत्र से संचालक पुष्पा देवी, कोटाबाग से खष्टी देवी, कालाढूंगी से दीपा देवी, भीमताल से हेमा देवी, रामगढ़ से किशन सिंह, रामनगर से कृष्णकुमार, लालकुआं से गोविंद सिंह मेहता, व हल्द्वानी से दीपा देवी भी उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी धीरेश जोशी बताया कि उक्त निर्वाचन पर न्यायालय में वाद दायर होने के कारण न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक दुग्ध संघ प्रबन्ध कमेटी के परिणामों को स्थगित रखा गया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिह बिष्ट, जिला पचांयत अध्यक्ष बेला तोलिया मौजूद, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, पूर्व मेयर जोगेन्द्र सिह रौतेला मौजूद रहे।

महिला से रुपये छीनकर भागा आरोपी दबोचा

रामनगर : सरेआम गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर महिला से रुपये छीनने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ ही गया।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि दो दिन पूर्व पार्वती कुंज पीरुमदारा निवासी माधवी सागर ने बसई गांव निवासी आरोपी संतोष भट्ट पर गाली गलौज और मारपीट कर उसके लोअर की जेब में रखे 900 रुपये छीन लेने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पीड़िता के आरोप को पंजीकृत कर संतोष भट्ट को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया। लेकिन आरोपी पुलिस की रणनीति को छकाता रहा। बीते दिवस आरोपी संतोष भट्ट को पुलिस ने साप्ताहिक शुक्र बाजार के पास लगने वाली गमले की दुकान से पकड़ लिया। आरोपी संतोष को प्रभारी उप निरीक्षक राजेश जोशी ने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ पकड़ा।

सार संक्षेप

लाभार्थी कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता एवं क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी

लालकुआं : भारतीय जनता पार्टी मंडल लालकुआं द्वारा आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला में भाजपा नेताओं ने तमाम लाभार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए उनसे पार्टी का समर्थन करने का आह्वान किया। यहां वार्ड नंबर एक स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित लाभार्थी प्रशिक्षण शिविर के दौरान मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रंजन बर्गली मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला के संयोजक बॉबी संभल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, महामंत्री सुरेंद्र सिंह लोटनी, अरुण जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला, संजय अरोड़ा, प्रेमनाथ पंडित, हरीश नैनवाल, राजलक्ष्मी पंडित शाहिद आदि मौजूद थे।

लालकुआं में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

लालकुआं : भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पंतनगर बाइपास के पास बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्वागत किया। न्याय यात्रा यहां पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण के नेतृत्व में पहुंची थी। न्याय यात्रा में देवेंद्र शर्मा सेवादल की राष्ट्रीय मंत्री, अमित सारथी, लक्ष्मण हसदा, अनामिका सरकार झारखंड, उषा रानी बोहरा उड़ीसा, घनश्याम वर्मा छत्तीसगढ़, अनीता विश्वकर्मा, विजेंद्र सागवान आदि शामिल थे। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर दानू , महामंत्री प्रदीप बथ्याल, पूर्व संचालक गिरधर सिंह बम, युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भुवन पांडे, माजिद अली, प्रभात पाल आदि शामिल थे।

आंचल व कनिका ने बनाया कत्थक में गिनिज बुक रिकॉर्ड

हल्द्वानी : कत्थक नृत्यांगना आंचल जोशी व कनिका तिवारी का गिनिज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में संस्कृति विभाग ने नृत्य समारोह के 50वें स्वर्ण जयंती के अवसर पर कत्थक कुंभ का आयोजन किया, जिसमें शहर की आंचल जोशी व कनिका जोशी ने प्रतिभाग किया व अपना नाम गिनिज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया। दोनों बच्चों ने नूपूर नृत्य कला केंद्र से कत्थक की शिक्षा प्राप्त की व उसके बाद कत्थक केंद्र दिल्ली से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहे।

लापरवाही हीरानगर में विभाग के कार्यालय के बाहर स्ट्रीट लाइटें दिनभर जलती रहीं

सूरज को रोशनी दिखा रहीं विद्युत विभाग की स्ट्रीट लाइटें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: विद्युत विभाग के अधिकारी बिजली की कमी का रोना रोते हैं व लोगों से ऊर्जा बचाने की अपील करते हैं लेकिन विभाग की स्ट्रीट लाइटें दिनभर जली रहती हैं व सूरज को रोशनी दिखाती रहती हैं।

हीरा नगर में ग्रामीण विद्युत विभाग के दफ्तर के बाहर लगी ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें गुरुवार को दिनभर जलती रहीं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की इन पर नजर तक नहीं पड़ी। एक ओर शहर में कई स्थानों पर बिजली कटौती आम रही व लोग परेशान रहे लेकिन बेवजह जल रही इन स्ट्रीट लाइटों को दोपहर बाद तक बंद नहीं किया गया। लोगों ने बताया कि शहर में कई जगहों पर आए दिन स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं लेकिन विभाग के अधिकारी देखने के बावजूद उन्हें बंद नहीं करवाते। हीरा नगर की सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति ने कहा कि यहां विभाग के बाहर ही लाइन से सभी लाइटें जल रही हैं लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। लोगों का कहना है कि एक ओर शहर में ऊर्जा का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है व अधिकारी गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपना रहे हैं।

दिन में जलीं स्ट्रीट लाइटें।

ऊंचापुल के ज्यादातर क्षेत्रों में गुरुवार को बिजली आती-जाती रही, जिससे लोगों को खासी दिक्कतें हुईं। ज्यादातर समय बिजली गुल रहने से बोर्ड परीक्षा की तैयारियों कर रहे छात्र के मोबाइल आदि चार्ज नहीं होने वे इंटरनेट नहीं चला पाए। इसके अलावा महिलाओं के भी कई कार्य बाधित हुए। कारोबारी भी बिजली गायब रहने से नाराज दिखे। आटा-चक्की मशीन चलाने वाले प्रमोद कुमार ने बताया कि दिनभर बिजली की आंख मिचौली रही, जिससे कारोबार बुरी तरह प्रभावित रहा।

इससे पहले बुधवार को मुखानी क्षेत्र में बिजली आने-जाने से लोग परेशान रहे। इधर, अधिकारी हर बार एक ही जवाब देते हैं कि रोस्टिंग की वजह से बिजली गायब रहती है। अधिकारियों ने बताया कि कठघरिया के अंतर्गत डबल सर्किट निर्माण के चलते आज ब्लॉक, बसानी, बिठौरिया आदि क्षेत्रों में बिजली पूर्णतः या आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

> विद्युत विभाग का काम स्ट्रीट लाइटों पर कनेक्शन देना है, इनका रखरखाव नगर निगम की ओर से किया जाता है। – **डीडी पांगती**, ईई, ग्रामीण ऊर्जा निगम

गांवों में स्ट्रीट लाइटें तक नहीं

शहरी क्षेत्रों में बेवजह स्ट्रीट लाइटें जल रही हैं, जबकि कई ग्रामीण क्षेत्र रात में भी अंधेरे में डूबे रहते हैं। लोगों ने बताया कि रामपुर रोड में चांदनी चौक गढ़वाल, जमनपुर, फूलचौड़ आदि क्षेत्रों में स्ट्रील लाइटें तक नहीं लगी हैं, जिससे लोगों को अंधेरे में ही आवागमन करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बीते दिनों यहां बाघ, गुलदार का आंतक था, जिससे रास्तों में रोशनी न होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी डर लगता था। इसी तरह कालाढूंगी रोड पर कटघरिया, लामाचौड़ आदि के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं।

सार-संक्षेप

ट्रांजिट कैंप में टाइल्स रोड का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक अरोरा।

500 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का उद्घाटन

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप शिव नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 से वार्ड नंबर 9 को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का राज्य योजना से स्वीकृत 500 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक अरोरा का फूलमाला से स्वागत किया। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि शिवनगर घनी आबादी वाला क्षेत्र है। यहां मदन होटल से शाम घाट मार्ग से बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इस मार्ग की मांग विगत काफी समय से हो रही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद विधायक अरोरा ने इस महत्वपूर्ण मार्ग को राज्य योजना से स्वीकृत करवाया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बनने के बाद से शिवनगर व आसपास के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, किरण विर्क, विधान रॉय, कैलाश राठौर, शिव कुमार गंगवार, विजय डे, गोविंद शर्मा, डीके गंगवार, मदन दिवाकर, चोखेलाल, आदेश भारद्वाज, डीके गंगवार, राजेंद्र राठौर व अन्य लोग मौजूद रहे।

दीप जलाकर श्री तुलसी महायज्ञ का शुभारंभ करते चुघ। ● अमृत विचार

मलसा गिरधरपुर में 70वां श्री तुलसी महायज्ञ शुरू

रुद्रपुर। श्री तुलसी धाम सेवा समिति मलसा गिरधरपुर में 70वां श्री तुलसी महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। राजेंद्र दास महाराज के सानिध्य में इस महायज्ञ में तमाम संतों का समागम हुआ। महायज्ञ में मुख्य अतिथि तिरुपति ग्रुप के चंद्रकेश यादव, हेमेंद्र यादव और भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ मौजूद रहे। वहीं समिति की ओर से अतिथियों ने सम्मानित किया। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने बताया कि रात्रि महायज्ञ में सीता हरण का मंचन किया गया। जिसमें सूर्पनखा नकटी, मारीच वध, रावण का स्वर्ण हिरण भेजना और सीता हरण का मंचन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश खुराना, सचिव हरीश बांगा, कोषाध्यक्ष विपिन बांगा, बैजनाथ छाबड़ा, अशोक बांगा, विनोद नरूला, झंडाराम बांगा, सतपाल कामरा, ओम प्रकाश बांगा, पंकज गांधी, पंकज बांगा, सुरेंद्र चावला, शिवा चावला, अतुल बांगा, रविंद्र चावला, विनोद बेहड़, सजल, इशांत, हनी समेत तमाम लोग मौजूद थे।

10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया

गदरपुर। पुलिस ने 6 .10 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि बुधवार देर शाम पुलिस टीम बेरिया बलरामनगर रोड पर गश्त कर रहे थे। जब टीम वार्ड नंबर पांच में तेजा फौजा कालोनी में रखी ईंटों के ढेर के सामने पहुंची तो पुलिस टीम को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा करके व्यक्ति को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मलकीत सिंह निवासी तेजा फौजा गदरपुर बताया। पुलिस ने मलकीत सिंह की तलाशी ली तो उसके पास से करीब 6 .10 ग्राम स्मैक बरामद हुई।पुलिस ने मलकीत सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को मलकीत सिंह को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा दिया। मलकीत सिंह को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी, उपनरीक्षक बसंत कुमार, इरशादुल्ला, ललिता प्रसाद होमगार्ड दीपक शर्मा शामिल थे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार शुरू, केंद्रों पर लगा ताला

कार्यक्रमों और बीएलओ ड्यूटी का विरोध, मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : चार सूत्रीय मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धैर्य जवाब दे गया है। नाराज कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यक्रमों और बीएलओ ड्यूटी का भी बहिष्कार किया है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लटक गये हैं। कार्यकत्रियों का कहना कि जब तक उनकी मांगों का निस्तारण नहीं हो जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

गुरुवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका मिनी कार्यकत्री कर्मचारी संगठन जिला इकाई के बैनर तले गांधी पार्क में एकत्रित हुई और धरना दिया। इस दौरान नाराज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि पिछले काफी समय से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पिछले काफी लम्बे समय से संघर्षरत हैं। उनका कहना था संगठन न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरन उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस अवसर पर मीरा बोस, बबली, नीरू, हंसा लोहनी, अर्मिला मिश्रा समेत कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

आंदोलन को विधायक कापड़ी का समर्थन, विधानसभा सत्र में उठाएंगे समस्या

खटीमा। आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन के बैनर तले कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार और धरना लगातार चौथे दिन जारी रहा। उप नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन कापड़ी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में बुलाए गए सत्र के दौरान वह उनकी मांगों को उठाएंगे। मानदेय वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने चौथे दिन भी कार्य बहिष्कार कर ब्लॉक परिसर में धरना दिया। धरने पर बैठने वालों में अमरजीत कौर, कलावती देवी, कमला बिष्ट, शोभा रस्तोगी, जानकी गहतोड़ी, मंजू, किरन, कमला भट्ट, शीला पोखरिया, सुनीता, सरिता, लखविंदर कौर, इन्द्रा पोखरिया, आशा मौर्या आदि शामिल थे।

65 वर्षीय महिला ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

स्वागत

- **5200 किलोमीटर साइकिल चलाई, अब नशा मुक्ति मुहिम के तहत रोहतक से शुरू की यात्रा, रुद्रपुर में हुआ स्वागत**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उम्र के जिस पड़ाव में अक्सर लोग घर में आराम की जिंदगी जीते हैं उस आयु में हरियाणा की 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने 5200 किलोमीटर की साइकिल चलाकर विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। इसके बाद बुजुर्ग ने नशा मुक्त भारत का संदेश देने के लिए रोहतक हरियाणा से अपनी यात्रा को शुरू कर दिया है। रुद्रपुर पहुंचने पर बुजुर्ग का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।

बुधवार की शाम को रुद्रपुर पहुंचने पर हरियाणा के रोहतक की रहने वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला कमलेश राणा ने बताया कि वर्ष 2019 में शुगर और हार्ट की बीमारी होने के कारण तबीयत अक्सर खराब रहती थी। दवा करने के बाद भी आराम नहीं आया तो साइकिल चलाने का निर्णय लिया और वर्ष 2023 में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 5200 किलोमीटर साइकिल चलाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। इसके अलावा एक सितंबर से 25 सितंबर तक 2100 किलोमीटर साइकिल चलाकर हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की मुहिम चलाई और वर्ष 2021 में नासिक में 30, 50 और 60 किलोमीटर की साइकिलिंग रेस में गोल्ड मेडल भी जीता। उन्होंने बताया कि साइकिल से बीमारी ठीक होने के बाद यह निर्णय लिया कि अब भारत को नशा मुक्त बनाने की मुहिम छेड़ी जाए। इसी उद्देश्य के साथ 11 फरवरी को रोहतक से साइकिल चलानी शुरू की और नजीबाबाद होते हुए रुद्रपुर पहुंची। इसके बाद नेपाल से काठमांडू होते हुए रोहतक पहुंचना मकसद है।

साइकिल यात्रा पर निकलीं कमलेश राणा।

क्लाइमेट चेंज से होती हैं बीमारियां

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद आशा हेल्थ वर्कर। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सीएमओ कार्यालय में जनपद के हेल्थ केयर वर्कर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान हेल्थ केयर वर्करों को बताया कि क्लाइमेट चेंज से बीमारियां होती हैं। इनसे बचाव की जानकारी दी।

गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने जलवायु परिवर्तन से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं फैसीलेटर से उम्मीद की गयी कि अगर जलवायु परिवर्तन से यदि किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या होती है तो उसकी जानकारी अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या ग्राम स्तर पर संचालित आरोग्य मंदिर में कार्यरत सीएचओ को दें, ताकि समय पर समस्या का निराकरण हो सके।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीपी सिंह, नोडल अधिकारी क्लाइमेट चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ डॉ.राजेश आर्या, एपिडेमोलॉजिस्ट आईडीएसपी डॉ.संतोष पांडेय, तौफीक अहमद, राहुल कुमार, मनोज कुमार आर्य समेत कई लोग मौजूद थे।

16 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो दवा

काशीपुर। गुरुवार को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सीएमएस डॉ. खेमपाल व नोडल अधिकारी डॉ. राजीव पुनेठा ने अभियान को सफल बनाने के आवश्यक निर्देश दिए। वहीं आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी संपन्न हो गया। सुपरवाइजर डीएन पांडेय ने बताया कि शहर में करीब 16 हजार बच्चें पंजीकृत हैं। 106 बूथों की जिम्मेदारी 20 सुपरवाइजर पर रहेगी। क्षेत्र की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 3 मार्च को बूथ पर नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। 4 से 9 मार्च तक छूटे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

आचार संहिता से पूर्व तीन मांगें पूरी हों

खटीमा। राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राज्य आंदोलनकारी की प्रमुख तीन मांगों को आचार संहिता लगने से पहले पूरी करने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने राज्य आंदोलनकारियों ने 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधानसभा में पास करने पर आभार व्यक्त कर कहा कि उनकी तीन मांगें लंबे समय से लंबित हैं जिसे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पूर्व पूरी की जायें। जिनमें राज्य निर्माण सेनानियों को एक समान पेंशन 15 हजार रुपये मासिक देने, राज्य आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी के नाम से परिभाषित करने और राज्य निर्माण सेनानी की मृत्यु के उपरांत उसका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने जैसी मांगे शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, राज कपूर, गिरीश चंद्र पांडे, दुर्गा सिंह सामंत, पूनम अग्रवाल, दिनेश भट्ट, मनोज अग्रवाल, आदेश भटनागर, होशियार सिंह जेठी, मो बदर, भगवान सिंह, रमेश कोठारी, तेज सिंह, रमा अग्रवाल, शंकर सिंह गहतोड़ी आदि शामिल थे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैंने अपने पुत्र हरमनप्रीत सिंह व उसकी पत्नी नवनीत कौर को उनके अमर्यादित कृत्यों के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा पुत्र व उसकी पत्नी भविष्य में किसी भी तरह के गलत व सही कार्यों एवं लेन-देन आदि करते हैं तो वह स्वयं जिम्मेदार होगें। उनके द्वारा गलत व सही कार्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य का कोई भी वास्ता व सरोकार नही होगा।

- जसबीर कौर पत्नी श्री देवन्द्र सिंह, वार्ड नंबर 7/9 पंजाबी कालोनी गदरपुर जिला-उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)

सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम Rameshwar Singh Jalal अंकित है। पासपोर्ट में मेरा नाम Rameshwer Singh Jalal अंकित है। जो कि गलत दर्ज हो गया है। Rameshwar Singh Jalal और Rameshwer Singh Jalal दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। मैं अपने पासपोर्ट में भी अपना नाम सुधार कर Rameshwar Singh Jalal अंकित कराना चाहता हूँ।

- रामेश्वर सिंह जलाल पुत्र श्री गोपाल सिंह जलाल, निवासी अमरावती कॉलोनी, पंचायत घर रोड, मल्ली बमोरी, तहसील हल्द्वानी, जिला-नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति नवीन मण्डी स्थल हल्द्वानी (नैनीताल)
दूरभाष / फैक्स नं.-05946-245973
Email: mandi_haldwani@yahoo.com विभागीय वेबसाईट http://www.ukmandi.co.in

पत्रांक : कृ.उ.म.स./सफाई/2023-24/1382 दिनांक : 22-02-2024

सफाई हेतु निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य के श्रम विभाग, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० एवं जी०एस०टी० में पंजीकृत फर्म/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मण्डी समिति हल्द्वानी के परिसर की वित्त वर्ष 2024-25 में सफाई हेतु सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित फार्म समिति कार्यालय से दिनांक 02-03-2024 के सांय 04 बजे तक रूपये 1500.00 एवं जी०एस०टी० 18 प्रतिशत का भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा फार्म पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 04-03-2024 के अपरान्ह 01:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जायेगी, जो उसी दिन निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

सचिव प्रशासक

शादी का झांसा देकर पति से करा दिया तलाक

काशीपुर। युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर पति से उसका तलाक करा दिया। बाद में उसने खुद कहीं और शादी कर ली। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कचनालगाजी निवासी एक महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसने 2014 में खटीमा निवासी एक व्यक्ति से शादी की थी। पति से मनमुटाव के चलते वह कचनालगाजी में रहकर एक मॉल में मोबाइल शॉप पर काम करती है। मोबाइल फाइनेंस कराने के बहाने मोहल्ला कानूनगोयान निवासी एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसके पति से उसका तलाक भी करा दिया। आरोप है कि युवक ने दिखावे के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय में उसके साथ शादी करने का पंजीकरण भी करा लिया। बाद में उसने किसी दूसरी युवती से शादी कर ली। अब आरोपी उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। महिला ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

केजीसीसीआई ने ईडब्ल्यूएस में छूट पर जताया सीएम का आभार

काशीपुर। प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा ईडब्ल्यूएस में छूट को लेकर लिये निर्णय पर कुमाऊं गढ़वाल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री उत्तराखंड (केजीसीसीआई) ने सीएम धामी का आभार जताया है। साथ ही सीएम धामी के निर्णय कि अब राज्य के बिल्डर कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए आवास बनाए जाने के बजाय शेल्टर फंड में उतनी राशि जमा करा सकते हैं।

केजीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष विकास जिंदल ने बताया कि 22 दिसंबर, 2023 को चैम्बर हाउस, काशीपुर में चैम्बर द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें चैम्बर के बिल्डर सदस्यों द्वारा भाजपा नेता दीपक बाली के माध्यम से सरकार से मांग की थी कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निम्न आय वर्ग के लोगों को बड़ी संख्या में मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय राजकीय मेडिकल कॉलेज, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) 263139
दूरभाष संख्या : 05946-255255, 255926, फैक्स संख्या : (05946) 282578

निविदा सं० : 320/जी.एम.सी./एल-11/परिसर सौन्दर्यकरण/रा.मे.कॉ/ दिनांक : 22-02-2024

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी द्वारा **"गार्डिनिंग"** के कार्यों हेतु इच्छुक निविदादाताओं से जिनके पास सरकारी/अर्धसरकारी/ मेडिकल कॉलेज / चिकित्सालय इत्यादि में गार्डिनिंग के कार्यों का अनुभव हो, से निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के तहत अनुबन्ध के तहत निविदाएं आमंत्रित की जाती है। यह निविदाएं दिनांक : 05.03.2024 के 04:00 बजे अपरान्ह उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। उपरोक्त तिथि को कारणवश अवकाश रहने की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस उपरोक्तानुसार निर्धारित समय पर आंमत्रित/खोली जायेगी। निविदा को बिना कारण के भी निरस्त किया जा सकता है।

निविदा सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित	निविदा के साथ जमा की जाने वाली नेक जमानत राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि	निविदा प्रपत्र जमा किये जाने की अन्तिम तिथि	निविदा खोले जाने की अन्तिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7
22	राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी व डॉ. सु. ति. राजकीय चिकित्सालय में गार्डिनिंग के कार्य।	रू. 1180.00 निर्धारित मूल्य का डी.डी.	रू. 75000.00 (नेक जमानत राशि की वैद्यता निविदा खुलने की तिथि से 410 दिन होनी चाहिए)	दिनांक 04-03-2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक	दिनांक 05-03-2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक	दिनांक 05-03-2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक

निविदा प्रपत्र दिनांक 04-03-2024 से राजकीय अवकाशों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में प्राचार्य कार्यालय, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य
राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

100 केंद्रों पर 37127 छात्र छात्राएं देंगे बोर्ड परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद वर्ष 2024 की आगामी 27 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा होने जा रही है। इसमें 37127 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगी। इसके लिए जिले में 100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें 92 मिश्रित परीक्षा केंद्र व आठ एकल परीक्षा केंद्र शामिल है। जबकि जनपद में 12 परीक्षा केंद्र संवेदनशील हैं।

यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 37127 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल परीक्षा में 9920 बालक संस्थागत, 10778 बालिका संस्थागत, 270 बालक व्यक्तिगत, 214 बालिका व्यक्तिगत यानि कुल 21182 बालक व बालिका हाईस्कूल परीक्षा में प्रतिभाग करेंगी। इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा में 7265 बालक संस्थागत, 7931 बालिका संस्थागत, 395 बालक व्यक्तिगत व 354 बालिका व्यक्तिगत कुल 15945 बालक व बालिकाएं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रतिभाग करेंगी। इसके शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए जनपद में 100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जनपद में सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र जनता इंटर कॉलेज रुद्रपुर है जिसमें कुल 1046 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार सबसे छोटा परीक्षा केंद्र राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महेशपुरा बाजपुर है जिसमें 79 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

तैयारी

- **जनपद में 12 परीक्षा केंद्र संवेदनशील सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र रुद्रपुर में और सबसे छोटा बाजपुर में**

जिले में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए 100 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। इसमें 92 मिश्रित परीक्षा केंद्र व आठ एकल परीक्षा केंद्र शामिल है। जबकि जनपद में 12 परीक्षा केंद्र संवेदनशील हैं। परीक्षा के लिए विभाग की ओर से तैयारियां जोरशोर से की जा रही है।
-डीएस राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, ऊधमसिंह नगर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

ननद पर बेटी और जमीन के कागज ले जाने का आरोप

बाजपुर। विधवा ने ननद पर घर में रखे जमीन के कागजात, मोबाइल व नाबालिग 11 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने कहा कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। कुछ समय पहले उसकी ननद घर पर आई थी। आरोप है कि वह उसके पीछे ही घर में रखे जमीन के कागजात, मोबाइल व उसकी 11 वर्षीय बेटी को अपने साथ ले गई थी। वह मजदूरी करके घर लौटी तो इस घटना का पता चला। पुलिस ने जांच का भरोसा दिलाया है।

रिसोर्ट के बाहर से युवक की बाइक चोरी

काशीपुर। जसपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट से अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामदगी की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला थाना साबिक निवासी मोहम्मद मोहसिन ने बताया कि 20 फरवरी की रात्रि वह जसपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में शादी समारोह में शामिल होने गया था। इस दौरान बाइक रिसोर्ट के बाहर खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आया, तो बाइक अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रक की टक्कर से मामा भांजी हुए घायल

काशीपुर। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परमानंदपुर जसपुर निवासी बिल्लू अपनी भांजी अनीता निवासी डुमरिया डैम जसपुर के साथ नानकमत्ता में भांजे के पुत्र के नामकरण में शामिल होने गया था। वहां से वापस लौटते समय हाईवे पर बल्ली के ढाबे के पास पीछे से एक एक ट्रक ने उनको टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक से अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

काशीपुर। एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मानपुर रोड स्थित एक राइस मिल में काम करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। बुधवार को मोहल्ला कटरामालियान निवासी 21 वर्षीय मोंटी घर में बिस्तर पर अचेत पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना मोहल्ले वालो ने शिवनगर निवासी उसके भाई को दी। मौके पर पहुंच भाई उसे अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आईआईएम फीड के माध्यम से स्टार्टअप को मिली 20 लाख रुपये की फंडिंग, हाई वैल्यू मशरूम से उत्पाद तैयार कर रहे

रिवर्स पलायन कर मशरूम का उत्पादन कर रहे कमल

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

अमृत विचार: जहां एक ओर पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहा है, वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जो लाखों का पैकेज छोड़कर न केवल रिवर्स पलायन कर रहे हैं बल्कि उत्तराखंड में ही हाई वैल्यू मशरूम से उत्पाद तैयार कर युवाओं के लिए प्रेरणा बनते जा रहे हैं।

मूलरूप से अल्मोड़ा के धौरा गांव निवासी कमल पांडे का परिवार करीब 15-20 साल पहले अल्मोड़ा शहर आ गया था। कंप्यूटर साइंस की मास्टर डिग्री करने के बाद कमल दिल्ली चले गए और गुरुग्राम स्थित इंटरनेशनल बैंक में सीनियर नेटवर्क आर्किटेक्ट की नौकरी शुरू की। दिल्ली में फ्लैट खरीदकर रहने लगे। कोविड के समय में कमल ने मशरूम उत्पादन की ऑनलाइन ट्रेनिंग ली और वर्ष 2020 में अल्मोड़ा लौट गए। उन्होंने अपनी दोस्त नमिता के साथ उद्यान विभाग सोलन, पंतनगर से भी ट्रेनिंग ली और फिर हाई वैल्यू मशरूम का उत्पादन शुरू किया। जब वह मशरूम को लेकर बाजार गए तो वह हाथों हाथ बिक गया। फिर मशरूम की बेहतर पैकेजिंग कर लोगों को इसके फायदे आदि बताए गए तो अच्छा फीडबैक मिला। उन्होंने सामान्य मशरूम से हटकर रेशी मशरूम, शिटाके मशरूम, मेडिसिन मशरूम का उत्पादन किया और बिना केमिकल का प्रयोग किए मशरूम अचार, प्रोटीन पाउडर, मेडिसिन मशरूम की मसाला चाय, बिस्किट, चिप्स आदि बनाने लगे। वह मशरूम की अन्य प्रजातियों के पाउडर से कैप्सूल व अन्य दवा बनाने पर भी शोध कर रहे हैं। उनके तैयार उत्पाद दिल्ली, गाजियाबाद, नैनीताल, हल्द्वानी समेत अन्य स्थानों पर आउटलेट स्टोर के साथ ही अमेजान पर भी उपलब्ध हैं। कमल ने बताया कि उन्होंने अल्मोड़ा के दो गांव धौरा व हवलबाग को मशरूम ग्राम घोषित कराया है।

आईआईएम में लगे स्टॉल में मौजूद कमल पांडे। ● अमृत विचार

> मशरूम के उत्पाद बनाना अच्छा स्टार्टअप है। वह मशरूम पर शोध भी कर रहे हैं और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। आईआईएम फीड के माध्यम से स्टार्टअप को 20 लाख की फंडिंग की गई है।
> -प्रो. सफल बत्रा, प्रबंध निदेशक, आईआईएम काशीपुर फीड।

बैंक ने फर्जी दस्तावेज से किया 27 लाख का लोन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पंजाब की रहने वाली एक महिला के फर्जी दस्तावेज लगाकर लाखों रुपये का लोन करने का मामला सामने आया है।

सन व्यू एनक्लेव अथाली कला लुधियाना पंजाब निवासी प्रियंका जैन ने तहरीर देकर बताया कि उसकी केलाखेड़ा में साढ़े तीन एकड़ भूमि है, 17 जनवरी को कोटक महिंद्रा बैंक बाजपुर जिसका पूर्व में नाम आईएनजी वैश्य बैंक था। बैंक द्वारा रिकवरी नोटिस भेजा गया, जिसके बाद पता चला कि वर्ष 2014 में किसी ने फर्जी हस्ताक्षर कर भूमि को बंधक बनाकर 27 लाख रुपये का ऋण लिया। पड़ताल करने पर बाजपुर बैंक द्वारा बताया कि लोन प्रकरण का मामला रुद्रपुर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में संचालित है। आरोप था कि पांच फरवरी 2024 को रुद्रपुर स्थित कोटल बैंक कार्यालय जाकर दस्तावेज मांगे गए तो बैंक के अधिकारी आनाकानी करने लगे। जांच में पाया कि गाजीपुर बैंक खाते में हस्ताक्षर और रुद्रपुर बैंक में हुए हस्ताक्षर अलग है और दस्तावेज भी सारे फर्जी हैं। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बैंक के तत्कालीन बैंक अधिकारी हरदीप सिंह और चरणजीत सिंह पर फर्जी दस्तावेज लगाकर 27 लाख का लोन लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धोखाधड़ी

▸▸ भूमि को बंधक बनाया, पंजाब की पीड़िता ने करवाया मुकदमा

हरियाणा में किसान की मौत पर तराई में फूंका पुतला

पुलिस पर गोली चलाने का आरोप, गल्ला मंडी में श्रद्धांजलि देकर खट्टर सरकार के प्रति जताया रोष, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : हरियाणा में पुलिस की गोली से मारे गए किसान की मौत के बाद किसानों का आक्रोश भड़क गया और तराई किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने गल्ला मंडी में बैठक कर खट्टर सरकार का पुतला दहन किया। पुतला फूंकने को लेकर कोतवाल व संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष में नोकझोंक भी हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान आंदोलन करेगा।

गुरुवार को तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क सहित बड़ी संख्या में किसान गल्ला मंडी में एकत्रित हुए और बैठक कर हरियाणा में पुलिस की गोली से मारे गए किसान के शहीद होने पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बुधवार को शांतिपूर्वक ढंग से आंदोलन कर किसानों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के इशारे पर पुलिस ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें पुलिस की गोली से शुभकरण नाम का युवा किसान शहीद हो गया। किसानों का कहना था कि जब किसान लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रख रहे हैं तो भाजपा शासित प्रदेश हरियाणा की पुलिस क्यों बेगुनाह किसानों पर गोलियां दाग रही है।

उन्होंने कहा कि गाजीपुर किसान आंदोलन में 700 किसानों ने अपनी शहादत दी है। हरियाणा में भी भाजपा सरकार ब्रिटिश हुकूमत की तर्ज पर गोलीबारी कर किसानों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही खट्टर सरकार ने दोषियों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की और शहीद किसान को मुआवजा नहीं दिया और दमनकारी नीति बंद नहीं की तो संयुक्त किसान मोर्चा से वार्ता कर देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बैठक के बाद पुतला दहन को लेकर कोतवाल धीरेंद्र कुमार और तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क के बीच नोकझोंक भी हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इकबाल सिंह, जसबीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बलविंदर सिंह, बलकार सिंह, जोगा सिंह, चरणजीत सिंह, राजविंदर सिंह, हरजीत सिंह, हरबंस सिंह, बलराज सिंह, सुरजीत सिंह, करनैल सिंह, हीरा सिंह विर्क, अमृत पाल सिंह, रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

बैठक के बाद खट्टर सरकार का पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

पुतला फूंकने को लेकर कोतवाल से नोकझोंक करते किसान नेता। ● अमृत विचार

उग्र तेवर को देख पीछे हटी पुलिस

किसान की गोली लगने से मौत प्रकरण को लेकर हुई बैठक के बाद जब किसानों ने काशीपुर हाईवे या फिर शहीद रणजीत सिंह पार्क के सामने खट्टर सरकार का पुतला दहन करने का निर्णय लिया तो वहां तैनात कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने सार्वजनिक स्थान पर पुतला दहन नहीं करने की बात कही। जिस पर किसान नेता भड़क गए और इसी बात को लेकर कोतवाल और नेताओं में काफी गहमागहमी हो गई। किसानों ने ऐलान कर दिया कि पुतला नहीं तो किसान अपनी गिरफ्तारियां देंगे। इसके बाद किसानों के तेवर को देखते हुए पुलिस को पीछे हटना पड़ा और किसानों ने शहीद रणजीत सिंह पार्क के सामने पुतला दहन किया।

अचानक हुई बैठक, पुलिस आई हरकत में

बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों द्वारा जिला मुख्यालय घेराव के बाद अभी पुलिस ने राहत की सांस भी नहीं ली थी कि अचानक गुरुवार की सुबह तराई किसान संगठन ने शहीद शुभकरण प्रकरण को लेकर बैठक और पुतला दहन का ऐलान कर दिया। जिसकी भनक लगते ही एलआईयू ने तत्काल पुलिस के आला अधिकारियों को सूचित किया और किसानों के आने से पहले ही भारी पुलिस बल गल्ला मंडी में तैनात कर दिया गया।

टुकटुक लूटने के आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर । 18 फरवरी को तमंचे की नोक पर टुकटुक लूटकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और लूटा गया टुकटुक बरामद किया है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि वार्ड-23 निवासी लक्ष्मण सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि 18 फरवरी की रात साढ़े 9 बजे वह टुकटुक संख्या यूके-06 ईआर-1805 को लेकर काशीपुर बाईपास मार्ग पर खड़ा था। अचानक बाइक पर सवार दो युवक आए और एक युवक टुकटुक में बैठ गया। उन्होंने बताया कि युवक ने बिंदुखेड़ा गांव छोड़ने का किराया तय किया और जैसे ही काशीपुर हाईवे पर पहुंचा तो अचानक युवक ने टुकटुक रुकवाया और फोन कर अपने साथी को बुलाया। कुछ ही देर में बाइक सवार एक युवक आया और दोनों ने तमंचा निकालकर सीने से सटा दिया और मारपीट कर चोटिल कर दिया। आरोप था कि बाइक सवार बदमाशों में से एक ने टुकटुक की चाबी छीनने के बाद टुकटुक को लूटकर बिंदुखेड़ा गांव की ओर भाग गया। कोतवाल ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी और बुधवार को सुरागरसी के आधार पर दानपुर निवासी प्रमोद कुमार और मनिहार खेड़ा यूपी निवासी दिव्यांशु कुमार को गिरफ्तार कर लूटा गया टुकटुक बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

फंदे पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: गृह क्लेश के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में कोतवाली अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लालपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत गुरु नानक स्टेट कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय राजू महतो पुत्र कृष्णा महतो ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली।

मृतक राजू की पत्नी रेखा देवी ने बताया कि उसके पति शराब पीने की लती थे और आए दिन शराब पीकर घर में क्लेश करते थे। रेखा ने बताया कि बुधवार रात्रि भी पति राजू ने शराब पीकर घर में लड़ाई झगड़ा किया था। इसके बाद पीड़िता ने अगले दिन अपने पुत्र- पुत्री के साथ मायके जाने की बात कही थी। महिला ने पुलिस को बताया कि रात्रि करीब 12 बजे उसके पति राजू ने कमरे को अंदर से बंद कर लिया और इसके बाद पीड़िता दूसरे कमरे में बच्चों के साथ सोने चली गई। बताया कि जब वह बेटी खुशबू और पुत्र नीतेश को स्कूल से लेकर घर पहुंची तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद पति ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि राजू ने दुपट्टे से पंखे पर फंदा लगा लिया है। पीड़िता के अनुसार स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर राजू को फंदे से नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों से जानकारी हासिल करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मायके में रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

काशीपुर। मायके में रह रही एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। कुंडा थाने के सूर्या चौकी क्षेत्र के ग्राम गंगापुर निवासी गंगाराम ने वर्ष 2021 में अपनी पुत्री कंचन उर्फ शीलू (26) का विवाह देहरी गांव, थाना कटघर जिला मुरादाबाद निवासी राजू कुमार के साथ किया था। आरोप है की पति व ससुरालियों ने दहेज में दो लाख रुपये की नकदी और कार की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बेटी के पैदा होने के बाद ससुरालियों की प्रताड़ना बढ़ गई। मृतका के पिता गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने शीलू के पति राजू कुमार सहित ससुरालियों के खिलाफ दहेज अधिनियम में केस दर्ज कराया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप लगाया कि उसके पति ने शीलू की आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दी। बुधवार को वह ड्यूटी पर गया था। इसी बीच उसकी पुत्री ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

गंदगी फैलाने पर चार पर जुर्माना

काशीपुर। नगर निगम की टीम नें गंदगी व प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलाया।

टीम ने गंदगी फैलाने वाले चार लोगों का चालान कर 12 हजार रुपये वसूले। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग पर एक व्यक्ति पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहरभर में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने गंदगी फैलाने वाले चार दुकानदारों पर 12 हजार रुपये और प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग पर एक व्यक्ति पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही टीम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का सही से निस्तारण नहीं करने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

डंपर ने तीन को कुचला, एक की मौत, जाम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: पेट्रोल पंप पर डंपर ने तीन युवकों को चपेट में लेकर कुचल दिया। हादसे में एक की युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। तीनों युवक पंप पर बाइक पर आए थे। वह बाइक खड़ी कर साइड में खुद भी खड़े थे। देर शाम आक्रोशित लोगों ने रामराज रोड पर जाम लगाकर हंगामा किया।

आदर्श चौहान।

गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे ग्राम रानीनागल फौजी कालोनी निवासी आदर्श चौहान (18) उर्फ गोपी पुत्र स्व.बसंत चौहान साथी गांव के ही निहाल पुत्र राजपाल व विशाल पुत्र रामपाल के साथ श्रीदशमेश स्कूल के सामने पेट्रोल पंप पर गया था। आरोप है कि इसी बीच वहां तेल भरवाने पहुंचे डंपर चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन को बैक करते वक्त उन्हें चपेट में ले लिया जिसमें आदर्श चौहान की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि निहाल व विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने डंपर और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। आदर्श चौहान बाजपुर डिग्री कालेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया। देर सायं आरोपित डंपर चालक पर तत्काल कार्रवाई करने व मृतक के स्वजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पंप के नजदीक डिग्री कालेज गेट के सामने जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम धामी, एसआई देवेंद्र मनराल ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलाया।

बाजपुर में रामराज रोड पर डिग्री कालेज के सामने जाम लगाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

सूचना से खुलासा | सितारगंज की खुली जेल और जिला कारागार चमोली के अतिरिक्त सभी में क्षमता से अधिक कैदी बंद

प्रदेश की जेलों में क्षमता से दोगुने कैदी बंद

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड की 10 सामान्य जेलों में उसकी क्षमता 3461 से लगभग दोगुने 6603 कैदी बंद हैं। इसके अतिरिक्त सम्पूर्णानन्द शिविर सितारगंज (खुली जेल) में 48 सजायाफ्ता कैदी बंद हैं।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने महानिरीक्षक कारागार (कारागार मुख्यालय) से उत्तराखंड राज्य की जेलों में बंदियों की क्षमता और वर्तमान में बंद कैदियों की संख्या के संबंध में सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में मुख्यालय कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी/ प्रशासनिक अधिकारी मनोज खोलिया ने 15 फरवरी 2024 से जेलों की क्षमता तथा बंदियों का विवरण उपलब्ध कराया है। सूचना के अनुसार सम्पूर्णानन्द शिविर जेल सितारगंज (खुली जेल) और जिला कारागार चमोली के अतिरिक्त सभी जेलों में क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। क्षमता से सर्वाधिक अधिक 102 क्षमता वाली जिला कारागार अल्मोड़ा में 354 कैदी है। दूसरे स्थान पर 555 क्षमता वाली उपकारागार हल्द्वानी में 1502 कैदी है। इसमें तीसरे स्थान पर 580 क्षमता वाली जिला कारागार देहरादून में 1499 कैदी बंद है। चौथे स्थान पर 71 क्षमता वाली जिला कारागार नैनीताल में 170 कैदी बंद है। पांचवें स्थान पर 244 क्षमता वाली रूड़की उपकारागार में 439 कैदी बंद है। छठे स्थान पर 888 क्षमता वाली जिला कारागार हरिद्वार में 1340 कैदी बंद है। सातवें स्थान पर 552 क्षमता वाली केन्द्रीय कारागार सितारगंज में 805 कैदी बंद है। आठवें स्थान पर 150 क्षमता वाली जिला कारागार टिहरी में 198 कैदी बंद है। नवें स्थान पर 150 क्षमता वाली जिला पौड़ी में 168 कैदी बंद है। उपलब्ध सूचना के अनुसार प्रदेश में केवल दो जेले ही ऐसी है जिसमें निर्धारित स्वीकृत क्षमता से कम कैदी बंद है। इसमें एक विशेष जेल सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज है जिसमें केवल सजायाफ्ता कैदियों को ही रखा गया है। इसकी क्षमता 300 कैदियों की है जबकि इसकी क्षमता के मात्र 48 कैदी ही इसमें बंद है। इसके अतिरिक्त सामान्य जेलों में स्वीकृत क्षमता से कम कैदियों वाली एकमात्र जेल जिला कारागार चमोली है। इसमें उसकी क्षमता 169 की अपेक्षा 128 कैदी ही बंद हैं।

युवक पर रॉड से जानलेवा हमला

काशीपुर। एक युवक पर दो लोगों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें युवक बुरी तरह जख्मी हो गया।

हजरत नगर काली बस्ती निवासी इदरीश ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र अयूब 19 फरवरी की रात गौसिया मस्जिद के पास खड़ा था। मोहल्ला अल्ली खां निवासी सलमान और नईम वहां आये और उनके पुत्र के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। इस दौरान दोनों आरोपियों ने युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों के एकत्र होने पर दोनों आरोपी भाग गये। गंभीर अवस्था में उनके पुत्र को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

हिम्मतपुर में पुलिया, सड़क बनेगी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: हेमपुर इस्माइल वासियों को आगामी बरसात में संभवतः बाढ़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। बहला नदी पर करीब 32 लाख की लागत से पुलिया और सड़क का निर्माण होगा।

दरअसल जुलाई 2023 में मूसलाधार बारिश के कारण बहला नदी के उफनाने पर बाजपुर रोड वार्ड नंबर 6 के हेमपुर इस्माइल और हिम्मतपुर क्षेत्र में बाढ़ आ गई थी। लोगों के घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान सब बह गया था। एसडीआरएफ की टीम ने समय से पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों को रेस्क्यू किया था।

प्रभावितों को डिग्री कॉलेज व सरकारी स्कूल में ठहराया गया था। इस दौरान बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों का हाल जाना था। प्रभावितों ने उनसे नदी किनारे की क्षतिग्रस्त सड़क बनाने और नदी पर पुलिया बनाने की मांग की थी। जिससे उन्हें आगामी बाढ़ से निजात मिल सके। अब जाकर दोनों कार्यों के लिए धनराशि मंजूर हो गई है। मंगलवार को हेमपुर इस्माइल हिम्मतपुर में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने दोनों कार्यों का शिलान्यास किया। वहां पर निवर्तमान पार्षद एलम सिंह, दीपक कांडपाल, होशियार सिंह, इंदुमान, राकेश लखेड़ा, ज्ञान सिंह, प्रेम प्रकाश शर्मा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य।

लेखपाल संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध, प्रदर्शन

दो दिन पहले विजिलेंस टीम ने किया था गिरफ्तार, तहसील परिसर में राजस्व कर्मियों का धरना शुरू, प्रकरण की मजिस्ट्रेट जांच की मांग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: विजिलेंस द्वारा लेखपाल संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की गिरफ्तारी किए जाने के विरोध में तहसील परिसर में राजस्व कर्मियों ने प्रकरण की मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया है। लेखपालों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।

बरखेडा पांडे निवासी एक व्यक्ति ने लेखपाल धर्मेंद्र कुमार पर आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सात हजार की रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाते हुए विजिलेंस से शिकायत की थी। विजिलेंस टीम ने लेखपाल धर्मेंद्र व उसके सहयोगी अलाउद्दीन को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते ट्रेप कर लिया। विजिलेंस की इस कार्यवाही के विरोध में राजस्व कर्मियों ने गुरुवार से तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया हैं। उनका कहना था कि गलत प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लेखपालों पर अनैतिक दबाव बनाया जाता है। अगर किसी का प्रमाण पत्र नहीं बन रहा था तो उसे उच्चाधिकारियों से शिकायत करनी चाहिए थी। राजस्व कर्मियों ने षड्यंत्र रचने के आरोपी के खिलाफ भी केस दर्ज किए जाने की मांग की है। यहां लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सतपाल बाबू, गौरव कुमार, दौलत सिंह, अनुज कुमार, मनीष गुंसाई, जगतार सिंह, सरताज अली, संजीव चौहान, अरुण कुमार, निर्मला मनोला, जीत अरोरा, मुकेश कुमार, अकरम अली, नासिर अली व मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में तहसील में धरने पर बैठे राजस्व कर्मी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी को लिखा पत्र तहसीलदार को सौंपा

काशीपुर। बरखेड़ा पांडेय के पूर्व प्रधान व क्षेत्रवासियों ने लेखपाल धर्मेंद्र सिंह को विजिलेंस द्वारा रिश्वत लेने के प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। गुरुवार को बरखेड़ा पाण्डेय के पूर्व प्रधान सरफराज आलम के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को लिखा एक पत्र तहसीलदार पंकज चंदोला को सौंपा। जिसमें कहा गया कि बुधवार को लेखपाल धर्मेंद्र सिंह को रिश्वत लेने के मामले में विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच किया जाना आवश्यक है क्योंकि लेखपाल द्वारा एक वर्ष से अपने सर्किल में कार्य किया जा रहा है, जोकि संतोषजनक है। जिन आरोपों के आधार पर लेखपाल को झूठा फंसाया गया है व निराधार है। जबकि लेखपाल द्वारा किसी कार्य के लिए क्षेत्र की जनता से कोई मांग नहीं की गई। पत्र भेजने वालों में बांसखेड़ा खुर्द ग्राम प्रधान शाइस्ता, आसिफ, जाकिर हुसैन, नासिर, फैसल, रशीद, हाजरा आदि के हस्ताक्षर है।

किच्छा में भी कर्मचारियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया

किच्छा। विजिलेंस टीम पर काशीपुर तहसील में राजस्व उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को षड्यंत्र पूर्वक झूठा फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए किच्छा तहसील में राजस्व विभाग के तमाम कर्मचारियों ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी कौष्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। मौके पर राजस्व उप निरीक्षक दीपक सिंह, जगतार सिंह, गौरव कुमार, निर्मला मनोला, नाजिम खान, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

षड्यंत्र के तहत फंसाया

बाजपुर। काशीपुर में विजिलेंस की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को तहसील परिसर में राजस्व कर्मी कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। राजस्व कर्मियों का कहना है कि इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए। बुधवार को काशीपुर तहसील में एक व्यक्ति की शिकायत पर आय प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में पटवारी व उसके साथी द्वारा सात हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े जाने के विरोध में राजस्व कर्मियों का आक्रोश फूट पड़ा और विजिलेंस की कार्रवाई के विरोध में राजस्व कर्मी धरने पर बैठ गये हैं। धरने पर बैठे राजस्व कर्मियों का कहना है कि इस मामले में पटवारी को षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। उनका कहना है कि गलत प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पटवारियों व राजस्व कर्मियों पर नाजायज दबाव बनाया जाता है। गलत काम नहीं करने पर विजिलेंस का खौफ दिखाकर डराया जाता है। राजस्व कर्मियों का कहना था कि यदि प्रमाण पत्र नहीं बन रहा था तो तहसीलदार, एसडीएम या जिलाधिकारी से बात की जा सकती थी सीधे विजिलेंस तक पहुंचना उचित नहीं था। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया कि निजी खुन्नस में एक ईमानदार पटवारी को फंसाया गया है। इस दौरान राजस्व कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। राजस्व कर्मियों ने इस मामले में विजिलेंस को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि छापा मारने से पहले विजिलेंस के अधिकारियों को मामले की सत्यता का पता लगाना चाहिए था। इस मौके पर उत्तराखंड लेखपाल संघ की शाखा अध्यक्ष हेमा बिष्ट, कानूनगो सुनितिपाल सैनी, मोहन सिंह, नायब नाजिर मो .उमर, देवेंद्र कुमार, विपिन चौहान, मोहन सिंह रावत, आशीष चौहान, मो .इसराइल, लक्ष्मण सिंह जंगपांगी, नवल किशोर, सुक्खी सिंह, कुलदीप सिंह, नितिन कुमार, प्रकाश सिंह, मुर्तजा अली, मोहन सिंह, सुखवंत सिंह, संजय कुमार चौहान आदि मौजूद थे।

तहसील में किया कार्य बहिष्कार

गदरपुर। काशीपुर में विजिलेंस के छापे में गिरफ्तार लेखपाल के समर्थन में तहसील में कार्यरत लेखपालों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। राजस्व निरीक्षकों का कहना था की किसी साजिश के तहत लेखपाल को फंसाया गया है। गुरुवार को उत्तराखंड लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष सतपाल बाबू के नेतृत्व में लेखपाल तहसील में एकत्र हुए जहां उन्होंने बुधवार को काशीपुर तहसील में विजिलेंस द्वारा धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किए जाने से आक्रोशित लेखपालों ने तहसील मुख्यालय में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सतपाल बाबू ने कहा शुक्रवार को लेखपाल संघ की बैठक जिला मुख्यालय में रखी गई है, जिसमें आंदोलन की अगली रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्य बहिष्कार करने वालों में विजय गुप्ता, सुरजीत सिंह, राजीव कुमार, उमा रशीद लेखपाल शामिल थे।

रोड सेफ्टी टीम ने दुर्घटना संभावित स्थानों को देखा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर परिवहन विभाग व रोड सेफ्टी विभाग की एक टीम ने स्थानीय अधिकारियों के साथ दुर्घटना संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही इन स्थानों पर यातायात को लेकर योजना बनाकर उसका धरातल पर उतारने के निर्देश दिये।

गुरुवार को डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर राजीव मेहरा व असिस्टेंट डायरेक्टर रोड सेफ्टी संघल, निरीक्षक अविनाश ने एआरटीओ प्रशासन विमल पांडेय, एआरटीओ जितेंद्र चंद्र, यातायात निरीक्षक जितिन पाठक समेत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर शहर व शहर के बाहरी दुर्घटना संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टांडा तिराहे पर गोल चक्कर की आवश्यकता बताया। कहा कि गोल चक्कर बनने के बाद ही लोगों को यातायात नियमों की अनदेखी न कर गलत दिशा से गुजरने से रोका जा सकता है। वहीं अधिकारियों ने कुछ दुर्घटना संभावित स्थानों पर ट्रैफिक लाइट की आवश्यकता भी बताई। टीम ने टांडा उज्जैन तिराहे के अलावा एमपी चौक, स्टेडियम तिराहा, केलाखेड़ा मोड़, बाजपुर रोड, मुरादाबाद रोड, जसपुर रोड इत्यादि दुर्घटना संभावित स्थानों का सघन निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश देकर योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मेहरा ने यातायात व्यवस्था में सुधार की बात कही।

लोगों के सहयोग से ही रुकेगा क्राइम : टीसी

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अराजक तत्वों पर कार्रवाई के दिये निर्देश। जनता दरबार लगाकर जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों की जन सुनवाई व मौके पर ही जनता की समस्याओं के निवारण हेतु थाना प्रभारी और हल्का प्रभारियों को निर्देश दिए।

गुरुवार को थाने के वार्षिक निरीक्षण में पहुंचने पर पुलिस कर्मियों ने सर्वप्रथम एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने बैंक ड्यूटी, गस्त ड्यूटी व रिकॉर्ड रूम के अभिलेखों एवं आर्म्स गोदाम के साथ आवास व वैरिक का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी व हल्के प्रभारियों को नशे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने हेतु प्रत्येक दिवस नशे पर कार्रवाई करते हुए शराब की तस्करी करने वालों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही कर जिला बदर करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने थाना के पुलिस कर्मचारियों की बैठक लेकर समस्याओं को सुना एवं थानाध्यक्ष अनिल जोशी सहित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना जनता के सहयोग से बढ़ रहे क्राइम व नशीले पदार्थों की बिक्री एवं दुर्घटनाओं पर रोक नहीं लगाया जा सकता। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, सीओ तपेश कुमार, सीओ सिटी निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष अनिल जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, भाजपा महिला जिला महामंत्री कविता नेगी, हिमांशु सरकार, अनादिरंजन मंडल, अशोक कालड़ा, योगेश मिगलानी, राहुल बाठला, रोहित मंडल, चेतन सुखीजा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, प्रयाग दत्त कांडपाल, शंकर सिंह नगरकोटी, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, ललित खोलिया, सत्यजीत विश्वास, सुकुमार सरकार, विशाल मंडल, राकेश बाठला, प्रवीन नारंग आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर थाने में आर्म्स की जानकारी लेते एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी।

राहुल फिर बने बसपा के महानगर अध्यक्ष

काशीपुर। बसपा की ओर से एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर कुछ दिन पूर्व हटाए गए एमए राहुल को फिर से महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। गुरुवार को ग्राम कुंडेश्वरा में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव नंद गोपाल गौतम, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बीआर धोनी ने किया। जिले के पदाधिकारी घर-घर जाकर बसपा के कार्य को बताएं। कुमाऊं प्रभारी सुरेंद्र सागर ने कहा कि हम कहीं कमजोर नहीं है, जहां हमारा वोट जाएगा पार्टी मजबूत होगी। इस दौरान एमए राहुल को फिर से महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं विनोद सिंह को बाजपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया।

विधायक बेहड़ के चार प्रस्तावों को मंजूरी मिली

किच्छा। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों से किच्छा विधानसभा से संबंधित चार महत्वपूर्ण विकास कार्यों के उत्तराखंड सरकार से जीओ जारी हो गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को किच्छा के कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा किच्छा विधानसभा से संबंधित 10 विकास कार्य के प्रस्ताव भेजे गए थे, जिनमें 4 प्रस्तावों को मंजूरी मिलने से जनता में खुशी की लहर है। विधायक बेहड़ ने बताया कि किच्छा में फायर ब्रिगेड स्टेशन भवन का निर्माण जल्द करने का घोषणा पत्र संख्या 135/2024 उन्हें प्राप्त हो गया है तथा घोषणा संख्या 136/2024 के तहत नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत शीघ्र नई कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जाएगा तथा कॉलेज के पुराने भवन की मरम्मत कराई जाएगी। पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय परिसर के अवशेष सड़कों के सुधार व किच्छा में कम्युनिटी हॉल का निर्माण किया जाएगा।

काशीपुर में किसानों को जानकारी देते गन्ना अधिकारी। ● अमृत विचार

किसानों को ट्रैच विधि से गन्ना उत्पादन की जानकारी

काशीपुर। किसानों को ट्रैच विधि द्वारा गन्ना उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही गन्ना में लगने वाले रोग एवं कीटों से बचाव के उपाय किसानों को बताए। गुरुवार को गन्ना अनुसंधान केंद्र काशीपुर और आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग एवं शोध निदेशालय पंतनगर के समन्वय से अखिल भारतीय गन्ना शोध परियोजना के तहत गन्ना अनुसंधान केंद्र पर कृषक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गन्ना प्रजाति को पंत 12221, को पंत 13224 एवं को पंत 12226 की किसानों द्वारा सराहना की गयी। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ना में लगने वाले रोग एवं कीटों से बचाव के उपाय किसानों को बताए। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. मुन्ना लाल द्वारा गन्ने की बुवाई की विधियां एवं कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रगतिशील किसान हरदयाल सिंह, प्रवीन कुमार, जोगेन्द्र सिंह, जाकिर अली एवं वीरेंद्र कुमार आदि किसानों ने गन्ना कृषक भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कांग्रेस का आंदोलन को समर्थन

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर किया जा रहा आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान तमाम कांग्रेसियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समर्थन दिया।

ज्ञात हो कि विगत तीन दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा नगर स्थित इंदिरा गांधी खेल मैदान में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बुधवार को तीसरे दिन भी किच्छा विधानसभा के तमाम क्षेत्रों से आई दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने नगर स्थित इंदिरा गांधी खेल मैदान में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह, युवा कांग्रेसी नेता भूपेंद्र पपनेजा बंटी, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा, व्यापारी नेता दुर्गेश गुप्ता एवं जाकिर अंसारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की। मौके पर जावेद अहमद, कुसुम लता, कुसुम गंगवार, पूजा मुंजाल, तरन्नुम अंसारी, शाहजहां, नईमा, रेनू, तबस्सुम, फरजाना सैफी, मुनीजा, गीता आदि मौजूद रहे।

किच्छा में प्रदर्शन करते आंगनबाड़ी वर्कर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत बगड़ तल्ला विकास खंड कोटाबाग (नैनीताल)

पत्रांक : निविदा/2023-24 — **अल्पकालीन निविदा** — दिनांक : 22/02/2024

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखंड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत तल्ला बगड़ विकास खंड कोटाबाग में निम्न विवरणानुसार सामग्री आपूर्ति हेतु योग्य सक्षम निर्माण कर्ताओं, अधिकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 29/02/2024 की अपरान्ह बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति के द्वारा खोले जाएंगे। टेन्डर स्वीकृत एवं अस्वीकृत का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। निविदा दाता का किसी प्रकार का कोई भी दावा/ क्लेम एवं सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा दाता को धरोहर राशि एन.एस.सी. अथवा डाकघर बचत पास बुक एवं राष्ट्रीयकृत बैंक एफ.डी.आर. को ग्राम पंचायत के नाम से बंधक करते हुए प्रस्तुत करना होगा। सफल निविदादाता को निविदा शर्तों के अनुसार सामग्री की आपूर्ति और फिक्सिंग कर कार्यालय में बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करना होगा भुगतान संतोषजनक कार्य करने के उपरांत ही किया जाएगा निविदा फार्म एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 28/02/2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किए जा सकते है।

क्रम संख्या	स्वीकृत संख्या	योजना का नाम	योजना हेतु स्वीकृत धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	धरोहर राशि कुल स्वीकृत धनराशि का 3%	अनुबंध करने की वैधता अवधि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	993	जिला पंचायत वार्ड 16-तलिया (ग्राम पंचायत बगड़ तल्ला) के तोक नीमपानी से घाट तक 4 फुट चौड़ाई व 800मी. दीवार एवं सीसी मार्ग का निर्माण।	8.50	850+18% जीएसटी	25500	10 दिन	90 दिन

निविदा की अन्य शर्ते निम्न प्रकार है।
1. निविदादाता अधिकृत आपूर्तिकर्ता को लाईसेन्स एवं अधिकृत प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
2. सामग्री आपूर्ति एवं फिक्सिंग का अनुभव प्रमाण पत्र।
3. 100 का नान जूडीशीयल स्टाम्प।
4. पेन और जी.एस.टी.एन. की छाया प्रति।
5. सामग्री विक्रय के बाद दी जाने वाली परफोरमेन्स गारंटी।
6. टेंडर और सामग्री आपूर्ती में भिन्नता पाए जाने पर सामग्री वापस प्राप्त करना।

नोट : संबंधित फर्म / ठेकेदार का पंजीकरण वैध सामग्री में होना अनिवार्य होगा ऑडिट होने पर कोई आपत्ति आएगी तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी।

ग्राम पंचायत बगड तल्ला
विकास खंड - कोटाबाग (नैनीताल)

सार-संक्षेप

अमृतसर के लिए ट्रेन चलाने पर गदरपुर में मिष्ठान वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता।

काठगोदाम-अमृतसर ट्रेन चलाने पर मिष्ठान वितरण

गदरपुर। काठगोदाम से अमृतसर के लिए ट्रेन चलाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि वर्षों से लटकी तराई क्षेत्र की मांग को रेल मंत्री ने पूरा किया है। बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ता भाजपा जिला अध्यक्ष के कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने वर्षों से तराई क्षेत्र के लोगों की मांग को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा काठगोदाम से अमृतसर ट्रेन चलाई जाने को लेकर आतिशबाजी कर की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुडडी, अशोक हुड़िया, सुभाष गुंबर, अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली, डॉ सोनू विश्वास, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोरा, नरेश हुड़िया, संजय चौधरी, अरविंद पाल, पूनम ग्रोवर, रिंकी हितकारी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

आशीष का राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में चयन

आशीष जोशी।

काशीपुर। काशीपुर एससी गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र आशीष जोशी का चयन दिल्ली राष्ट्रीय वाद-विवाद अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संस्थान के कीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के लिए कुमाऊं विद्यालय से एससी गुड़िया लॉ कॉलेज के आशीष जोशी व डीएसबी कैंपस नैनीताल की कुमारी मानसी का चयन 1 व 2 मार्च को सतपाल मित्तल राष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए किया गया, जो 29 फरवरी को टीम मैनेजर डॉ. संतोष डीएसबी कैंपस नैनीताल के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना होंगे। आशीष की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, संस्थान की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ. नीरज आत्रेय, प्राचार्य (लॉ) डॉ. आरएन सिंह, निदेशक डॉ. केवल कुमार, प्राचार्य (यूजी) डॉ. निमिषा अग्रवाल आदि ने बधाई दी।

बीमा कंपनी को 7.74 लाख की प्रतिपूर्ति करने का आदेश

काशीपुर। एमएसीटी/ द्वितीय एडीजे कोर्ट ने मोटर दुर्घटना वाद में सुनवाई कर याचिकाकर्ता को 7.74 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति अदा करने के आदेश दिए हैं। यह राशि 6 प्रतिशत ब्याज दर से एक माह में अदा करना होगी। कुंडेश्वरी निवासी रमेश देवी ने अपने अधिवक्ता अफसर अली खान के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत कर कहा था कि उसका पति रामवीर टेंपो चालक था, 30 सितंबर, 2017 को उसके पति का टेंपो ग्राम कनौरा, बाजपुर में खराब हो गया। वह टेंपो सड़क किनारे लगाकर घर आने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान कार संख्या यूपी 20 जी, 6305 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उनके पति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। याचिका में इंश्योरेंस कंपनी और कार मालिक शकील को पक्षकार बनाया गया। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बीमा कंपनी को सात लाख 74 हजार 600 रुपए की प्रतिपूर्ति 6 फीसद ब्याज की दर से अदा करने के आदेश दिए हैं।

लोक अदालत में होगा प्री-लिटिगेशन के वादों का निस्तारण

रुद्रपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक ने बताया कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। यह लोक अदालत रुद्रपुर सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी। गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने कहा कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के भरण पोषण, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली, आपराधिक शमनीय व सिविल श्रम विवाद, विद्युत व जलकर बिल से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर रुद्रपुर में या दूरभाष संख्या 05944-250682 पर संपर्क कर सकते हैं।

विदाई कार्यक्रम को आशीर्वाद समारोह के रूप में मनाया

किच्छा। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में विदाई कार्यक्रम को आशीर्वाद समारोह के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपना एवं देश का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र भट्ट एवं पूर्व प्रधानाचार्य राधेश्याम पांडे ने मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप जलाकर किया। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को तनाव से मुक्त होकर बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। मौके पर बृजपाल चौधरी, प्रकाश चंद, भुवन चंद आदि मौजूद रहे।

सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख ठगे

जसपुर। सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 2 लाख 50 हजार रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मौहल्ला जुलाहान निवासी मो. आकिब पुत्र मो. आसिफ ने कहा कि उसको और उसके रिश्तेदार को ग्राम रायपुर निवासी शहजाद आलम पुत्र शकील अहमद ने 2 लाख 50 हजार रुपये में सरकारी नौकरी लगवाने के लिए उनको बहला-फुसलाकर उसने 70 हजार रुपये और शेष एक लाख 80 हजार रुपये डिमांड ड्रॉफ्ट व बैंक अकाउंट के माध्यम से ले लिये। मो. आकिब ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब चार-पांच माह तक उनको वह टलता रहा तो उसने 3 दिसंबर 2023 को एक शिकायती पत्र नादेही पुलिस चौकी को दिया था, जिसमें कुछ संभ्रांत लोगों ने बैठाकर आपस में समझौता करा दिया और शहजाद व उसके पिता ने तीन किस्तों में 10 जनवरी 2024 तक उसके रुपए वापस करने का समय मांगा था, लेकिन उसने रुपये आज तक वापस नहीं किये। पुलिस ने शहजाद आलम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

श्री खाटू श्याम मंदिर में विधायक अरोरा ने लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा गल्ला मंदिर स्थित खाटू श्याम मंदिर में आज शीश के दानी, हारे के सहारे श्री खाटू श्याम भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। विधायक अरोरा कहा रुद्रपुर में यह पहला खाटू नरेश का मंदिर है जो तैयार होकर भव्य दिव्य आकार ले चुका है। इस अवसर पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, महामंत्री मनोज छाबड़ा, अनिल जैन, सोनू अनेजा, सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, अमित बांगा, राजकुमार जिंदल, अनुज अग्रवाल, जितेश गुप्ता, नरेश बंसल, पवन अग्रवाल, नितिन गोयल, शिवम अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

तीन छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई मेन की परीक्षा

काशीपुर। समर स्टडी हॉल स्कूल के विद्यार्थी जैनुल अवेदीन ने जेईई मेन की परीक्षा 99.72 प्रतिशत से पास कर अपने विद्यालय व शहर का नाम रोशन किया है। इसके अलावा विद्यालय के दो अन्य छात्रों सक्षम गोयल और आदित्य मित्तल ने भी जेईई मेन की परीक्षा उर्तीण की है। जेईई मेन की परीक्षा में सक्षम गोयल ने 96.78 प्रतिशत एवं आदित्य मित्तल ने 91.11 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। जैनुल अवेदीन, सक्षम गोयल एवं आदित्य मित्तल की इस उपलब्धि पर विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज भाटिया व समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

मां और भाई के परिवार पर लगाया मारपीट का आरोप

खटीमा। उत्तर प्रदेश सीमा से लगे वनगवां निवासी सतनाम सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में अपने ही भाई के परिवारजनों पर घर में घुसकर गाली गलौज करने और मना करने पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर वहीं के निवासी भाई जरनैल सिंह, मां चरनों कौर और भतीजों सुखदेव सिंह और बिट्टू सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शिविर में 68 बच्चों और शिक्षकों का स्वास्थ्य देखा

खटीमा। होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड डॉ. जे फलम व जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद्र जोशी के निर्देशानुसार प्राथमिक विद्यालय झनकट में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा प्रभारी डॉ संदीप कुमार और ललित मोहन तिवारी की देखरेख में आयोजित शिविर में 68 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य आलोक सिंह, भागीरथी देवी, विजया लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

रितिका जोशी सेना में बनीं लेफ्टिनेंट

रानीखेत : नगर के निकटवर्ती गांव तल्ला विश्वा निवासी रितिका जोशी को बीते दिवस पुणे के आर्म्ड फोरसेज मेडिकल कॉलेज से मिलिट्री नसिंग सर्विस कमीशनिंग सेरेमनी में लेफ्टिनेंट का रेंक दिया गया। रितिका की प्रारम्भिक शिक्षा गनियाद्योली के जेएंडजे सिटी मांटेसरी स्कूल हुई है। उन्होंने 12 वीं की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ से हासिल की। उनके पिता प्रमोद जोशी कैप्टन पद से सेवानिवृत्त है और वर्तमान में चिलियानौला हैड़ाखान आश्रम में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। जबकि माता दीपा जोशी गृहिणी है। रितिका के सेना में अधिकारी बनने पर परिवार मे खुशी की लहर है।

बिजली पोल में करंट लगने से बिजली कर्मी जख्मी

टनकपुर : गुरुवार को पूर्णागिरि मार्ग में 11हजार केवी लाइन में विद्युत विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान विद्युत पोल में चढ़कर काम कर रहे विद्युत कर्मचारी 42 वर्षीय प्रेम सिंह राणा निवासी फुलरिया खटीमा अचानक करंट लगने से वह पोल से नीचे गिर पड़े जिन्हें टनकपुर के उप जिला चिकित्सालय में लाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। इधर उपचार कर रहे डॉ. प्रकाश चोगले ने बताया कि प्रेम सिंह के शरीर में कई स्थानों पर चोट लगी है जिनका उपचार किया जा रहा है।

गाजियाबाद से गिरफ्तार किया बाइक चोर

अल्मोड़ा : द्वाराहाट निवासी मनीष मेहरा की बाइक चोरी हो गई थी। थानाध्यक्ष द्वाराहाट अवनीश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सर्विलांस सेल के सहयोग से सुरागरसी करते हुए अथक वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त राजेंद्र गिरी को जनपद गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के शिप्रा मॉल के पास से गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गौरव, विक्रम, योगिता, संयोगिता ने मारी बाजी

लोहाघाट : सपनों की उड़ान के तहत बीआरसी पाटी में न्याय पंचायत रौलमेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा कार्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नीरज बिष्ट ने किया। प्राथमिक वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में गौरव, मयंक, दिशा, चित्रकला में विक्रम, प्रियांशु, तनुजा, वाद विवाद में योगिता, आंचल, कोमल पहले, दूसरे तीसरे स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संयोगिता, करन, कुसुम, चित्रकला प्रतियोगिता में सुमित, अनुज, रमनदीप, वाद विवाद में ललिता, सिमरन, गौरव, विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में आयुष, प्रदीप, संयोगिता पहले तीन स्थान में रहे। निबंध प्रतियोगिता में तनुजा, सिमरन, खुशी, माध्यमिक वर्ग की चित्रकला में प्रियांशु, अभिनव, कमल, निबंध प्रतियोगिता में कमल, दीपांशु, मोहित, विज्ञान क्विज में अभिनव, मोहित, दीपांशु पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। संचालन रवीश पचौली ने किया।

श्रम विभाग में पंजीकृत 50 श्रमिकों को बांटी गई सामग्री

चम्पावत : उत्तराखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण योजना के तहत गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में श्रम विभाग द्वारा संन्निर्माण कल्याण बोर्ड श्रम विभाग में पंजीकृत 50 श्रमिकों को कम्बल, छाता व सैनेट्री पैड वितरण किए गए। जिला श्रम अधिकारी राबिया ने बताया की जिला पंचायत सभागार में श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिको को कंबल वितरण अभियान के तहत 50 कंबल वितरित करने के साथ ही गुरुवार को अन्य स्थानो पर भी कुल 150 कंबल, छाता व सेनेटरी पैड वितरित किए गए। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय और जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने लाभार्थियों को समान बांटे इस मौके पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा आदि प्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे।

शिवा ग्रुप के युवाओं ने की परिवार की आर्थिक मदद

लोहाघाट : बाराकोट ब्लाक के रैघांव निवासी हरीश सिंह अधिकारी के करंट की चपेट में आने से दोनों हाथ झुलस गए थे। हरीश सिंह का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। माता, पिता बुजुर्ग हैं, जिनके उपर पीडित बेटे के परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी भी है। आर्थिक रूप से कमजोर हरीश सिंह को इलाज कराने में भी काफी दिक्कतें आ रही हैं। शिवा ग्रुप के अध्यक्ष शुभम सिंह ढेक व अभियंता राज महर के नेतृत्व में युवाओं ने आपसी सहयोग और लोगों की मदद से 19 हजार 391 रुपए की आर्थिक मदद जुटाई और पीडित के घर जाकर धनराशि सौंपी। अभियंता राज महर ने बताया कि हरीश को हल्द्वानी चिकित्सालय से सफदरजंग अस्पताल दिल्ली रेफर कर दिया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने तहसील में किया प्रदर्शन

टनकपुर : मानदेय में बढ़ोतरी किए जाने समेत तमाम मांगों को लेकर गुरुवार को क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टनकपुर तहसील पहुंचे जहां उन्होंने तहसील परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन 600 के हिसाब से 18000 रूपये मासिक वेतन दिए जाने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 15 वर्ष पूरे होने पर उनके मानदेय में बढ़ोतरी करने और सेवानिवृत होने पर दो लाख रुपए की धनराशि दिए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। धरना प्रदर्शन करने वालों में सरोज मोनी,दीपा शर्मा, नीरू बिष्ट, माधवी देवी, राधिका देवी, साधना, सुमित्रा परगाई, ललिता परगाईं,ममता देवी, निर्मला बोहरा, बिमला चौड़ाकोटी, जानकी महर, किरण महर, जयंती देवी, किरण भट्ट, मीना देवी, मंजू देवी आदि मौजूद रहे।

मेहंदी में अनुष्का, रंगोली में सोनिया ने मारी बाजी

बनबसा : स्वीप अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनबसा में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए छात्राओं के एक समूह ने रंगोली बनाई और दूसरे समूह ने मेंहदी लगाकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया। मेहंदी प्रतियोगिता में अनुष्का प्रथम, नेहा द्वितीय और वंदना तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में सोनिया, मुस्कान, अनन्या ने बाजी मारी। इस अवसर पर स्वीप के समन्वयक त्रिलोचन जोशी, प्रधानाचार्या मीना शुक्ला, कल्पना आर्या, जिला प्रोबेशन विभाग से मीनू त्रिपाठी, पुष्पा सामंत, ईएलसी प्रभारी प्रेमलता पंत, तारा नेगी आदि रहे।

आशा वर्कर्स को किया गया सम्मानित

भिकियासैंण में हुआ जिला सम्मेजन, सांसद अजट टम्टा व विधायक जीना, नैनवाल रहे शामिल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले की भिकियासैंण तहसील में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्य करने वाली आशा वर्कर्स का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सांसद अजय टम्टा ने बेहतर कार्य करने वाले एक ब्लाक समन्वयक, तीन आशा फैसिलेटर तथा तीन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र, पारितोषिक के चेक देकर सम्मानित किया।

भिकियासैंण में बेहतर कार्य करने वाले वर्कर्स को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

गुरुवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज भिकियासैंण के मैदान में आशा वर्कर्स का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ सांसद अजय टम्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा आशा कार्यकत्रियां स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। कोरोना काल में इन्होंने सराहनीय कार्य किया। रानीखेत विधायक डा.प्रमोद नैनवाल ने कहा आशा वर्कर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए आशा की किरण हैं। सल्ट के विधायक महेश जीना ने कहा जिस मुस्तैदी से आशा वर्कर्स अपने क्षेत्र में कार्य करती है उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है।

सांसद तथा दोनों विधायकों ने आशाओं को आश्वस्त किया कि उनका मानदेय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ताकुला ब्लाक के समन्वयक राजेंद्र प्रसाद को पांच हजार, प्रथम रही ताड़ीखेत की आशा फैसिलेटर नीमा भट्ट पांच हजार, द्वितीय स्थान पर रही द्वाराहाट की शीला भट्ट को तीन हजार, तृतीय स्थान पर रही चौखुटिया की गंगा पटवाल को एक हजार तथा आशा वर्कर धौलादेवी सुनीता देवी को पांच हजार, देघाट की नीमा देवी तीन हजार, भैंसियाछाना की हेमा भट्ट को एक हजार रुपए का पारितोषिक चेक, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रानीखेत लीला बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरसी पंत, जिला लेखा प्रबंधक योगेश जोशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक भट्ट, जिला आशा समन्वयक गोकुलानंद जोशी, बीडीओ रमेश सिंह बिष्ट, डा.पियूष रंजन आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा के जागेश्वर व बिनसर में हुई बर्फबारी

▸▸ तेज हवाओं के कारण पड़ रही कड़ाके की ठंड

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार को पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज फिर से बदल गया है। गुरुवार को अल्मोड़ा में सुबह अच्छी धूप खिली। लेकिन दोपहर बाद भी मौसम खराब हो गया और जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी के साथ ही कई स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि भी हुई।

गुरुवार दोपहर बाद अचानक आसमान में घने काले बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलने लगी। थोड़ी ही देर के बाद बारिश शुरू हो गई। जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बिंसर, दूनागिरि, वृद्ध जागेश्वर, कसारदेवी, सराईखेत आदि क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में बारिश के साथ हल्के हिमकण गिरे। बारिश और हल्की बर्फबारी के बाद पर्यटकों में खुशी का माहौल दिखाई दिया और उन्होंने बर्फबारी वाले क्षेत्रों का रुख भी किया। पर्यटकों को उम्मीद है कि मौसम ऐसा ही बना रहा तो अभी और बर्फबारी हो सकती है। इधर ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और बारिश के बाद तापमान में गिरावट आ गई है और कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है।

अल्मोड़ा में बारिश और हिमकण गिरने के बाद बाजार में छाई सुनसानी।

मानसिक विक्षिप्त को जंगल में ले जाकर की छेड़छाड़

अल्मोड़ा : धौलादेवी के दन्या क्षेत्र में दो युवकों द्वारा एक नाबालिग मानसिक विक्षिप्त को बाइक में बैठाकर जंगल में जाने और उसके साथ छेड़छाड़ और अभद्रता करने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। दन्या पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दन्या के थानाध्यक्ष विजय सिंह नेगी ने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार को दो युवक एक नाबालिग को बाइक में बैठाकर जबरन शौकियाथल जंगल की ओर ले गए। जंगल में वह उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। नाबालिग के विरोध करने पर युवकों ने उसके साथ गालीगलौच व मारपीट भी की। आसपास से गुजर रहे लोगों ने शोर सुना तो वह मौके पर पहुंचे। जिससे युवक सकपका गए। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को दबोच लिया और दन्या पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने पुलिस को दोनों युवकों द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ और अभद्रता करने की जानकारी दी। जिसके पीड़िता के पिता ने दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद फुलई जागेश्वर निवासी रोशन कुमार(23) पुत्र संतराम और आशीष कुमार (19) पुत्र जीवन राम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष नेगी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना मिहला थानाध्यक्ष मीना आर्या को सौंपी गई है। आर्या ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

बीएड अनिवार्य करने पर भड़के छात्र

▸▸ सरकार ने निर्णय नहीं बदला तो होगा उग्र आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे अल्मोड़ा के दृश्य कला संकाय के छात्रों ने कला विषय में बीएड की अनिवार्यता के सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध किया है।

एसएसजे के छात्रों ने संकाय में अपना विरोध व्यक्त करते हुए सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है। कार्रवाई ना होने पर छात्रों ने उग्र आंदोलन का ऐलान भी किया है। प्रदेश सरकार ने कैबिनेट की बैठक में बीते दिनों कला विषय में शिक्षक बनने के लिए बीएड अनिवार्य कर दिया है।

जिसके बाद फाइन आर्ट में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं में खासा आक्रोश व्याप्त है। एसएसजे के फाइन आर्ट संकाय में मौजूद छात्र छात्राओं ने कहा है कि कला विषय में शिक्षक बनने के लिए बीएड अनिवार्य करने से उनके रोजगार के रास्ते पूरी तरह बंद हो गए हैं।

छात्रों ने कहा है कि फाइन आर्ट को पूरे देश में बीएड के समकक्ष रखा गया है। छात्रों ने कहा है कि यह चार वर्षीय पूर्ण कालिक कोर्स है। जिसमें ड्राइंग, प्रिंट मेकिंग, पेंटिंग, डिजाइन, एप्लाइड आर्टस को प्राथमिकता दी जाती है।

लेकिन सरकार ने यह निर्णय लेकर सैंकड़ों युवाओं को पशोपेश की स्थिति में डाल दिया है। छात्रों ने सरकार से अपने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है। छात्रों ने कहा है कि अगर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे।

विरोध के दौरान संकाय में ज्योत्सना, कविता, पंकज बिनवाल, योगेश डसीला, सुरभि शर्मा, महेंद्र आर्या, कृष्णा दिव्यांशु, विदुषी, वीरेंद्र, पीयूष आदि मौजूद रहे।

स्काउटिंग के जन्मदाता पावेल का जन्मदिन मनाया

बनबसा : केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनएचपीसी में स्काउटिंग के जन्मदाता बेडेन पावेल का जन्म दिवस विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। ए कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राजेश कुमार वत्स के द्वारा रॉबर्ट स्मिथ स्टीवेंसन बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा 8 के छात्र मानव सिंह बिष्ट एवं पलक के द्वारा उनके जीवन पर और स्काउटिंग के इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। शिक्षक बीपी सिंह के द्वारा स्काउटिंग का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक मोहम्मद मुदस्सर के संचालन मे हुए कार्यक्रम मे शिक्षक बी के पुष्कर, शेफाली माहेश्वरी, श्वेता भाल आदि तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

छावनी परिषद से बाहर करने को धरना जारी

रानीखेत : विकास संघर्ष समिति के बैनर तले छावनी परिषद से मुक्ति पाने के लिए सांकेतिक धरना गांधी चौक में आज भी बदस्तूर जारी रहा। संघर्ष समिति ने लोक सभा चुनाव आचार संहिता से पहले नगर पालिका में विलय न होने पर चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है। छावनी परिषद से सिविल एरिया को पृथक कर नगर पालिका परिषद में विलय करने की मांग पर यहां गांधी पार्क में नागरिकों का सांकेतिक धरना आज 342 वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर लोगों ने नगर पालिका में शामिल न किए जाने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए नारेबाजी की।

हेली सेवा के प्रथम यात्री बृजवाल का स्वागत

चम्पावत : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कैंप कार्यालय देहरादून से वर्चुअली हेरिटेज एविएशन द्वारा रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आर .सी .एम) के अंतर्गत हल्द्वानी से चम्पावत के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ गोलापार, हल्द्वानी स्थित हेलीपैड से किया गया। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय जनपद चम्पावत के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल उक्त हेलीसेवा में प्रथम यात्री बनकर हल्द्वानी से चम्पावत पहुंचे। चम्पावत स्थित हेलीपैड में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा, मुकेश कलखुड़िया, गोविंद सामंत आदि ने नोडल अधिकारी का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया।

चम्पावत में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय।

बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरों पर

▸▸ डीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : आगामी 27 फरवरी से 16 मार्च तक चलने वाली उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा को लेकर अभी तक की गयी तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने जिला सभागार चम्पावत में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न कराने में नियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए जो भी दायित्व सौंपे गये हैं उसे पूरी ईमानदारी से निभायें और किसी भी लापरवाही से बचें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत मतदान करने, मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलायी। मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि परिषदीय परीक्षा 2024 के लिए जनपद में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें हाईस्कूल के लिए 39 तथा इण्टरमीडिएट के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। हाईस्कूल में कुल 2995 छात्र-छात्राएं हैं। इण्टरमीडिएट में 2997 छात्र-छात्राएं है, जिनमें 1125 बालक, 1221 बालिकाएं संस्थागत तथा 29 बालक और 22 बालिकाएं व्यक्तिगत तौर पर परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए जिला चम्पावत को 10 सैक्टरों में बांटा गया है।

वर्ग पहेली-351

बाएं से दाएं

1.1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।

4.1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।

5.1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।

7.1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।

2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।

3. नयापन, नूतनता।

5. अच्छे या शुभ दिन।

6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



वर्ग पहेली - 350 का हल

	1 ए		2 पे	
3 शि	ला	रो	प	ण
	ने		र	
	जं		4 बै	ठ	5 क
	6 ग	डु	क		ल
					हि
7 भो	ग		8 चु	स	नी

सुडोकू-68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9	3	2				7
				9			4	
	8		5			9		
7		5			9	1		
								5
		2	7			4		9
		7		5	6		9	
5	6			7				
				4	8	7		

सुडोकू - 67 का हल

3	4	6	2	8	9	5	1	7
5	2	7	1	3	6	8	4	9
9	8	1	4	5	7	3	6	2
7	9	8	3	2	1	4	5	6
6	5	2	7	4	8	9	3	1
4	1	3	6	9	5	7	2	8
1	3	4	9	7	2	6	8	5
2	7	5	8	6	4	1	9	3
8	6	9	5	1	3	2	7	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 15 .33 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-आश्लेषा 19 .25 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर रखें। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी।

वृष — आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है। भौतिक भोग-विलास का आनंद लेंगे। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। आलस्य के कारण अपना नुकसान करा सकते हैं। आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा।

मिथुन — आज अपनी जिम्मेदारियों को समझें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। नए संबंधों को लेकर सावधान रहें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त हो सकती है।

कर्क — आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कारोबार में सब कुछ आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

सिंह — आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। अनैतिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

कन्या — आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादों में आपकी विजय हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

तुला — आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। रिश्तेदारों के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों की बातें आपको बुरी लग सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने से आपको लाभ होगा। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

वृश्चिक — आज मित्रों के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। शरीर में ताजगी और उत्साह रहेगा। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

धनु — आज दर्शन और योग में आपकी स्वाभाविक रुचि हो सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी भी आर्थिक गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। नशे और गरिष्ठ खानपान से परहेज करें।

मकर — आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। तनाव के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ कई काम संभालने पड़ेंगे। मन में नकारात्मक भाव न आने दें। पैतृक संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी न करें। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

मीन — आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा उपयोग करेंगे। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। प्रेमी जन के साथ गंभीर विषयों पर वार्तालाप हो सकती है। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
बादशाह — सुबह : 10 .00
धड़कन — रात : 07 .00

SONY MAX
स्टाइल — सुबह : 09 .00
कैथी — शाम : 06 .00

SONY PIX
हेलबॉय — सुबह : 10 .20
लाइफ — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बोस- द फॉरगेटेन हीरो — सुबह : 10 .30
फितूर — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
हम तुम पे मरते हैं — दोपहर : 12 .06
असुर — रात : 08 .49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला। चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

ते पुत्रा ये पितुर्भक्ताः सः पिता यस्तु पोषकः।
तन्मित्रं यत्र विश्वासः सा भार्या या निवृतिः॥

संतान वही है जो अपने पिता की सेवा करे। पिता वही है जो अपने पूरे परिवार का लालन-पालन कर सकें। मित्र वही है जिस पर विश्वास किया जा सके और पत्नी वही है, जो आपको हमेशा खुश रखें।

संपादकीय

नई हरित क्रांति की जरूरत

बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की तेज होती मांग और कृषि उत्पादन बढ़ाने का दबाव सरकार पर है। आजादी के समय खाद्य सुरक्षा की समस्या देश को विरासत में मिली थी। पहली हरित क्रांति ने जहां एक तरफ देश को खाद्य सुरक्षा की समस्या से काफी हद तक निजात दिलाई और देश को एक खाद्यान्न आयातक देश से खाद्यान्न निर्यातक देश में बदल दिया परन्तु जैसे-जैसे हरित क्रांति आगे बढ़ती गई, ठीक उसी प्रकार उत्पादकता में ठहराव आता गया। ऐसे में भारत को दालों और खाद्य तेल जैसी कम पानी की खपत वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत करने की जरूरत महसूस की गई। देश में हरित क्रांति की शुरुआत 1966-67 में हुई थी। खाद्यान्न उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने दो वर्ष पहले पूर्वी भारत में ब्रिगिंग ग्रीन रिवोल्यूशन इन ईस्टर्न इंडिया (बीजीआरईआई) कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम सात राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 के आसपास द्वितीय हरित क्रांति की चर्चा शुरू हो गई। 1998 में अटल बिहारी बाजपेयी ने सबसे पहले द्वितीय हरित क्रांति का उल्लेख किया। वर्ष 2000 में घोषित राष्ट्रीय कृषि नीति में भी द्वितीय हरित क्रांति शुरू करने पर बल दिया गया था। 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने पर इसे एक नया आयाम मिला परन्तु मई 2004 में सत्ता परिवर्तन होने पर द्वितीय हरित क्रांति ठंडे बस्ते में चली गई। परन्तु यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुनः एक बार द्वितीय हरित क्रांति पर फोकस किया गया और इसकी शुरुआत पूर्वी भारत से हुई जिसे आशा और संभावनाओं दोनों ही दृष्टियों से देखा जा रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली को हतोत्साहित करने की बात कही। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है, दलहन, तिलहन और सब्जियों जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो पानी की मांग को काफी कम कर सकती हैं और सरकार इन फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे सकती है। ये सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में किसान अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी शामिल है। ध्यान रहे छठे दशक में हरित कांति के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश फले-फूले, वहीं दूसरी ओर इन तीनों राज्यों में क्षमता से अधिक दोहन के चलते जल संसाधनों की स्थिति खराब हुई है। हरित क्रांति द्वितीय का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन हमें कुछ अहम पहलुओं का ध्यान रखना होगा। सावधानी बरतनी होगी कि नई हरित क्रांति हमारे संसाधनों को नुकसान न पहुंचाए, बल्कि उनमें सुधार लाए।

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का गणित

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है।

किसानों के आंदोलन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मसला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। वास्तव में अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तो किसानों का अधिकार है और यह उसे मिलना ही चाहिए। वस्तुतः एमएसपी किसानों को बाजार के उतार चढ़ाव और व्यापारियों-बिचौलियों के शोषण से बचाने की गारंटी देता है। किसानों ने अपनी खेती में जो भी लागत लगाई है, जैसे बीज, खाद, पेस्टीसाइड, श्रम, खेत का किराया, चाहे अपनी है या किराये की है, उसका उसे प्रतिफल तो मिलना ही चाहिए, परंतु अभी यह उनका अधिकार नहीं है। खेती को जब तक मात्र आजीविका का साधन बनाए रखा जाएगा, तब तक उसे लोग दिल से नहीं अपनाएंगे। ये अलग बात है कि खेती कभी व्हाइट कॉलर जॉब तो नहीं बन सकता, परंतु इसे एक सुरक्षित व्यवसाय के रुप मे परिवर्तित कराना ही सरकार और स्वयं किसानों का उद्देश्य होना चाहिए। यदि सभी किसान सिर्फ अपने और अपने परिवार के खाने के लायक मात्रा में ही खेतों से उत्पादन करने लगेगा तो बाकी तीस-चालीस प्रतिशत जनसंख्या क्या खाएगी? अब प्रश्न यह है कि जब खेती किसानी इतनी महत्वपूर्ण है तो सरकार एमएसपी को एक विधिक दर्जा देकर कानून क्यों नहीं बना देती जिससे जो कोई भी एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदें तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जा सके, किसानों का शोषण रोका जा सके। वस्तुतः राज्य सरकारों द्वारा निर्गत धान या गेहूं क्रय नीति में पहले से ही उल्लिखित होता है कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं या धान की मंडियों में पहले बोली लगाई जाएगी जिसमें मंडी, सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी, आढ़तिया और किसान उपस्थित रहेंगे। यदि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) धान/गेहूं की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम लगती है तो इसे सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा और किसानों को एमएसपी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं एमएसपी से कम बिकने पर उसे डिस्ट्रेस सेल मानते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारियों/व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार इसके लिए पहले से ही कृत संकल्पित है, सिर्फ इसका कड़ाई से अनुपालन कराना वांछित है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है।

एमएसपी एक प्रकार से किसानों को उनकी फसल बिक्री के लिए गारंटीशुदा कीमत है। भारत सरकार ने किसानों की फसलों को उनका उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया था, जिसे सन् 1985 में कृषि मूल्य और लागत आयोग बना दिया गया। इस आयोग की अनुशंसा पर पहली बार 1966-67 में धान और गेहूं के एमएसपी की घोषणा की गई थी। यह आयोग किसी भी फसल की लागत से कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर फसलों की एमएसपी तय करता है यानि किसानों को जो लागत आती है, उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी तय की जाती है। एमएसपी कीमत निर्धारित करने से पूर्व फसल की मांग और आपूर्ति, उत्पादन की लागत, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमत, आंतरिक फसल कीमत मानक, कृषि और गैर कृषि के बीच व्यापार की शर्तें, फसल कीमत से उपभोक्ता पर संभावित प्रभावों का आंकलन करती है, परंतु सरकार इसे मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है और यही किसानों का भय है कि सरकार कभी भी फसल की एमएसपी दर घटा या बढ़ा सकती है या हटा भी सकती है। किसानों की मांग है कि संसद को एमएसपी पर एक कानून बनाना चाहिए ताकि कोई भी व्यापारी किसानों की फसल को एक निश्चित दर से नीचे न खरीद सके और ऐसा करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए और किसानों को फसल बोने से पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उनकी फसल किस दर पर बेची जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार में देश में केवल छह प्रतिशत किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी मिल पाता है और यह सोचनीय स्थिति है। अतः प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि इसका विस्तार अधिकतम किसानों तक हो और अधिकतम किसान इसका लाभ उठाएं। पंजाब और हरियाणा में अधिकांश किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हैं और यही कारण है कि आंदोलन में इन्हीं दो राज्यों के किसानों की बहुलता भी है। अन्य राज्यों में इस योजना के वास्तविक विस्तार होने से किसानों में सुरक्षा और व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती करने की भावना विकसित होगी।

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेंहू की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया है तो स्पष्ट है कि बिहार-पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एमएसपी इनके लागत मूल्य से कम मिल रहा है और पंजाब-हरियाणा में ज्यादा। स्पष्ट है कि एमएसपी की गारंटी के साथ-साथ खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सरकार को खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी, भुगतान की प्रक्रिया को तेज करना होगा और किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग की सुविधा देनी होगी। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एमएसपी योजना में अपनी खरीद बढ़ाने, अधिकाधिक किसानों तक पहुंचने, त्वरित भुगतान करने और ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था बनाने में तेजी से प्रगति की है। बायोमेट्रिक पद्धति से खरीद, आधार लिंक और पीएफएमएस प्रक्रिया से भुगतान ने इस योजना का किसानों में विश्वास और विस्तार बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी इस दिशा में प्रगति हुई है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है। यह नियम विश्व खाद्य संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विभिन्न निर्देशों के क्रम में केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम निर्धारित करती है कि किस क्वालिटी का धान-गेहूं या अन्य फसल खरीदा जाएगा, जो मानवीय खाने के योग्य हो। पीएफए अर्थात् प्रिवेंशन ऑफ फूड अल्टरेशन के अंतर्गत किसी खाद्य पदार्थ को मानव के खाने हेतु योग्य या अयोग्य घोषित किया जाता है, लेकिन इसके मानकों को जांचने का तरीका अभी तक मैन्युअल हैं, जिसे मशीनीकृत या पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि सरकारी क्रय केंद्रों पर तो यह मानक व्यवस्था लागू कराई जा सकती है, परंतु निजी व्यापारियों के खरीद पर कैसे लगाया जा सकेगा, यह एक गंभीर चुनौती है। बाजार के खरीद का मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति और उनके लाभ पर निर्भर करता है। यदि वो भी सभी क्वालिटी के खाद्यान्न को एमएसपी पर खरीदना शुरू करें तो फाइनल प्रोडक्ट काफी महंगा हो जाएगा और महंगाई काफी बढ़ जाएगी। सरकार लोक कल्याणकारी है और वह घाटा उठाकर या सब्सिडी देकर खराब या मानकों से इतर खाद्यान्न एमएसपी पर खरीद कर मुफ्त में बांट सकती है, परंतु निजी आढ़तियों से हम इसकी अपेक्षा नहीं कर सकते। अब सरकार खरीद के लिए मानक निर्धारित न करें तो क्या करें? मार्केट में अच्छे-बुरे सभी सामान का उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्य निर्धारित होता है तो क्या इसी मानक के आधार पर किसानों से खरीद में भी मूल्य तय किए जाएं? तराई क्षेत्रों में शुरुआत में धान में अत्यधिक नमी के कारण सरकारी मानक के अंतर्गत न आने के चलते उन्हें मजबूरी में आढ़तियों के हाथों कम दामों में बेचना पड़ता है। किसानों का ये मानना है कि सरकार यदि नमी की मात्रा के आधार पर मूल्य तय कर ले तो किसानों को लाभ मिल जाए, लेकिन क्या ज्यादा नमी वाले खाद्यान्न को ज्यादा दिनों तक एफसीआई के मानकों के अंतर्गत संरक्षित रखा जा सकेगा? आज सरकार उतनी ही मात्रा में खरीद का लक्ष्य रखती है, जो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे वितरित करती है और एक निश्चित मात्रा आपातकाल के लिए बफर गोदाम मे संरक्षित करती है। इससे अधिक खरीदकर उसे भंडारित और संरक्षित करना भी एक दुरुह कार्य है।

प्रसंगवश

स्वच्छता आंदोलन के महामानव

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठारवीं शताब्दी में जन्मे देश के नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप में प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला में पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंधविश्वास, रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरुकता शुरू की। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।

संत गाडगे गांव-गांव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना, मेरी मूर्ति, मेरी समाधि, मेरा स्मारक, मंदिर नहीं बनाना, मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो। संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था, वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियां बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में संत गाडगे के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए, बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए। इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 तारीख को उनका भी देहावसान हो गया, लेकिन जीवनभर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया। साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती है उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

सनातन परंपरा के संवाहक संत रविदास

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की।

रविदास ऐसे संत कवि थे जिनके भीतर पल-पल परमात्मा को पाने की भारी तड़प थी। बाहरी जीवन के बजाय भीतरी यात्रा में सतत् सावधान महात्मा रविदास ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाके अंग अंग बास समानी' की रट लगा वैष्णव भक्ति धारा का अप्रतिम प्रसार किया। संसार में रहते हुए भी विराग को जीवन बनाकर संत रैदास ने भक्तिभाव की ऐसी अलख जगाई, जो सदियां बीत जाने के बाद आज भी असंख्य लोगों के लिए आकर्षण एवं प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

पंचगंगा घाट के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद का शिष्य बनने की इच्छा भक्त रैदास के मन में जागी तो स्वामी रामानंद ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। भक्त रैदास ने कहा हम चमार हैं तो स्वामी रामानंद ने कहा, प्रभु के यहां कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। स्वामी रामानंद ने रैदास को प्रभु राम की भक्ति करने तथा भजन लिखने का आग्रह किया। भक्तिभाव से पद लिखना भक्तों के मध्य गाना, किंतु जूते बनाने का अपना व्यवसाय भी करते रहना, यही उनकी दिनचर्या हो गई।

भक्त रैदास कहते हैं कि सभी का प्रभु एक है तो यह जातिभेद जन्म से क्यों आ गया? यह मिथ्या है-'जाति एक जामें एकहि चिन्हा, देह अवयव कोई नहीं भिन्ना।/ कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गावें, यथा कर्म फल तैसहि पावें। जीव वै जाति वरन कुल नाहीं, जाति भेद है जग मूरखाई।/ नीति-स्मृति-शास्त्र सब गावें, जाति भेद शठ मूढ़ बतावें।/संतन के मन होत है, सब के हित की बात।/ घट-घट देखें अलख को, पूछें जात न पात।। संत रैदास ने जातिगत भेदभाव की व्यवस्था को अपनी वाणियों में बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया और लोगों को समझाया कि जन्मना कोई श्रेष्ठ या नीच नहीं होता। उनके विचार से जन्मना कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं है। ऊंची जाति का व्यक्ति वही है जिसके कर्म अच्छे हैं। संत रविदास कहते हैं कि तुम्हारी जाति कोई भी क्यों न हो भगवद्भक्ति सभी का उद्धार करने में सक्षम है।

संत रैदास को जिस जातिगत घृणा से लड़ना है वह हिंदू समाज की अपनी ही हीनता तथा जातिभेद में से उपजी हुई अमानवीय क्रूरता की नियति है। संत रैदास अधम कही जाने वाली जातियों के अंदर पैदा हो रही क्रांतिकारी चेतना के आग्रही-जुझारू तथा स्वाभिमानी पथ-प्रदर्शक बन जाते हैं और अपनी इन जातियों में आत्मसम्मान के लिए भगवद्भक्ति को आधार बनाकर संघर्ष करते हैं। भक्त रैदास ने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि त्याग, समर्पण और भगवद्भक्ति से व्यक्ति ऊंचा उठता-चलता है और फिर उसकी जाति महत्वहीन हो जाती है। भक्त रैदास का भक्तिभाव देखकर काशी नरेश उनके शिष्य बन गए। चित्तौड़ के महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी संत रैदास की शिष्या हो गईं। ऐश्वर्य, शक्तिसंपन्न चित्तौड़ की कुलवधू मेड़तणी मीरा ने भी भक्त रैदास को ही अपना गुरु स्वीकार किया। कृष्णभक्ति में आकंठ डूबी मीरा अनेक प्रकार का विरोध सहन करती हुई भक्त रैदास की शरण में आ गईं। उन्हीं से मीरा ने आशीर्वाद पाया और भक्ति में लीन हो गईं। मीरा और भक्त रैदास का मिलन सगुण और निर्गुण भक्ति धाराओं का मिलन तो है ही साथ ही साथ जातिगत आधार पर भेद मानने वालों को एक सुंदर अनुकरणीय सीख भी है।

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की। भक्त रैदास को संपूर्ण देश में सम्मान मिला तथा उन के 41 पद श्रीगुरुग्रंथ साहिब में प्रतिष्ठा पाए। भक्त रैदास के साथ पूरी चर्मकार जाति भी प्रतिष्ठित हुई। 'रैदास' नाम एक उपाधि की तरह बन गया। हजारों सवर्ण कहे जाने वाले लोग संत रैदास के भक्त हो गए। भक्त रैदास ने ही कहा था कि ''जाति से कोई पद नहीं पहुंचा।

रविदास की भक्ति साधना में भावुकता, विनम्रता और प्रेम की प्रधानता है। आचरण की पवित्रता पर विशेष बल है। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक हैं। वह मानते हैं कि सत्संगति के बिना भगवान के प्रति प्रेम नहीं हो सकता और भगवत्प्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। उनके दर्शन के अनुसार जीव परमात्मा का अंश है। जीव के अंतःकरण में प्राण स्वरूप परमात्मा का निवास है। संसार की नश्वरता और शरीर की क्षणभंगुरता के विषय में रविदास जी कहते हैं कि इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी/ जलि गइयो घासु रलि गइयो माटी।

सोशल फोरम

इतिहास का दुहराव

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हमारा इतिहास गवाह है कि हमने मुगलों और अंग्रेजों से बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। कहीं मराठे, कहीं सिख, कहीं टीपू, कहीं झांसी की रानी तो कहीं बहादुर शाह जफर, सबने अपनी क्षमता भर इनका विरोध किया, लेकिन समस्या यही रही कि हमने कभी एकजुट होकर विरोध नहीं किया। हमारी इसी एक गलती ने हमें 600 साल तक गुलाम बनाए रखा। इस अकेली कमजोरी ने हमारी आजादी को हमसे सालों दूर रखा।

10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुए सैनिक विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। मध्य भारत और गंगा के मैदानी इलाकों से आगे ये विद्रोह नहीं बढ़ पाया। इस संग्राम में अगर कहीं पूरे देश ने आहुति दी होती तो शायद हमारी आजादी की तारीख 90 साल पहले आ गई रहती।

हमारे छोटे-छोटे स्वार्थ हमें कभी एक भारतीय के रूप में सोचने ही नहीं देते। हम पहले भी बंटे हुए थे हम आज भी बंटे हुए हैं। मैंने एक कार्टून फिल्म देखी थी। उसमें करीब 30 लोग एक विशाल चट्टान को धक्का देकर हटा रहे हैं। विशाल पत्थर बड़ी मुश्किल से इंच-इंच कर खिसक रहा है। शाम की छुट्टी के बाद सब लोग चले जाते हैं और केवल दस लोग उसे धक्का देने के काम लगे रहते हैं। इस पर एक आदमी पूछता है कि ये क्या हो रहा है तो उसे बताया जाता है कि ये दस लोग ओवरटाइम कर रहे हैं। मेरा ख्याल है कि ओवरटाइम का दिखावा कर फायदा उठाने वाले यहां ज्यादा है। आगे बढ़कर सच में हाथ लगाने वाले कम।

पौराणिक कहानियों में भी एक कहानी है कि देवी दुर्गा का महिषासुर के साथ बहुत बार युद्ध हुआ, लेकिन उसे विजय नहीं मिली। फिर सभी देवताओं ने देवी दुर्गा को अपने अपने शस्त्र दिए। तब जाकर देवी दुर्गा को सफलता मिली।

आज की परिस्थितियां भी कुछ अलग नहीं हैं। आज भी ये राजनीतिक दल अपने-अपने क्षत्रपों की चिंता में ही लगे हुए हैं। ये बंटे हुए लोग हैं। जबकि इन सबका प्रतिद्वंद्वी साझा ही है, लेकिन इसके बावजूद इनके स्वार्थ इन्हें एक नहीं होने दे रहे। ये एक-एक कर मिट जाने को, गुलाम होने को तैयार हैं, लेकिन एक होकर मुकाबला करने को नहीं। इतिहास फिर दोहराया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश



अनिल कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है।

बदलते भारत का नया उत्तर प्रदेश बनने की राह इतनी आसान नहीं रही है। मानव एवं प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के बावजूद अगर उत्तर प्रदेश पिछड़ा और गरीब राज्य की श्रेणी में गिना जाता रहा है तो उसका एकमात्र कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव रहा है। वर्ष 2017 से पहले भी उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त भूमि, सर्वाधिक जनसंख्या और भरपूर पूंजी थी, बस कमी थी तो एक ईमानदार शासकीय नीयत की। इसी नीयत के चलते उत्तर प्रदेश प्रचुर संसाधन होने के बावजूद देश की सातवीं अर्थव्यवस्था बनकर पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेलने को मजबूर था।

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। यह आगाज है, उम्मीद की जा सकती है कि अंजाम और बेहतर होगा। आर्थिक सुधारों एवं निवेश की बदौलत बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा जीडीपी वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी इकोनॉमी का साइज बढ़ाने के लिए केवल निवेश पर ही खुद को निर्भर नहीं रखना चाहती है। सरकारी तंत्र राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश 12 एक्सप्रेस-वे वाला एकलौता राज्य होने जा रहा है। सड़क के साथ राज्य में एयर एवं रेल कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट शीघ्र अपना ऑपरेशन शुरू कर देंगे जिनमें पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। पर्यटन भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं काशी-मथुरा में देवालयों के जीर्णोद्धार से राज्य में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

बीते साल 32 करोड़ से ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश घूमने आए जिनमें काशी, मथुरा और अयोध्या सबसे ऊपर रहा। फिल्म सिटी के निर्माण के बाद फिल्मी गतिविधियां भी उत्तर प्रदेश की तिजोरी को भरने में बड़ा योगदान देंगी। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट वाला यह राज्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ा है। 21 एयरपोर्ट संचालित होने जा रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तेजी से बदलेगी। डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट भी इसी यूपी में संचालित हैं।

न्यायिक निर्णयों के अनुपालन में विलंब



सुधाकर आशावादी
मेरठ

न्यायपालिका यदि जन समस्याओं के समाधान हेतु स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित न्याय करना चाहे, तो उसे भला कौन रोक सकता है। अनेक प्रसंगों में न्यायपालिका ऐसा कर भी चुकी है। देश में बड़े-बड़े अराजक प्रदर्शनों में न्यायपालिका अनुशासन के अनुपालन की सलाह भी दे चुकी है, मगर उसके निर्णयों का कितनी गंभीरता से अनुपालन होता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

हाईवे पर कृषि उपकरणों को लाया जाना, कृषि उपज को ढोने वाले संसाधनों का सवारी ढोने या राजमार्गों को जाम करने में प्रयोग करना अनुचित बताए जाने पर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यवस्था का खामोश रहना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की कमजोरी सिद्ध करता है। कौन नहीं जानता कि यदि कानून का अनुपालन सही तरीके से हो जाए, तो अनेक समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। चंडीगढ़ के मेयर पद चुनाव में धांधली पर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय संकीर्ण सियासी चालों पर भारी पड़ गया जिससे स्पष्ट हुआ कि न्याय में अंधेर नहीं है। जितने कम समय में यह निर्णय हुआ उससे यह भी संदेश जनमानस को मिला कि यदि देश की न्यायपालिका चाहे तो न्यायालय के निर्णयों का अनुपालन भी अविलंब करा सकती है तथा सरकारी विभागों में उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के निर्णयों को ठंडे बस्तों में डालने की लापरवाही पर भी कठोर कार्रवाई कर सकती है।

विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रदेशों में उच्च न्यायालय पुरानी पेंशन व्यवस्था तथा अन्य अनेक मसलों पर निर्णय दे चुका है, किंतु उन निर्णयों के अनुपालन हेतु जिन विभागों पर दायित्व है। वे उन निर्णयों पर समय से उचित कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वादकारी निर्णयों के अनुपालन हेतु विभागों के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि न्याय के पुरोधा इस ओर भी समुचित ध्यान देकर त्वरित न्याय हेतु दिशा निर्देश जारी करके न्यायिक अनुपालन की अवधि भी सुनिश्चित कराने की पहल कर सकें?

एक नजर

ग्रामीणों ने एनएचएआई के अधिकारियों का घेराव किया

बनबसा : क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मांगों को लेकर एनएचएआई के अधिकारियो का घेराव किया। जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में पचपकरिया, देवीधुरा, गुदमी, मंजगांव आदि ग्राम सभा के ग्रामीणों ने एनएच द्वारा बनाए जा रहे भारत नेपाल सूखा बंदरगाह के मुख्य मार्ग पर धरना देकर कार्य को बाधित कर किया। ग्रामीणों ने मांग है कि पचपकरिया में पुलिया निर्माण, पचपकरिया गुदमी के मुख्य मार्ग के गड्ढों को भरना, मुख्य मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनाये जाने, ग्रामीण मार्ग को मुख्य मार्ग को जोड़े जाने आदि मागों को एनएचएआई के अधिकारियों का घेराव किया। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल शर्मा ने जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया तथा अंतरराष्ट्रीय राज्यमार्ग में ग्राम सभा के मार्ग को जोड़ने में असमर्थता जताई। जिस पर ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि ग्रामीण मार्ग को अंतरराष्ट्रीय राज्यमार्ग से नहीं जोड़ा जायेगा तो आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। यहां पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बहादुर सिंह पाटनी, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर दत्त कापड़ी, ग्राम प्रधान महेश मुरारी, पूर्व प्रधान प्रकाश आर्या, डा मोहन राम आर्या मौजूद रहे ।

शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारियां हुई तेज

अल्मोड़ा : क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी की नाप जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा की कवायद शुरू हो गई है। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी एसके पंत की अध्यक्षता में विकास भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी ने नाप-जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीडीओ ने जिला युवा कल्याण अधिकारी से परीक्षा हेतु की गयी तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 27 से 29 फरवरी तक पुलिस लाइन के अल्मोड़ा स्थित मैदान में आयोजित की जाएगी। जिसमें जनपद अल्मोड़ा के 871 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिसमें 248 महिला और 623 पुरुष अभ्यर्थी सम्मिलित है। परीक्षा आयोग द्वारा निर्धारित समय पर आयोजित होगी।

चारधाम यात्रा के लिए सड़कें व अन्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखें अधिकारी

आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक ली

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में स्वर्ण जयंती सभागार नगर निगम ऋषिकेश में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित आहूत की गई।

उन्होंने यात्रा को सुगम बनाने हेतु सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने तथा यात्रा रूट की सड़कों को 30 से पूर्व चाक चौबंध करने, पार्किंग क्षमता बढ़ाने, पैदल मार्ग का सुधारीकरण, स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने तथा हेली सर्विस आरटीसी के माध्यम से की जाएं। चारधाम यात्रा की इस प्रथम यात्रा बैठक में बीते यात्रा वर्ष की कार्ययोजना के परिणामों की समीक्षा आगामी बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम तथा हेमकुंट साहिब यात्रा की तैयारियों के विषय में मंथन हुआ। बैठक में गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि चारधाम यात्रा से संबंधित सभी विभाग 15 अप्रैल तक यात्रा तैयारियां पूर्ण करें तथा कार्यप्रगति से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाएं सुगम बनाई जाए ताकि आने वाले यात्रियों में प्रदेश को लेकर अच्छा संदेश जाए। आयुक्त गढ़वाल मंडल ने चारधाम यात्रा को व्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने हेतु सभी विभागों को निर्देश दिए।

यात्रा रूट की सड़कें, पैदल मार्ग अच्छे रहें, आपदा के दृष्टिगत आपदा संभावित क्षेत्र के आस पास आपदा बचाव के साधन एवं आधुनिक उपकरण की व्यवस्था रहे। यात्रा रूट एवं पैदल मार्ग पर शौचालय, गर्म पेयजल, आदि की बेहतर सुविधा रहे। उन्होंने संबंधित जनपदों के वरिष्ठ पुलिस दुर्घटना संभावित क्षेत्र का चिन्हीकरण के जिलाधिकारियों को 1 सप्ताह की भीतर सूचना देंगे, तथा जिलाधिकारियों को ऐसे क्षेत्रों पर सुधारीकरण के निर्देश दिए। बीमार घोड़े, खच्चर का रजिस्ट्रेशन न हो तथा जानवरों के लिए चिकित्सा सुविधा एवं शेल्टर रहे। बद्रीनाथ, केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वीआईपी दर्शन के स्लॉट दिए जाएं, समय वर्णित रहे।

आईजी गढ़वाल के एस नग्याल ने आपदा के दृष्टिगत बेहतर तैयारी रखने, चारधाम यात्रा मार्गों पर सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के मध्यनजर यात्रा हेतु होमगार्ड, पीआरडी के जवान की मांग की जाए। बैठक में आईजी गढ़वाल के एस नग्याल, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, जिलाधिकारी पौड़ी आशीष चौहान, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना, जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित, उत्तरकाशी मेहरबान सिंह बिष्ट, रुद्रप्रयाग सौरव गहरवार, एसपी देहरादून अजय सिंह, कमांडेंट एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

अस्पतालों में ही बने रहेंगे चिकित्सक

आयुक्त गढवाल मण्डल ने निर्देश दिए कि यात्रा रूट पर मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाए इसकी जांच की जाए ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा से सम्बन्धित जनपदों के सीएचसी, पीएचसी चिकित्सालयों के चिकित्सकों की ड्यूटी चारधाम यात्रा में न लगाई जाए, वे अपने चिकित्सालयों में ही बने रहेंगे। यात्रा सीजन में प्रत्येक रूट पर सफाई व्यवस्था रहे, प्रत्येक शौचालय में पानी रहे तथा 24 घंटे सफाई हेतु कार्मिक तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई हेतु एक शौचालय में 3 व्यक्तियों की ड्यूटी रहे जो 8-8 घंटे की ड्यूटी पर रहेंगे।

महाभारत ट्रेल को करें विकसितः महाराज

- काबीना मंत्री बोले, योग महोत्सव 15 से 21 मार्च तक
- महासू देवता के मास्टर प्लान, कण्वाश्रम एवं योग महोत्सव 2024 की तैयारियों की समीक्षा

ब्यूरो, देहरादून

देहरादून में अधिकारियों की बैठक लेते पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज। ● अमृत विचार

अमृत विचार : योग महोत्सव का आयोजन इस बार 15 मार्च से 21 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें प्रख्यात योगाचार्यों द्वारा प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बरसाने की फूलों की होली का प्रस्तुतिकरण और उच्च स्तरीय कलाकारों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

यह बात प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण एवं पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को गढ़ी कैंट स्थित पर्यटन विकास परिषद में महासू मास्टर प्लान, कण्वाश्रम एवं योग महोत्सव 2024 की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

महाराज ने बैठक के दौरान अधिकारियों से महासू देवता के मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के साथ-साथ मंदिर परिसर को संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और सड़कों की कनेक्टिविटी के उचित प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लाखामंडल में लाक्षागृह का एक मॉडल बनाने के साथ ही केदारनाथ तक महाभारत ट्रेल को विकसित करने को भी कहा, ताकि वहां बड़ी संख्या में पर्यटक आ सकें।

श्री महाराज ने कण्वाश्रम को पौराणिक ग्रंथों के अनुरूप विकसित करने के साथ-साथ कण्वाश्रम में हस्तिनापुर के राजा दुष्यन्त तथा शकुंतला के दृश्यों को प्रदर्शित करने और उसे बौद्धिक, सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिए। महाराज ने बैठक के दौरान योग महोत्सव 2024 की तैयारियों की समीक्षा के साथ ही जनपद रुद्रप्रयाग के चोपता में हट्स बनाने पर अदालत द्वारा लगाई गई रोक और नंदा देवी ट्रैकिंग तथा बुग्यालों में ट्रैकिंग पर लगी रोक को हटवाने के लिए भी कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह पर्यटन मित्र बनाने के साथ-साथ प्रदेश में होम स्टे में जो 6 कमरों की संख्या निर्धारित की गई है उसे बढ़कर 12 किया जाए। बैठक में पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, निदेशक प्रचार सुमित पंत, पर्यटन अनुसचिव हरीश, वित्त नियंत्रक जगत सिंह चौहान, समीक्षा अधिकारी विपिन चौधरी आदि उपस्थित थे।

सांगठनिक कार्यक्रमों में तेजी लाएं पदाधिकारी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने चुनावी दृष्टि से पार्टी के अभियानों और लोकसभा स्तरीय टीम की समीक्षा बैठक ली है। उन्होंने सभी सांगठनिक कार्यक्रमों में तेजी लाने के साथ साथ 28 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे को अंतिम रूप दिया।

गुरुवार को श्री संतोष ने पार्टी मुख्यालय में सर्वप्रथम राज्य में संचालित पांच प्रमुख अभियानों के संयोजक एवं सह संयोजकों से विस्तार से जानकारी ली व जरूरी निर्देश दिए। बाद में उन्होंने लोकसभा चुनाव संयोजक, सहसंयोजक, लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी एवं लोकसभा विस्तारकों समेत प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने पार्टी की लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे को अंतिम रूप दिया। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुई इस बैठक में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, मंत्री खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार कुमार, श्रीमती नीरू देवी, पुनीत मित्तल आदि रहे।

जोशीमठ में भूधंसाव मामले में सुनवाई 10 जून को

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने जोशीमठ में हो रहे भू धंसाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई की। अल्मोड़ा निवासी पीसी तिवारी ने याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई की अगली तिथि 10 जून तय की है।

गुरुवार को याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट ने पूर्व में कहा था कि एनटीपीसी जोशीमठ में ब्लास्टिंग व टनल निर्माण की समस्या को लेकर एनडीएमए के वहां अपना पक्ष रखें और एनडीएमए उस समस्या पर सुनवाई करके अपना सुझाव राज्य सरकार को दे परन्तु अभी तक उस पर सुनवाई पूरी नहीं हुई है। कोई रिपोर्ट एनडीएमए ने राज्य सरकार को नहीं दी है जबकि यह अति संवेदनशील मामला है। जोशीमठ में ब्लास्टिंग करने की वजह से करीब 600 घरों में दरारें पड़ चुकी हैं। पूर्व में एनटीपीसी की तरफ से प्रार्थनापत्र देकर यह भी कहा गया था कि उन्हें जोशीमठ में निर्माण कार्य व ब्लास्ट करने की अनुमति दी जाए क्योंकि उनकी परियोजना जोशीमठ से 15 किलोमीटर दूर है। विरोध करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा था कि इनकी परियोजना 1. 5 किलोमीटर दूरी पर है। इसलिए इन्हें ब्लास्ट की अनुमति नहीं दी जा सकती। जिस पर कोर्ट ने दोनों से एनडीएमए के पास अपना पक्ष रखने को कहा था, जिसमें अभी तक कोई निर्णय नहीं आया है।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी का किया स्वागत

नैनीताल : हाईकोर्ट की नई प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी का गुरुवार को हाईकोर्ट बार सभागार में बार सदस्यों ने न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी ने कहा कि बार व बेंच का लक्ष्य वादकारियों को न्याय दिलाना है। हमारा लक्ष्य है कि वादकारी को कोर्ट से बाहर जाते समय न्याय मिलने की संतुष्टि हो। कोर्ट 15 से 20 के ऐसे युवा अधिवक्ताओं की तलाश कर रही है, जिनकी योग्यता, अनुभव का लाभ कोर्ट व वादकारियों को मिले। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की कुछ मांगें पहले से ही विचाराधीन हैं और उन पर विचार किया जाएगा। अधिवक्ताओं से कठिन मेहनत करने का आह्वान किया । यह भी कहा कि जितना यह प्रोफेशन मेहनत का है उसी तरह की यहां की भौगोलिक परिस्थितियां भी विषम हैं। इसमें हम सब की जिम्मेदारी हो जाती है कि इन कठिन परिस्थितियों में भी वादकारियों की उचित समय मे न्याय मिले।

बर्खास्त कर्मियों के मामले में 29 को होगी सुनवाई

नैनीताल : हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुना। बर्खास्त कर्मचारियो की ओर से पैरवी कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता देवी दत्त कामथ ने कोर्ट को बताया कि सरकार बदलने से नियमावली बदल नहीं जाती। वर्तमान सरकार ने जानबूझकर पूर्ववर्ती सरकार की ओर से बनाए गए नियमों में हस्तक्षेप करके उन्हें बिना सुनवाई के मौका देते हुए बर्खास्त किया गया। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 29 फरवरी को होगी। मामले के अनुसार अपनी बर्खास्तगी के आदेश को बबिता भंडारी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह व 102 अन्य ने एकलपीठ ने चुनौती दी है। याचिकाओं में कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष ने लोकहित को देखते हुए उनकी सेवाएं 27, 28, 29 सितंबर 2022 को समाप्त कर दी। बर्खास्तगी आदेश मे उन्हें किस आधार पर किस कारण की वजह से हटाया गया कहीं इसका उल्लेख नहीं किया गया।

एसएसजे में पुस्तक मेले का शुभारंभ करते कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

एसएसजे में पुस्तक मेले का आयोजन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के एडी पंत केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मेले का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। पुस्तक मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, प्रो. जगत सिंह बिष्ट ,प्रो. प्रवीण बिष्ट, प्रो. एके पंत व अन्य अतिथियों ने किया।

पुस्तकालय इंचार्ज प्रो एके पंत ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए यह पुस्तक मेला लगाया गया है। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि छात्रों के लिए विभिन्न विषयों में सर्वोच्च पुस्तकों को चयन करने के लिए यह एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तकें इस मेले में आमंत्रित की गई हैं। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा.राकेश पंत ने बताया कि मेला दो दिन चलेगा। मेले में विज्ञान, कला, शिक्षा, दृश्यकला, वाणिज्य, विधि आदि के अंतर्गत सभी विषयों के साथ कुमाऊंनी संस्कृति से संबंधित पुस्तकें भी हैं। यहां प्रो. सुशील जोशी, प्रो. भीमा मनराल, डा.एचआर कौशल, प्रो. सोनू द्विवेदी, प्रो. शेखर जोशी, डा. दीपक, प्रो. नीरज तिवारी, प्रो. इला साह, प्रो. एके यादव आदि रहे।

उत्तर प्रदेश

बाइक की टक्कर से बालिका की मौत

- भोट ईदगाह के सामने हुआ हादसा, रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में घायल ने तोड़ा दम

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर बुधवार देर शाम बाइक की टक्कर से नौ वर्षीय बालिका घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात उसकी मौत हो गई।

भोट कस्बा निवासी सलीम कस्बे में ही लोहार का काम करते हैं। परिजनों के अनुसार, सलीम की पुत्री मुनीशा बुधवार शाम सात बजे अपने छोटे भाई के साथ कस्बा स्थित दादा मियां की दरगाह की ओर जा रही थी। इस दौरान भोट ईदगाह के सामने हाईवे पार करते समय रामपुर की ओर आ रहे एक बाइक सवार ने बालिका को टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार बाइक को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। हादसे की सूचना के बाद ग्रामीण व परिजन भी मौके पर पहुंचे। वे घायल बालिका को रूद्रपुर स्थित निजी चिकित्सालय में ले गए। रात 10 बजे गंभीर रूप से घायल बालिका ने दम तोड़ दिया। परिजन रात में ही शव घर ले आए और उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी।

सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचीं। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि उन्होंने शव पोस्टमार्टम को जिला चिकित्सालय भिजवाया। मौके से बरामद बाइक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करवा दिया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कक्षा तीन की छात्रा थी मुनीशा

परिजनों के मुताबिक, मृतका चार बहन और एक भाई में चौथे नंबर की थी। वह मिलक याकूब गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ती थी।

युवक की करंट लगने से मौत

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर के चावड़ गांव में एक ढाबे पर काम करने वाले युवक की बुधवार को पेड़ की छंटाई करते समय करंट लगने से मौत हो गई। मजदूर की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

चावड़ गांव निवासी केशव कुमार पाराशरी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के पास मुड़िया अहमदनगर निवासी नरेश कुमार का ढाबा है। ढाबा पर काम करने वाला मजदूर बुधवार को पेड़ की छटाई कर रहा था। इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। ढाबा स्वामी नरेश कुमार ने बताया कि युवक 15 दिन पहले आया था और वह मानसिक मंदित था।

बीस साल से गायब हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुलिस ने 20 वर्ष से गायब चल रहे हिस्ट्रीशीटर को उतराखंड के हल्द्वानी में तलाश कर लिया। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को थाने लाकर पूछताछ की।

कोतवाली के गांव मझरा तुरराओ खां निवासी शकील अहमद के खिलाफ उत्तराखंड के बाजपुर थाने में मामले दर्ज थे। बाजपुर पुलिस ने 20 वर्ष पहले उसे हिस्ट्रीशीटर घोषित कर उसकी हिस्ट्रीशीट स्वार कोतवाली को ट्रांसफर कर दी थी। कोतवाली पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गुरुवार को कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना मिली कि गायब हिस्ट्रीशीटर उत्तराखंड के हल्द्वानी में टनकपुर मार्ग थाना बनफूल पुरा के वार्ड संख्या 14 में निवास करता है। हलका दरोगा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वे हिस्ट्रीशीटर को पकड़कर कोतवाली ले आए। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर से पूछताछ कर समय-समय पर कोतवाली में हाजिरी देने के साथ हिदायत देकर छोड़ दिया। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर शकील अहमद 20 वर्ष पहले जमीन बेचकर हल्द्वानी चला गया था।

मरीजों को मोबाइल से फोटो खींचकर दी जा रही एक्स-रे रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : छह महीने से तीन सौ बेड अस्पताल की एक्स-रे यूनिट में फिल्म उपलब्ध नहीं है। इस वजह से मरीजों को परेशानी हो रही है। एक्स-रे टेक्नीशियन की ओर से कई बार अफसरों को पत्र लिखा जा चुका है, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शुरुआत में मरीजों को जांच के बाद फिल्म के माध्यम से रिपोर्ट दी जाती थी, लेकिन फिल्म न होने से मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। बताते हैं कि जिन मरीजों की जांच होती है, उन्हें मोबाइल से फोटो खींचकर एक्स-रे रिपोर्ट दी जाती है। कई बुजुर्ग ऐसे होते हैं, जिनके पास कैमरे वाला मोबाइल नहीं होता है। उन्हें परेशानी होती है। कई बार मरीजों की टेक्नीशियन से नोकझोंक हो चुकी है, इसके बाद भी एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

ट्रेन से गिरकर घायल युवक की मौत

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन यार्ड में मंगलवार देर रात करीब 12:30 बजे श्रमजीवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मोहल्ला मोहम्मद फारूक पीलीभीत निवासी जावेद के दोनों पैर कट गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जावेद पुताई का काम करता था। वह दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में सवार हुआ। इस दौरान हादसा हो गया। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

कार सवारों ने ट्रक चालक को बीच सड़क पीटा

संवाददाता, बरेली/हाफिजगंज

अमृत विचार : हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक ट्रक चालक को कार सवारों ने बीच सड़क पर नंगा कर जमकर पीटा।

ट्रक चालक बचने को इधर-उधर भागता रहा, मगर कार सवार उसे पीटते रहे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कार सवारों ने भी तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव आसपुर हसन अली का रहने वाला प्रदीप कुमार ट्रक लेकर गांव से लभेड़ा की ओर जा रहा था। वह आसपुर माइनर की पुलिया पर पहुंचा। इसी दौरान सामने से आए ईको चालक ने ट्रक के सामने ईको खड़ी कर दी। प्रदीप ने रास्ता तंग होने का हवाला देते हुए ईको साइड में करने को कहा। इससे ईको में सवार लोग उत्तेजित हो गए और उसे ट्रक से नीचे उतारकर बेरहमी से लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदीप के कपड़े फाड़कर फेंक दिए और नग्न हालत में ही उसे पीटते रहे। वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि चालक को कई लोग दौड़ाकर बुरी तरह से पीट रहे हैं। दूसरे पक्ष ने भी प्रदीप पर मारपीट का आरोप लगाया है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सुनवाई आज भी जारी रहेगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल अर्जियों पर गुरुवार को सुनवाई हुई।

गुरुवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तसलीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक दोबारा मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल अर्जियों की पोषणीयता को आदेश 7 नियम 11 के तहत चुनौती दी गई है।गुरुवार की सुनवाई में विवादित परिसर का अमीन सर्वे कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी है।

कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी न होने की वजह से शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए कहा है। मामले से संबंधित सभी 18 अर्जियों पर सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष चल रही है।

शुक्रवार को ईदगाह मस्जिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से बची हुई दलीलें पेश की जाएंगी। इसके बाद हिंदू पक्ष मामले को लेकर अपना पक्ष रखेगा। मामले में दाखिल अधिकांश अर्जियों में शाही ईदगाह मस्जिद को हिंदुओं का धार्मिक स्थल बताकर उसे हिंदुओं को सौंपे जाने की मांग की गई है।

रिश्वत लेते पकड़े गए दरोगा को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाने के दरोगा महेश पाल सिंह को एंटी करप्शन की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। जिन्हें गुरुवार को टीम ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

सीओ एंटी करप्शन मुरादाबाद इकाई मोहम्मद फाजिल ने बताया कि सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के गांव बिशनपुर भीमाठेर निवासी निजार खां ने उनसे शिकायत कर बताया कि उसने 12 जनवरी 2024 को एसएसपी को एक शिकायती पत्र दिया। इसमें उन्होंने बताया कि फर्जी मुकदमा दर्ज कर उसकी लाइसेंसी बंदूक और लाइसेंस को जबरन ले जाने का आरोप लगाया था। शिकायत की प्रारंभिक जांच में रिश्वतखोरी की बात सामने आने पर एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को दरोगा को रंगेहाथ पकड़ लिया। गुरुवार को आरोपी दरोगा को बरेली एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

बस से गिरकर किशोर की मौत

- 10 दिन पहले ही जसपुर में काम सीखने आया था 17 वर्षीय रहमान

संवाददाता, अफजलगढ़

अमृत विचार : उत्तराखंड के काशीपुर से नगीना जा रही निजी बस में सवार एक किशोर मेघपुर मोड पर अचानक गिर गया।

गंभीर रूप से घायल किशोर को स्थानीय चिकित्सकों के को दिखाया गया।

डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार की दोपहर काशीपुर से नगीना जा रही निजी बस में सहारनपुर की नाजिम कालोनी निवासी 17 वर्षीय रहमान अपने घर जा रहा था। मेघपुर मोड़ के निकट वह आचनक बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे आनन-फानन में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का शिकार हुआ रहमान 10 दिन पूर्व ही जसपुर में काम सीखने आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

ट्राली का हिच टूटने से ट्रैक्टर चालक की मौत

अफजलगढ़ : कोतवाली क्षेत्र के गांव चौहड़ वाला निवासी 26 वर्षीय शहाबुद्दीन उत्तराखंड के रामनगर में रहकर ट्रैक्टर-ट्राली चलता था। गुरुवार की सुबह वह ट्रैक्टर चला रहा था। इस दौरान अचानक ट्रैक्टर-ट्राली का हिच टूट गया। इसके टूटते ही वह ट्रैक्टर से उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे काशीपुर के निजी चिकित्सक के यहां दिखाया। जहां उपचार के दौरान शहाबुद्दीन की मौत हो गई।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910 ।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 88 मसूरी– 63–75 1121 बासमती– 120 दाल दलहन :काला चना– 74 साबुत चना दाल– 78–84 मूंग साबुत– 107–110 राजमा– 120–128दाल उड़द– 132 साबुत मसूर दाल– 86–96 मसूर दाल– 85–110 उड़द साबुत– 119 काबुली चना– 170 अरहर दाल– 146 लोबिया/ करमानी– 117 सोयाबीन– 80–82 मूंगफली– 123 मटर (सूखी)– 56–62 मक्का– 28

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन– तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805 ।किराना– (प्रतिकु .) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800 ।चावल– (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900 ।

महंगाई को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ : आरबीआई गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

- **दास ने कहा- रेपो रेट पर लिया गया फैसला महंगाई कम करने में मिली सफलता को करेगा कमजोर**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अब तक जो सफलता हासिल की गई है, उस पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, 'इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर

हमारा काम खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी को मुद्रास्फीति को नीचे लाने के 'अंतिम छोर' को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

दास ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान करते समय यह टिप्पणी की। ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि बाजार नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद को लेकर आगे है, लेकिन इस समय जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम अबतक हासिल की गई सफलता को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए मूल्य और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। मौद्रिक नीति का उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बने रहना है। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए मतदान किया था। समिति में बाह्य सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत तक कम करने और रुख को तटस्थ में बदलने के पक्ष में दलील दी थी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय मजबूती की प्रक्रिया 2024-25 में जारी रहने का अनुमान है, इससे मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिम के बिना मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी की गुंजाइश बनती है।

वर्मा ने कहा, 'मेरे विचार में, एमपीसी के लिए एक स्पष्ट संकेत देने का समय आ गया है कि वह मुद्रास्फीति को काबू में लाने और वृद्धि को गति देने की अपनी दोहरी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और यह वास्तविक ब्याज दर को उस स्तर पर बनाये नहीं रखेगी, जो कि इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता से काफी अधिक है।'

बांग्लादेश, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने व्यापारियों को 31 मार्च तक बांग्लादेश, मॉरीशस, बहरीन और भूटान को 54,760 टन प्याज निर्यात करने की गुरुवार को अनुमति दे दी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हमने तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश को 50,000 टन, मॉरीशस को 1,200 टन, बहरीन को 3,000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 31 मार्च तक इतनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति है। इसके तौर-तरीकों पर काम जारी है। सिंह ने कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

इफको फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर एक बार फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गई है।

इफको के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुनः पहले स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है।

इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती है कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) हैं।

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	72,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,970
गिन्नी (प्रति नग)	47,650–47,850

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,850
सोना जेवरात गिन्नी	62,850
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100 ।

हीरानंदानी समूह के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

मुंबई, एजेंसी

- **फेमा उल्लंघन के सिलसिले में जांच एजेंसी की कार्रवाई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में प्रतिष्ठित रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित चार से पांच परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच फेमा के उल्लंघन से जुड़ी है। यह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा से जुड़ी जांच के एक अन्य मामले से संबद्ध नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा से निष्कासित किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से मिले तोहफों के बदले में अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। दर्शन हीरानंदानी रियल एस्टेट दिग्गज और हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी के बेटे हैं। दुबे ने मोइत्रा पर वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया था। मोइत्रा ने इन आरोपों से इनकार किया था।

बिहार ईओयू का पटना जीपीओ पार्सल गृह में छापा

पटना। बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एक टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थों के पार्सल के माध्यम से संभावित तस्करी की रोकथाम के लिए पटना जीपीओ पार्सल गृह में गुरुवार को छापामारी की। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नय्यर हसनैन खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आसूचना एवं बरामदगी के लिए आर्थिक अपराध इकाई मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नयशील है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में ईओयू के दल ने छापेमारी की।

धार्मिक पर्यटन में 2 लाख रोजगार पैदा होंगे

मुंबई, एजेंसी

- **एक रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा और बढ़ावा**

देश में धार्मिक पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के जोर पकड़ने से अगले चार-पांच वर्षों में करीब दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन के वर्ष 2023 से 2030 के बीच सालाना 16 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

अलुग ने कहा कि घरेलू पर्यटन में धार्मिक पर्यटन की हिस्सेदारी

इस समय 60 प्रतिशत है, लेकिन आने वाले समय में यह अनुपात बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिल सकता है। अलुग ने कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आतिथ्य एवं यात्रा सेवाओं से जुड़ी करीब 25,000 नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'अगले चार-पांच वर्षों में धार्मिक पर्यटन से दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक 60 अरब डॉलर के अनुमानित राजस्व के साथ धार्मिक पर्यटन अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के कामगारों के लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा।'

उन्होंने उद्योग रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कोविड महामारी के बाद तीर्थयात्रा के लिए होने वाली रात्रिकालीन यात्राएं बढ़ गईं और वर्ष 2021-2022 में दान राशि में भी 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

राष्ट्रीय

आगामी चुनाव तय करेगा देश का भविष्य

गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत

जांजगीर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की और कहा कि आगामी आम चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। शाह ने यहां विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प रैली में आया हूं। आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है।''

शाह ने कहा, ''मैं छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से धन्यवाद करना



चाहता हूं। 2014 में आपने 11 में से 10 सीट भाजपा को जिताईं। 2019 में 11 में से नौ सीट पर भाजपा को जिताया। हाल ही में (पिछले साल) विधानसभा चुनाव में आपने छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई।" उन्होंने कहा, "एक नाकारा सरकार (पिछली कांग्रेस सरकार) जिसने न नक्सलवाद पर लगाम कसी और न छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया, जिसने लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ अन्याय करने का काम किया, उसको भी आपने हटा दिया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का काम किया है।''

उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए महिलाओं को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, 'मैं विशेष रूप से राज्य की माताओं और बहनों को प्रणाम कर आभार प्रकट करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान मोदी की सरकार के 10 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण किया है। इन 10 साल में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का पानी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों का पांच लाख रुपए तक उपचार का खर्च नरेंद्र मोदी सरकार उठा रही है।'

गृहमंत्री शाह ने कहा, 'मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम किया है। हमारा देश दुनिया की अर्थ तंत्र तालिका में 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर पर है। मोदी जी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हम दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।'

महुआ मोइत्रा की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश आज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है, क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं।

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर इन दिनों सपरिवार कश्मीर में हैं। गुरुवार को उन्होंने बेटी सारा और पत्नी अंजलि के साथ डल झील में शिकारे का आनंद लिया।

एक नजर

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।

कश्मीर में नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी मिली

जम्मू। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित प्रदेश में वर्ष 2027 तक 2,000 स्टार्टअप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ एक नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, यह नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं देती है और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च आय वाले व्यक्तियों के जरिये उद्यमियों को सहायता मुहैया कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में 2018 में अधिसूचित स्टार्टअप नीति की जगह लेने वाली जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी दी गई।

बेरोजगार पति को हर माह 5,000 रुपये भरण-पोषण दे पत्नी : अदालत

इंदौर, एजेंसी

- **इंदौरा की एक कुटुंब अदालत ने दिए निर्देश**

इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये अदा करे। इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

झारोला ने बताया, 'हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपये अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे।' उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण में असमर्थ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल को डरा-धमका कर उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नहीं था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 को धौलपुर पहुंचेगी

जयपुर। राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 फरवरी को राजस्थान के धौलपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर में प्रवेश करेगी, जहां यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय यात्रा का ध्वज राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंपेंगे।

दिल्ली के बुराड़ी से बिश्नोई-हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जवाबी गोलीबारी में बदमाश आमिर और दानिश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने कहा कि आमिर डकैती से लेकर हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तक के छह आपराधिक मामलों तथा दानिश दंगा और शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा, 'हमारी कई टीम भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले में शामिल इन लोगों का पता लगा रही थीं।'

किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है, लेकिन पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

सुखपाल सिंह ने कहा, "मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देंगे और किसानों, खेत मजदूरों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं किया गया। उल्टे एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई जा रही है।"

कांग्रेस नेता ने कहा, "किसान आंदोलन से जुड़े शुभकरण सिंह की कल गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन हरियाणा सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। देश की पुलिस अपने ही किसानों पर अत्याचार कर रही है। आंदोलन से जुड़े 200 से ज्यादा किसान जख्मी हैं।'

ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद कर दिया, जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह लवली ने कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है।

कांग्रेस से गठबंधन किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आप नेता और दिल्ली की मंत्री ने किया दावा**

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि यदि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शनिवार या रविवार को केजरीवाल को नोटिस जारी करने वाला है। उन्होंने दावा किया, 'जब से 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन की

चर्चा अंतिम चरण में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही 'आप' नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि 'आप' ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका 'आप' द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ना है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं।

शिवसेना नेता का दावा

1987 में किया बाघ का शिकार, गले में पहनते हैं उसका दांत

मुंबई। एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक ने दावा किया है कि उन्होंने 37 साल पहले एक बाघ का शिकार किया था और वह उसका दांत अपने गले में पहनते भी हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय गायकवाड़ का यह दावा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गायकवाड़ अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। वह वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं, "यह बाघ का दांत है। वर्ष 1987 में मैंने इसका शिकार किया था।'

टेस्ट के बाद अब मोहम्मद शमी आईपीएल से भी बाहर

पिछले साल नवंबर में अंतिम बार वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था, लंदन में होगा टखने का ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट से अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने से इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे और उन्हें बताया गया कि वह 3 सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। लेकिन इंजेक्शन लगवाने से फायदा नहीं हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह ऑपरेशन के लिए जल्द ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल में खेलने का सवाल ही नहीं उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट लिए थे। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस गेंदबाज की अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक फिट होना होगा। शमी की चोट से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है।

आईपीएल का पहला मैचः चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स से भिड़ेगी

नई दिल्ली। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सामने होगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की। आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद होगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। 10 टीम को 5-5 के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप चरण में हर टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से 1-1 बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे का सामना करेंगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। 2014 में आम चुनाव से स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में इसे आयोजित किया गया था, लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में कराए गए थे।

लखनऊ को फिर मिली आईपीएल की मेजबानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: एक बार फिर इकाना स्टेडियम में आईपीएल के मुकाबले देखने को मिलेंगे। बीसीसीआई ने आईपीएल के पहले दो सप्ताह का शेड्यूल जारी किया, इसमें दो मैच अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मैच 30 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दूसरा 7 अप्रैल को सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स में खेला जाएगा।

अप्रैल में संभावित लोकसभा के चुनाव को देखते हुए बीसीसीआई ने पहले चरण के 15 मुकाबलों का शेड्यूल जारी किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम है। ऐसे में अभी 5 मैचों की मेजबानी लखनऊ को और मिलना है। इनका शेड्यूल बाद में जारी होगा। सुपर जायंट्स के खिलाड़ी 25 फरवरी से लखनऊ पहुंचने शुरू हो जाएंगे। स्टेडियम प्रबंधन ने मैच की तैयारी शुरू कर दी हैं। सुपर जायंट्स टीम प्रबंधन के अधिकारी भी जल्द स्टेडियम पहुंचेंगे। वे स्टेडियम को परखने के साथ मुकाबलों की रणनीति तैयार करेंगे। दस मार्च के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम लखनऊ पहुंच जाएगी।

- **30 मार्च को लखनऊ सुपर जांयट्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से**
- **2 अप्रैल को लखनऊ सुपर जांयट्स के सामने होगी गुजरात टाइटंस की चुनौती**

गली क्रिकेट के माध्यम से किया जाएगा प्रमोशन

लखनऊ में आईपीएल के मुकाबलों के साथ लखनऊ सुपरजायंट्स के प्रमोशन के लिए भी कई आयोजन होंगे, जिससे शहर में आईपीएल का माहौल बनाया जा सके। पिछले वर्ष की तरह टीम प्रबंधन इस बार भी टीम के खिलाड़ियों के साथ रोड शो, ड्रोन शो और आतिशबाजी का कार्यक्रम तैयार कर रहा है। लखनऊ सुपरजायंट्स प्रबंधन की ओर से प्रदेश के चार शहर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और नोएडा में गली क्रिकेट के आयोजित करने की योजना है। इन शहरों में सुपरजायंट्स कप के तहत मुकाबले खेले जाएंगे। लखनऊ में गली क्रिकेट की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया हो रही है। जल्द ही आयोजन की तिथियां भी जारी कर दी जाएगी।

खेल डायरी

रोनाल्डो का गोल, अल नासर क्वार्टरफाइनल में

एशियाई चैम्पियंस लीग

रियाद। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की। अब अल नासर की निगाहें पहले महाद्वीपीय खिताब पर लगी हैं और अगले महीने क्वार्टरफाइनल में उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन क्लब से होगा।

स्वियातेक, रयबाकिना और गॉफ क्वार्टर फाइनल में

दुबई। कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को हराया। इगा स्वियातेक ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला क्वीनवेन झेंग से होगा।

पूनाचा ने एटीपी चैलेंजर में नागल को हराया

पुणे। भारत के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा ने गुरुवार को शीर्ष वरीय और हमवतन सुमित नागल को हराकर उलटफेर करते हुए एटीपी चैलेंजर 100 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पूनाचा ने नागल को शिकस्त दी और क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुकुंद के साथ शामिल हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ हाल में डेविस कप में पदार्पण करने वाले पूनाचा का सामना आस्ट्रेलिया के डेव स्वीनी से होगा जिन्हेंने पोलैंड के माक्स कासिनोवस्की को हराया। भारत की दो जोड़ियों ने युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी ने जर्मनी के जैकब शनैटर और मार्क वॉलनर को हराया।

फोनसेका ने रियो ओपन में एटीपी टूर मैच जीता

रियो डी जिनेरियो। ब्राजील के 17 वर्षीय जोआओ फोनसेका ने रियो ओपन में सातवें वरीय आर्थस फिल्स को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी, जिससे वह 2006 में पैदा हुए एटीपी टूर स्तर का मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पिछले साल अमेरिकी ओपन में लड़कों का एकल खिताब जीतने वाले फोनसेका की रैंकिंग अभी 655 है और फिल्स को हराने के बाद उनके करीब 200 स्थान की छलांग की उम्मीद है। वह राउंड 16 में चिली के क्रिस्टियन गारिन से भिड़ेंगे। अर्जेंटीना के चौथे वरीय फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने स्पेन के एलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका को अर्जेंटीना के फाकुंडो डायज अकोस्टा से सीधे सेटों में हार मिली जबकि जर्मनी के यानिक हैन्फमैन ने चिली के निकोलास जारी को तीन सेट में हराकर बाहर कर दिया। गुरुवार को बारिश के कारण खेल रोक दिया गया।

भारत जीत तो इंग्लैंड वापसी को करेगा संघर्ष

भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे, घर में करती आ रही बेहतर प्रदर्शन

रांची, एजेंसी

तेज गेंदबाज बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में भी इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को धत्ता बताकर 5 मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी हैं।

2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने खेले 47 टेस्ट में 38 जीते हैं। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हारना पड़ा। विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक हैं। सरफराज ने नागपुर में पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं। श्रृंखला में अब तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है। इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है। वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे। तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अब तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं। संभावना है कि भारत 2 तेज गेंदबाज और 3 स्पिनरों के साथ उतरेगा। ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है। यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी। इस मैदान पर आखिरी टेस्ट 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे जबकि भारतीय स्पिनरों को 8 विकेट मिले थे। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड बैजबॉल शैली में बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति पर कायम रहता है या नहीं। हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच में उसकी यह शैली सही साबित हुई थी लेकिन अगले दो मैच में उसके बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज टीम को भारी पड़ा था।

राची स्टेडियम में पिच की जांच करते भारतीय टीम के सदस्य। (ऊपर) मैदान पर अभ्यास के दौरान आपस पर विचार विमर्श करते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

मैच सुबह 9.30 बजे।

इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन।

मैंने ऐसी पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स

रांची। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी। मैच से पहले हालांकि पिच को लेकर चर्चा बनी हुई है जिसमें दरार पड़ी हुई हैं। स्टोक्स ने कहा कि यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी। ड्रेसिंग रूम से देखने पर इसमें घास नजर आती है लेकिन जब आप पास जाते हो तो यह पूरी तरह से भिन्न दिखती है। इसमें कुछ दरारें नजर आती हैं।

स्टोक्स ने अपनी गेंदबाजी पर संदेह रखा

रांची। बेन स्टोक्स ने नेट पर गेंदबाजी के कड़े अभ्यास से भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में गेंदबाजी करने की उम्मीद बढ़ा दी हैं लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने बतौर गेंदबाज अपनी उपलब्धता पर संदेह कायम रखना सही समझा। घुटने की समस्या से स्टोक्स पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट से बाद से बतौर बल्लेबाज ही खेल रहे हैं। लेकिन भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्हें पूरी शिद्दत से गेंदबाजी करते हुए देखा गया। मैच में उनके गेंदबाजी की संभावना के बारे में पूछने पर स्टोक्स ने कहा कि ना, मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है और शायद नहीं भी। इंग्लैंड के लिए दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकता है, जिससे उन्हें लंबी कद काठी के ओली रोबिन्सन को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा, हालांकि रांची की पिच के स्पिनरों के मददगार होने की उम्मीद है।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने, युवाओं पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में हुआ था लेकिन इस बार बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजन होगा। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी।

शुरू में ही सफलता हासिल कर रहे हैं भारतीय युवा : राठौड़

रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में ही सफलता हासिल की है और भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने इसका श्रेय देश के मजबूत घरेलू ढांचे को दिया।

मुंबई के 22 वर्षीय जायसवाल ने अभी तक केवल 6 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनके नाम पर दो दोहरे शतक दर्ज हैं। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जमाए। राठौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह टीम के लिए अच्छा है और उनके लिए भी बेहतर है। जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो दबाव होता है लेकिन अगर आपकी शुरुआत अच्छी रहती है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि टीम में जो युवा खिलाड़ी आए हैं उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और यह अच्छा एहसास है। उनमें क्रिकेट की अच्छी समझ है जो बहुत अच्छा संकेत है। घरेलू क्रिकेट से यह बहुत अच्छा संदेश मिल रहा है कि नए खिलाड़ी क्रिकेट को लेकर अच्छी समझ रखते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में विराट कोहली नहीं खेल रहे हैं जबकि केएल राहुल भी एक मैच खेलने के बाद चोटिल होने के कारण बाहर हैं। राठौड़.ने कहा कि हमारा शुरू से ही मानना था कि हमारा घरेलू क्रिकेट काफी मजबूत है और जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आएगा वह अच्छा प्रदर्शन करके ही आएगा। मैं नहीं जानता कि जब केएल राहुल और विराट कोहली वापसी करेंगे तो तब क्या होगा। यह अभी चिंता का विषय नहीं है। भारतीय बल्लेबाजी कोच ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं हाशमी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी। चर्चा थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा,फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है ।शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।

'शैतान' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विकस बहल निर्देशित शैतान में अजय देवगन,आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है ।फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आर माधवन मेहमान बनकर अजय देवगन के घर पर पहुंचते हैं और उनकी बेटी को काली शक्तियों से अपने बस में कर लेते हैं। मगर बाद में अजय को उनकी शैतानी शक्तियों के बारे में पता चल जाता है। 'शैतान' 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।अजय देवगन इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक के साथ मिलकर फिल्म शैतान का निर्माण किया है।

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका

रसिका दुग्गल मनोरंजन जगत के प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं और उन्होंने सिनेमा और छोटे परदे पर अपनी जगह बनाई है। वह अब निर्देशक करण गौर की फिल्म 'फेयरी फोल्क' में अभिनय कर रही हैं, जो 1 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म पहले ही सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, मामी (मुंबई), और मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव में व्यापक प्रशंसा जीत चुकी है और अब मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता, और बेंगलुरु में दिखाई जाएगी। यह पहली बार है जब रसिका पति मुकुल चड्ढा के साथ काम कर रही हैं। फिल्म में ये दोनों अजीबोगरीब स्थिति में फंस जाते हैं जब एक लिंगहीन व्यक्ति उनके जीवन में प्रवेश करता है और उसे उलट-पलट देता है। रसिका कहती है कि फिल्म में 'मैजिक रिअलिस्म' का अंश है और वो एक असामान्य दृष्टिकोण से मानव संबंधों का अन्वेषण करती है। ये एक ऐसी फिल्म थी जिसे हमने बिना रिहर्सल किए शूट किया। कहानी के अनुसार ही हर दृश्य फिल्माया गया, आमतौर पर फिल्में क्रम से शूट नहीं होती और अभिनेता को याद रखना होता है कि हफ्तों/महीनों पहले कौन से दृश्य में क्या हुआ था। बहुत बार, आपको बाद के दृश्य पहले फिल्माने पड़ते हैं, लेकिन 'फेयरी फोल्क' में हमें मालूम था कि पिछले सीन में कैसे चीज़ें घटित हुईं और इसलिए अभिनेत्री के रूप में मैंने इस अनुभव का बहुत आनंद लिया। अपने चरित्र को समझने के नए, दिलचस्प तरीके ढूंढ़ने में भी मदद मिलती है। वे कहती हैं, ऐसी फिल्में आपको मौका देती हैं कि आप अभिनय के साथ नए प्रयोग करें। आपको कलाकार के रूप में नई शैलियों के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। अपने पति मुकुल चड्ढा के साथ काम करने के बारे में, रसिका कहती हैं कि मुकुल और मैं पहले भी एक दूसरे की प्रतिभा और शैली से अवगत थे, इसलिए हमें पता था कि हम कैसे साथ में काम करेंगे। 'फेयरी फोल्क' का निर्माण इम्पाथिया फिल्म्स, अनुकम्पा हर्ष के बलावला सिनेमा, और टिम्बक्टू फिल्म्स द्वारा किया गया है (नायक नकुल मेहता, अलेख संगल और फिल्मकार अजय सिंह द्वारा समर्थित)। फिल्म का पार्श्व संगीत निर्देशक ने ही रचा है. उन्होंने 'तितली,' 'हरामखोर,' 'डियर डैड,' और 'आगरा' जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था।

फिल्म रंगीला का गाना 'हाया रामा' उर्मिला के दिल के करीब

मुंबई। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बताया है कि फिल्म रंगीला का गाना हाय रामा उनके दिल के बेहद करीब है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', उर्मिला मातोंडकर का स्वागत करेगा, जिसमें प्रतियोगी इस विशेष एपिसोड में टॉप 6 में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी सुभादीप दास चौधरी और अनन्या पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म रंगीला में सुभादीप की प्रस्तुति हाय रामा और अनन्या की तन्हा तन्हा और रंगीला रे की मनमोहक प्रस्तुति ने उर्मिला को आश्चर्यचकित कर दिया। उर्मिला मतोडकर ने हिट गीत 'हाय रामा' के बारे में बताया, यह एक बहुत ही मुश्किल गाना है, और यह मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मुझे यह दिलचस्प लगता है कि ए. आर. रहमान, जो स्वयं उस्ताद हैं, ने एक सहज धुन को रचना में शामिल कर लिया, जिसे हरिहरन सर एक बार सुनने के बाद ही रिहर्सल कर रहे थे। यह संगीतकारों, गायकों, रचनाकारों और एक्टरों के सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है जो इस तरह के जादू को जीवन में लाते हैं।

होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता

मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी ,दिलीप गुलाटी निर्देशित फिल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फिल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फिल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फिल्म आगामी होली पर रिलीज करने की तैयारी है। लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया, फिल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फिल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फिल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फिल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

उत्तर भारत में कल से 27 फरवरी तक बदलेगा मौसम

नई दिल्ली। उत्तर भारत में एक बार फिर से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता होने वाली है। यह सक्रियता कल से 27 फरवरी तक बनी रहेगी। विभाग के मुताबिक चार दिनों तक बने रहने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' (पश्चिमी विक्षोभ) का व्यापक असर पड़ने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिन बाद आने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' की सक्रियता का कितना असर पड़ने वाला है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस दौरान उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक बार फिर से जमकर बारिश और बर्फबारी होगी। पिछले हफ्ते सक्रिय रहे पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अभी भी लगातार बर्फबारी और बारिश हो रही है।

वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही, 15 की मौत, दर्जनों फंसे

वेनेजुएला। वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने की खदान ढहने से करीब 15 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक खदान के अंदर कितने लोग अभी दबे हुए हैं, इसके बारे में सटीक जानकारी देना अभी संभव नहीं है। घटना को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मौके से अब तक करीब 15 शवों को बाहर निकाला गया है। वहीं करीब 11 लोग घायल हैं। हादसे के तुरंत बाद से राहत एंव बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था, जो अभी भी जारी है।

मंगोलिया में कड़ाके की ठंड से 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत

उलान बतोर। मंगोलिया में कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से पशुओं की संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है। मंगोलिया के राज्य आपातकालीन आयोग (एसईसी) ने गुरुवार ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार ठंड के कारण पूरे देश में कम से कम 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत हो चुकी है। मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। विश्व के अंतिम जीवित खानाबदोश देशों में से एक, मंगोलिया ने हाल ही में कठोर सर्दियों और पशुधन के नुकसान के कारण अपनी आपदा तैयारियों को हाई अलर्ट कर दिया है।

अमेरिकाः भारतीय छात्रों से वाणिज्य दूतावास के अफसरों ने की बातचीत

वाशिंगटन। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने देश में रह रहे भारतीय छात्रों के साथ वर्चुअल बातचीत की। राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए। अमेरिका में कुछ भारतीयों और भारतीय छात्रों की हाल में हुई मौतों की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है।

11 माह पहले पारित आदेश संशोधित मैतेई समुदाय एसटी सूची से बाहर

- 27 मार्च, 2023 को हाईकोर्ट ने किया था पारित, इस आदेश से मणिपुर में मैतेई और कुकी के बीच हुआ था जनजातीय संघर्ष

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची से बाहर रखने का फैसला लिया है। चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति गोलमेई गाइफुलशिल्लू की पीठ ने पुराने आदेश को संशोधित करते हुए साफ किया कि 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश का पैराग्राफ 17 (3) हटाया जा रहा है। बता दें कि लगभग 11 महीने पहले पारित इस आदेश में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद उपजे विवाद के कारण मणिपुर के कई हिस्सों में मैतेई और कुकी आदिवासी समुदाय के बीच जनजातीय संघर्ष हुआ था।

गौरतलब है कि मार्च, 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन कार्यवाहक चीफ जस्टिस एमवी मुरलीधरन की पीठ ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। अप्रैल में आदेश की प्रति सार्वजनिक होने के बाद मणिपुर के कई हिस्सों में जमकर हिंसा भड़की थी। हाईकोर्ट के फैसले को संशोधित करने का आदेश देते हुए चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की पीठ ने बुधवार, 21 फरवरी को पारित आदेश में कहा, 'अदालत इस बात से संतुष्ट है कि एकल न्यायाधीश की पीठ में 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश के पैराग्राफ 17 (3) में दिए गिए निर्देशों की समीक्षा जरूरी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साफ किया कि एकल पीठ के निर्देश सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ है। खंडपीठ में संशोधन का निर्देश देते हुए न्यायमूर्ति गाइफुलशिलु ने कहा कि अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार ने प्रक्रिया निर्धारित की है। उन्होंने लगभग 11 महीने पहले पारित आदेश के पैरा 17 (3) में निहित हाईकोर्ट के निर्देश को हटाने पर जोर दिया। अदालत ने साल 2013-14 में जारी जनजातीय मामलों के मंत्रालय की रिपोर्ट में शामिल विस्तृत संवैधानिक प्रोटोकॉल का उल्लेख भी किया।

हाईवे पर आपात हालात में 1033 या 108 पर मांगें मदद

आजकल लोकल सड़क से लेकर बड़े-बड़े हाइवे सभी सुरक्षा के लिहाज से नजर हटी, दुर्घटना घटी वाली स्थिति में हैं। नेशनल हाईवे पर लोग लंबी-लंबी दूरी का सफर तय करते हैं, सफर करते समय सुरक्षा की दृष्टि से डर सा होता है, कि किसी गंभीर स्थिति में इस सड़क पर कौन मददगार बनेगा। लेकिन ऐसा नहीं है, बड़े-बड़े हाईवे पर यात्रा के समय भी आप निश्चिंत होकर यात्रा कर सकते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे पर मदद उपलब्ध कराता है। जानते हैं कैसे पा सकते हैं मदद...

24 घंटे हाईवे फैसेलिटी में टोल प्लाजा एम्बुलेंस पेट्रोल व्हीकल क्रेन सेवाएं है शामिल

टोलबूथ की टैक्स रसीद पर होता है हेल्पलाइन नंबर

- इसके अलावा आप जिस नेशनल हाईवे पर जा रहे हैं, वहां टोलबूथ पर पैसे देने के बाद जो रसीद मिलती है, उस पर भी चार फोन नंबर आगे-पीछे के हिस्से में मिलते हैं। इन फोन नंबर हेल्पलाइन, क्रेन सर्विस, एंबुलेंस सर्विस मिल सकती है।
- हाईवे पर परेशानी से बचने का कोई जरिया ? एनएचएआई का राजमार्गयात्रा मोबाइल एप भी है। इससे यात्री रियल टाइम मौसम के हालात, समय पर प्रसारित सूचनाएं और नजदीकी टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप, अस्पताल, होटल और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

आपात स्थिति में कैसे मिलेगी मदद

हाईवे पर सफर करते समय अगर वाहन खराब हो जाए, हादसा हो या मेडिकल इमेरजेंसी हो तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी के हेल्पलाइन नंबर 1033 या 108 पर फोन कर सकते हैं। ये सेवा 24 घंटे चलती है। हाईवे फैसेलिटी में- टोल प्लाजा एम्बुलेंस, पेट्रोल व्हीकल, क्रेन या एंबुलेंस सेवा शामिल है। ये नंबर 24 घंटे सातों दिन काम करते हैं।

'राजमार्ग यात्रा मोबाइल' एप से मिलेगी मदद

राजमार्ग यात्रा एप पर रजिस्टर्ड शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाता है। ये विभिन्न बैंक पोर्टलों के साथ जुड़ा है, इस तरह यूजर्स के लिए फास्टैग को रिचार्ज करना सुविधाजनक बनाता है। सफर के दौरान हाइवे पर पड़ने वाले पर्यटन स्थल की जानकारी भी मिलती है। साथ ही ब्लैक स्पॉट कहां पर है, इसकी जानकारी भी मिलती है।

चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी समिति चुनाव आयोग को सौंपेगी रिपोर्ट

पाकिस्तानः उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित करने का था आरोप

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने रावलपिंडी में चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी कर ली है। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट चुनाव निकाय को सौंपेगी। दरअसल, ये आरोप एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए गए हैं।

गौरतलब है, पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। जिसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। तमाम संगठनों का आरोप है कि चुनावों में धांधली की गई। वहीं, 17 फरवरी को रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश आठ फरवरी के चुनावों में चुनाव धांधली में शामिल थे। इन आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जांच की मांग उठने लगी थी।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आरोपों की जांच के लिए रविवार को समिति का गठन किया था। लियाकत अली ने कहा था कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जीता हुआ घोषित किया गया। वहीं, पद से इस्तीफा देने से पहले उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के लिए गठित की गई ईसीपी की जांच समिति को तीन दिन का समय दिया गया था। समिति ने अपनी जांच तय समय में पूरी कर ली और जल्द चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंप देगी। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, 'समिति ने रावलपिंडी संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीआरओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के बयान दर्ज किए हैं। डीआरओ और आरओ ने पूर्व आयुक्त के धांधली और परिणामों में हेरफेर के आरोपों से इनकार कर दिया है।

इमरान समर्थित पीटीआई का तीन मार्च को संगठनात्मक चुनाव

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई भले ही देश के आम चुनाव में भाग नहीं ले पाई हो, लेकिन पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भारी संख्या में नेशनल एसेंबली का चुनाव जीता है। इमरान खान की संकटग्रस्त पार्टी अब तीन मार्च को नए सिरे से संगठनात्मक चुनाव करवाने जा रही है। इससे पहले पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के अंदरूनी चुनाव को रद्द कर दिया था। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई ने घोषणा की है कि वह तीन मार्च को नए सिरे से पार्टी के अंदरूनी चुनाव करवाएगी। पार्टी के सदस्य शुक्रवार-शनिवार तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। पार्टी के चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 25 फरवरी तक पूरी होगी और नामांकन पर फैसला 27 फरवरी तक किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई के संगठनात्मक चुनावों के लिए वोटिंग पार्टी के केंद्रीय सचिवालय समेत देश के सभी चार प्रांतों में पीटीआई कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैरिस्टर गौहर अली खान को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है, जबकि रऊफ हसन पार्टी चुनाव के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। पीटीआई ने चुनाव आयोग के निर्देश पर पिछले साल दिसंबर में पार्टी के अंदर एक अंदरूनी चुनाव करवाया गया था, जिसमें गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। कोर्ट ने पार्टी के चुनाव को रद किया था। हालांकि, इसके बाद कुछ असंतुष्ट पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पार्टी के चुनाव को चुनौती दे दी और अदालती लड़ाई के बाद चुनाव को रद्द कर दिया गया था।

तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला 1 घायल, 3 गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस लगातार नशीली दवाओं के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में ठाणे जिले भयंदर इलाके में नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना के बाद तलाशी के लिए पुलिस की टीम वहां पहुंची। इस दौरान अचानक भीड़ ने सर्च ऑपरेशन के लिए आई टीम पर हमला बोल दिया। गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी दी।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना धावगी इलाके में हुई। जहां नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गई थी। इस दौरान अचानकर भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि इस हमले में टीम में मौजूद महिला कांस्टेबल को चोट आई, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। उत्तान सागरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 लोगों के एक समूह ने मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की एक पुलिस पार्टी पर हमला किया। जब वह एक गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए रात नौ बजे के आसपास उनके इलाके में गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में अब न्याय के साथ-साथ इलाज भी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का सीजेआई ने किया उद्घाटन

सुप्रीम कोर्ट परिसर में अब लोगों को न्याय के साथ-साथ इलाज भी मिल सकेगा। गुरुवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया।

सीजेआई ने कहा, 'मेरे लिए यह पल काफी संतोषजनक है। मैं तब से इस पर काम कर रहा हूं जब से मैंने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला है। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक रहा हूं। हमारे पास 2000 से अधिक कर्मचारी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों, बल्कि स्टाफ सदस्यों के जीवन जीने के तरीके को देखना चाहिए। मैं आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। हम इसे सर्वोच्च न्यायालय और इसके माध्यम से पूरे देश के लिए अनावरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीएम मोदी के फोन का एक वाक्या साझा किया। उन्होंने बताया, 'मैं कोरोना के बाद से ही आयुष से जुड़ा हुआ हूं। मुझे कोविड हुआ था, तब मेरी हालात काफी खराब थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे फोन किया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे एहसास है कि आपकी तबियत सही नहीं है, लेकिन हम सब कुछ करेंगे। एक वैद्य हैं, जो आयुष में सचिव भी हैं। उनके साथ आपकी बात करवाऊंगा। वह आपको दवा देंगे।

सीजेआई ने कहा, 'जब मैं कोविड से पीड़ित था, उस समय मैंने आयुष से दवा ली थी। दूसरी और तीसरी बार जब मुझे कोविड हुआ, मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। मैं सभी न्यायाधीशों, उनके परिवारों और उच्चतम न्यायालय के 2000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के बारे में बहुत चिंतित हूं क्योंकि उन्हें न्यायाधीशों के समान सुविधाएं नहीं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि उनके पास जीवन जीने का एक समग्र तरीका हो।

बर्फबारी का आनंद लेते सैलानी...

श्रीनगर : फोटो जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग की है। जहां पिछले 48 घंटों से भारी बर्फबारी हो रही है। सैलानी बर्फबारी का आनंद ले रहें हैं। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में मौसम की दूसरी भारी बर्फबारी हो रही है। इस बीच, कश्मीर घाटी को जोड़ने वाले राजमार्ग मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, श्रीनगर-लेह रोड सहित कई मार्ग पूरी तरह से बंद है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इसके कारण राज्य की 405 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। सिक्किम में भारी बर्फबारी से भारत-चीन सीमा पर फंसे 500 पर्यटकों को भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया है। ● एजेंसी

मंदिरों पर 10% टैक्स लगाएगी कर्नाटक सरकार, विधेयक पास

बेंगलुरु, एजेंसी

- विधानसभा में हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित, फैसले से भड़की भाजपा

कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित हो गया। इस विधेयक में हिंदू मंदिरों के राजस्व पर 10 फीसदी टैक्स लगाने का प्रावधान किया गया है। इस पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया है।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सरकार के इस विधेयक पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिंदू मंदिरों के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है। विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा 'कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है और अब उनकी नजर हिंदू मंदिरों पर है। कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' अपने खाली खजाने को भरने के लिए पारित किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों की एक करोड़ से ज्यादा की कमाई पर 10% टैक्स लगाएगी, ये और कुछ नहीं गरीबी है। श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा।

यूएन पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर फिर भड़के जयशंकर बोले-बहुपक्षीय समाधान नहीं मिल रहे

नई दिल्ली में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए कहा कि 'कई मामलों में हम बीच का रास्ता नहीं निकाल सके। पुराने मुद्दों के अलावा, नए मुद्दे भी हैं। कनेक्टिविटी, कर्ज, व्यापार आदि मुद्दे भी हैं और कैसे इनसे फायदा उठाया जा रहा है। ये जरूरी नहीं है कि ये सब कुछ पश्चिमी देश कर रहे हैं, लेकिन शुरुआत में पश्चिमी देशों का ही संयुक्त राष्ट्र में दबदबा था और आज जो स्थिति है, उसके लिए पश्चिमी देश भी जिम्मेदार हैं। संयुक्त राष्ट्र के जो नए सदस्य बन रहे हैं, उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बात करें तो वहां सबसे बड़े विरोधी पश्चिमी देश नहीं है। ऐसे में यह एक समग्र समस्या है और हमें बदलाव के लिए धीरे-धीरे संघर्ष करना होगा।

चीन के जाल में फंसा मालदीव भेजा जासूसी पोत, भारत चिंतित

माले, एजेंसी

- अमेरिकी थिंक-टैंक ने लगाया आरोप, चीनी अनुसंधान पोत हिंद महासागर से कर रहा डाटा एकत्र

चीन का समुद्री अनुसंधान जहाज हिंद महासागर में लगभग एक महीना बिताने के बाद गुरुवार को मालदीव के पास पहुंच गया। इस जहाज को जासूसी जहाज बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि, चीनी अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 उसी दिन मालदीव पहुंचा है जब भारतीय और श्रीलंकाई जहाज त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए इस द्वीपसमूह पर पहुंचे। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाज की आवाजाही के बारे में भारत पहले ही चिंता जता चुका है। अमेरिकी थिंक-टैंक ने आरोप लगाया है कि चीन के अनुसंधान जहाजों का बेड़ा सैन्य उद्देश्यों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र सहित महासागरों से डाटा एकत्र कर रहा है। हालांकि बीजिंग ने आरोप से इनकार किया है। दुनिया भर में सभी समुद्री जहाजों पर नजर रखने वाली समुद्री यातायात वेबसाइट के हवाले से बताया कि जियांग यांग होंग 03 गुरुवार सुबह माले शहर के करीब दिखा, वहीं दोपहर में यह थिलाफुशी के पास था। चीनी अनुसंधान जहाज ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन की यात्रा समाप्त होने के बाद 14 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद यह गुरुवार को माले के पास पहुंचा। दावा किया गया कि जहाज 22 जनवरी से ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था।

विज्ञान दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से करेंगे आगाह

जलवायु परिवर्तन को लेकर नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : दिन पर दिन गंभीर होते जा रही जलवायु परिवर्तन की समस्या पर नजर रखने के लिए नासा एक साथ दो अंतरिक्ष यान पृथ्वी के अंतिम छोर पर पहुचाने जा रहा है। दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से आगाह करेंगे। दोनों मिशन जल्द लॉन्च किए जाएंगे।

वर्तमान समय जलवायु परिवर्तन के खिलाफ गंभीर लड़ाई का है। भले ही नासा इस दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है, लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इसमें अपने शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। नासा के अनुसार पिछले 20 साल के अंतराल में जलवायु परिवर्तन में बड़ा असर देखने को मिला है। जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक तेजी से बढ़ रहे हैं।

जिसका विपरीत असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिल रहा है। इस वैश्विक समस्या पर नजर रखने के लिए फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट (प्रीफायर) उपग्रह लॉन्च करने जा रहा है। यह दो उपग्रह होंगे, जिन्हें अगले माह लॉन्च कर दिया जाएगा। 470 से 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर दोनों अंतरिक्ष यान वायुमंडल में एक-दूसरे को पार करते हुए निकट-ध्रुवीय कक्षाओं में स्थापित किए जाएंगे। इस मिशन से पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से होने वाली गर्मी के पूर्ण वातावरण को मापा जा सकेगा। पहली बार यह प्रयोग किया जा रहा है, जो जलवायु से संबंधित सटीक जानकारी देने में सक्षम होगा।

नासा ध्रुवों पर इस तरह से लॉन्च किए जाएंगे उपग्रह।

ध्रुवों की जलवायु की जानकारी अभी भी अधूरी

ध्रुवों की जलवायु को लेकर हमारी जानकारी अभी भी अधूरी है, जबकि हमारे वातावरण में कई तरह का मापन इन्ही क्षेत्रों को आधार माना जाता है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों में विकिरण का असर भी देखने को मिलता है। ध्रुवीय क्षेत्र मानवीय दखल से अभी भी दूर हैं। जिस कारण पृथ्वी के ध्रुव आज भी स्वच्छ माने जाते हैं, लेकिन जलवायु में तेजी से आ रहे बदलाव से संभवतः ध्रुव भी अछूते नही रह सकते। जिस कारण इनकी निगरानी अधिक जरूरी हो गई है।

भू-राजनैतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान जरूरीः वी मुरलीधरन

रियो डि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी

- जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की दो टूक

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने ब्राजील में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में उन्होंने कहा, भारत ने साफ किया कि दुनिया के कई देशों को प्रभावित करने वाले भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान रचनात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

बता दें कि कुछ महीने पहले भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों का सम्मेलन आयोजित हुआ था। अब इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। भारत ने विदेश मंत्रियों की बैठक में दो टूक कहा, 'दुनियाभर में टकराव की कई घटनाएं चिंता पैदा कर रही हैं। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी है कि भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान काफी रचनात्मक तरीके से किया जाए। भारत ने जी-20 देशों के मंत्रियों की बैठक में जटिल मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर भी जोर दिया।

गौरतलब है कि भारत ने ब्राजील को जी-20 देशों की अध्यक्षता एक दिसंबर, 2023 को सौंपी। रियो डि जेनेरियो में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित की गई। बुधवार को उद्घाटन के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 देशों की भूमिका पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं पर बात की।